आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 171 | उज्जैन, सोमवार 06 जुलाई, 2026 | आषाढ़ कृष्ण 6 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### पीएम मोदी को ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले धमकी

**कैनबरा।** पीएम मोदी को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जान से मारने की धमकी मिली है। ऑस्ट्रेलिया की फेडरल पुलिस मोदी को दी गई धमकी की जांच कर रही है। द ऑस्ट्रेलिया टुडे की शनिवार की रिपोर्ट में दावा किया गया कि धमकी फेसबुक पर मेलबर्न मीट्स मोदी कार्यक्रम के प्रचार से जुड़ी एक पोस्ट के नीचे लिखी गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, पोस्ट के नीचे अबू मुस्तफा नाम के फेसबुक अकाउंट से लिखा गया, स्टेडियम की छत कार्यक्रम के दौरान बंद रहनी चाहिए, नहीं तो वह ऑस्ट्रेलिया अपनी मौत के लिए आएगा। धमकी सामने आते ही जानकारी ऑस्ट्रेलियन फेडरल पुलिस को दे दी गई थी। मोदी 8 जुलाई से 10 जुलाई तक ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे। 'मेलबर्न मीट्स मोदी' कार्यक्रम 9 जुलाई को मेलबर्न के मार्वल स्टेडियम में होना है।

### गद्दारी की भी सीमा होती है मुझे रोकना है तो मारना पड़ेगा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस में जारी बगावत के बीच ममता बनर्जी ने कहा कि पार्टी का चुनाव चिह्न कहीं नहीं जाएगा। अगर मुझे रोकना है तो मुझे मारना पड़ेगा। ममता ने बागी नेताओं को चुनौती देते हुए कहा, अगर हिम्मत है तो खुलकर बीजेपी में शामिल हो जाओ। तुम्हें क्या लगता है कि मैं खत्म हो गई हूं? मैं जनता के बीच पार्टी का चुनाव चिह्न लेकर जाऊंगी, मेरी आवाज कोई नहीं दबा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि बागी नेता अब खुलकर बीजेपी के लिए काम कर रहे हैं। ममता ने कहा, गद्दारी की भी एक सीमा होती है। ममता का यह बयान ऐसे समय आया है, जब पार्टी के 20 सांसद और 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं। शनिवार को टीएमसी की पश्चिम बंगाल अध्यक्ष चंद्रिमा भट्टाचार्य ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

### आर्मी ट्रक और एम्बुलेंस की टक्कर में तीन की मौत, गाड़ी के परखच्चे उड़े

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ में रविवार सुबह करीब 6 बजे नेशनल हाईवे-62 पर सेना के ट्रक और एक प्राइवेट एम्बुलेंस के बीच टक्कर हो गई। एम्बुलेंस में सवार 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। दुर्घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। कुछ समय के लिए जाम लग गया। हादसा सूरतगढ़ सदर थाना क्षेत्र में हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एम्बुलेंस के परखच्चे उड़ गए। घायलों को तुरंत सूरतगढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

### पंडवानी गायिका तीजन बाई पंचतत्व में विलीन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की लोक कला और पंडवानी गायन को वैश्विक पहचान दिलाने वाली पद्म विभूषण तीजन बाई का निधन हो गया। वे 70 साल की थीं। उन्होंने शनिवार रात 3.15 बजे रायपुर एम्स में अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ समय से बीमार थीं। भारतीय लोक कला में उनके असाधारण योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण और देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। रविवार सुबह 11 बजे तीजन बाई के शव को उनके पैतृक गांव गनियारी लाया गया, जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। तीजन बाई ने अपनी सशक्त आवाज, प्रभावशाली अभिनय और अनोखी प्रस्तुति शैली से पंडवानी को देश ही नहीं, बल्कि विदेशों तक में नई पहचान दिलाई। महाभारत की कथाओं को सुनाने की प्रेरणा उन्हें नाना से मिली थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीजन बाई के निधन पर शोक जताया और एक्स पर लिखा, तीजनबाई ने छत्तीसगढ़ की लोक कला को अपनी भव्य प्रस्तुति से दुनियाभर में पहचान दिलाई।

### कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को पांच करोड़ का मानहानि नोटिस

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की सरकार पर हमला बोलने की कोशिश अब उन्हीं पर भारी पड़ती नजर आ रही है। उज्जैन की कथित 500 करोड़ रुपए के कोठी भवन को लेकर मुख्यमंत्री के सांस्कृतिक सलाहकार और वीर भारत न्यास के सचिव श्रीराम तिवारी पर लगाए गए आरोपों के बाद पटवारी को 5 करोड़ रुपए का मानहानि नोटिस भेजा गया है। आरोप है कि पटवारी ने बिना तथ्य जांचे न्यास को निजी ट्रस्ट बताकर ऐसा बयान दिया, जिससे श्रीराम तिवारी की सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचा। वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश मेहता ने भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि पटवारी ने जनता के बीच भ्रम फैलाने के लिए वीर भारत न्यास को निजी संस्था की तरह पेश किया, जबकि यह मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा गठित सार्वजनिक न्यास है।

### नया कानून : एक करोड़ का नुकसान तो 3 करोड़ की वसूली : शुभेंद्रु

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सरकार ने राज्य में कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एक बेहद सख्त कदम उठाया है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने साफ कर दिया है कि अब सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों की खैर नहीं होगी। नए कानून के तहत उपद्रवियों से नुकसान की तीन गुना कीमत वसूली जाएगी। शनिवार शाम को भवानीपुर में नागरिक समाज और व्यापारिक समुदाय के सदस्यों के साथ हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने यह बड़ी चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विरोध प्रदर्शन का अधिकार सबको है, लेकिन इसकी आड़ में हिंसा या औद्योगिक इकाइयों को निशाना बनाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि कोई दोषी हर्जाना देने में विफल रहता है, तो उसकी निजी संपत्तियों को नीलाम करके यह राशि वसूल की जाएगी।

---

भिंड इंटरसिटी के स्लीपर कोच में रोती मिली नवजात

## रतलाम में मानवीयता शर्मसार, 4 दिनों में 3 नवजात लावारिस मिले

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

रतलाम में मानवीयता को शर्मसार करने वाली स्थिति पिछले 4 दिनों में सामने आई है। शनिवार को रतलाम जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन पर भिंड इंटरसिटी के स्लीपर कोच से नवजात शिशु रोता हुआ मिला है। इसके साथ ही पिछले 4 दिनों में जिले में नवजात शिशु के मिलने का यह तीसरा मामला सामने आया है। अधिकारिक स्तर पर सामने आ रहा है कि पिछले 15 दिनों में 4 नवजात शिशु मिले हैं। जिनमें से 3 गहन चिकित्सा इकाई रतलाम मेडिकल कॉलेज में उपचार रत हैं। दो तो ऐसे हैं जिन्हें मां से अलग करने के एक घंटे के दरमियान ही फेंक दिया गया।



**जिले में पिछले 15 दिनों में यह चौथा नवजात लावारिस स्थिति में मिला**

रतलाम जिले में नवजात बच्चों को लावारिस छोड़ने का एक बेहद खौफनाक और चिंताजनक सिलसिला सामने आया है। पिछले चार दिनों के भीतर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन नवजात शिशु मिले हैं, जिनमें से एक की मौत हो चुकी है। शनिवार शाम को जब स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर खड़ी भिंड-रतलाम इंटरसिटी एक्सप्रेस के एक स्लीपर कोच में लावारिस हालत में एक नवजात बालिका मिली। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर ट्रेन में मौजूद यात्रियों को इसकी जानकारी हुई, जिसके बाद तुरंत रेलवे पुलिस को सूचित किया गया। जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने नवजात को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे बाल चिकित्सालय के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है। फिलहाल इस बच्ची की हालत सामान्य है। जीआरपी थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सोहन पाटीदार ने बताया कि शनिवार शाम करीब 4.45 बजे सूचना मिली थी कि भिंड इंटरसिटी के एस-2 स्लीपर कोच में एक नवजात बच्ची पड़ी हुई है। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो बच्ची बुरी तरह रो रही थी। तत्काल महिला कांस्टेबल की मदद से उसे अस्पताल ले जाया गया।

### चार दिनों में 3 नवजात मिले, एक मृत

पिछले चार दिनो में तीन नवजात मिलने का मामला बुधवार से शुरू हुआ था जिसमें दीनदयाल नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मथुरी रोड स्थित रिंग रोड पर एक नाले के पाइप के अंदर एक और नवजात बच्ची लावारिस हालत में तड़पती हुई मिली थी। उसे समय रहते रेस्क्यू कर मेडिकल कॉलेज के एसएनसीयू में भर्ती कराया गया था, जहां उसका उपचार जारी है। गुरुवा को बिलपांक थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक ग्रामीण को लावारिस हालत में एक नवजात बच्ची मृत अवस्था में पड़ी मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। शनिवार शाम रतलाम रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर भिंड इंटरसिटी एक्सप्रेस के एस-2 कोच में जीवित नवजात बालिका मिली।

जांच में सामने आया है कि यह ट्रेन भिंड से चलकर सुबह करीब 10 बजे रतलाम पहुंचती है, जिसके बाद इसे यार्ड में खड़ा कर दिया जाता है। शाम 4 बजे ट्रेन को वापस प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर लाया जाता है, जहां से यह शाम 5.25 बजे भिंड के लिए रवाना होती है। पुलिस के अनुसार, स्लीपर कोच के गेट लॉक थे, इसलिए आशंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति दूसरे कोच के रास्ते एस-2 कोच के अंदर दाखिल हुआ और बच्ची को कपड़े में लपेटकर सीट पर छोड़कर फरार हो गया। जीआरपी पुलिस रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। इधर पिछले 15 दिनों में मिले लावारिस नवजातों के मामले में सहायक संचालक महिला बाल विकास विभाग भारती दांगी का कहना है कि इनमें से तीन न्यू बोर्न बेबी हैं। इन्हें मेडिकल कालेज के गहन चिकित्सा इकाई में उपचार दिया जा रहा है।

**इनमें से तीन न्यू बोर्न बेबी**

स्वस्थ स्थिति में इन्हें बाल विकास केंद्र के समक्ष पेश किया जाएगा उसके उपरांत चाईल्ड केयर सेंटर में रखा जाएगा। इनमें से हमारी पालना संस्था के बाहर ही एक नवजात को छोडा गया है। हमारा तो संदेश है फेंके नहीं हमें दें। प्रकृति प्रदत्त उपहार का सम्मान किया जाना चाहिए। एडीएम बृजेश रावत के अनुसार इस मुद्दे पर संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं चाईल्ड केयर लाईन से हमने चर्चा की है। पूरे मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। आकस्मिक रूप से बढ़े ऐसे मामले चिंतनीय हैं।

---

शिवपुरी में अडानी ग्रुप की डिफेंस फैक्ट्री का शिलान्यास

## गोला-बारूद, हाईटेक हथियार और मिसाइलें बनेंगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शिवपुरी

एमपी के शिवपुरी जिले के लिए रविवार 5 जुलाई का दिन एक ऐतिहासिक दिन रहा। शिवपुरी के कैलारस में भव्य कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, सीएम मोहन यादव व अडानी ग्रुप के निदेशक करण अडानी व जीत अडानी ने डिफेंस फैक्ट्री का शिलान्यास किया।

2500 करोड़ की लागत से अडानी ग्रुप ये डिफेंस फैक्ट्री लगाएगा। इस फैक्ट्री में गोला-बारूद, हाईटेक हथियार और मिशन-रेडी मिसाइलें बनेंगी। डिफेंस फैक्ट्री के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान अडानी ग्रुप के निदेशक जीत अडानी ने कहा कि डिफेंस फैक्ट्री से 10 हजार लोगों को नौकरियां मिलेंगी।



### राज्य के लिए गेमचेंजर साबित होगी डिफेंस फैक्ट्री

कोलारस के पाली गांव में नेशनल हाईवे-27 के किनारे अडानी ग्रुप 2500 करोड़ की लागत से डिफेंस फैक्ट्री लगाएगा। डिफेंस फैक्ट्री का शिलान्यास करने के बाद सीएम मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा- ये डिफेंस फैक्ट्री मध्यप्रदेश के लिए गेमचेंजर साबित होगी। इस डिफेंस फैक्ट्री से मध्यप्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र को तो बढ़ावा मिलेगा ही साथ ही डिफेंस क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश में अपनी बड़ी उपस्थिति दर्ज कराएगा। सीएम ने कहा कि इस डिफेंस फैक्ट्री के निर्माण से बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित होगा, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

### सेना की ताकत बढ़ाएंगे शिवपुरी में बने हथियार- सिंधिया

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा- आज का दिन शिवपुरी के इतिहास में नई इबारत लिख रहा है। यह सिर्फ एक डिफेंस फैक्ट्री का शिलान्यास नहीं, बल्कि जिले को औद्योगिक विकास, रक्षा उत्पादन और आत्मनिर्भर भारत के विजन से जोड़ने वाला ऐतिहासिक क्षण है। सिंधिया ने आगे कहा कि जब भी देश की रक्षा के लिए युद्ध होगा, तब शिवपुरी में बने हथियार और गोला-बारूद देश की सीमाओं तक पहुंचेंगे और भारतीय सेना की ताकत बढ़ाएंगे।

### 2030 तक करीब 1 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा

वहीं अडानी समूह के निदेशक जीत अडानी ने कहा- इस डिफेंस फैक्ट्री के साथ ही अडानी समूह ने मध्यप्रदेश में 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपये निवेश करने का ऐलान किया है। अलग-अलग क्षेत्रों में ये निवेश किया जाएगा और 2030 तक मध्यप्रदेश में अडानी समूह 1 लाख से भी ज्यादा लोगों को रोजगार देगा।

---

## आमिर खान की गौरी से शादी हुई

### मुकेश अंबानी और आशुतोष गोवारिकर पहुंचे



एजेंसी ▶▶ मुंबई

मशहूर कहावत है कि दूसरा मौका सिर्फ कहानियां देती हैं, जिंदगी नहीं, लेकिन बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान ने ये कहावत गलत साबित कर दी। दो नाकाम शादियों के बाद आमिर ने जिंदगी को नया मौका दिया और आज वो 61 की उम्र में गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट से शादी कर चुके हैं। दोनों ने आमिर के घर में रजिस्टर्ड मैरिज की, जिसमें परिवार के लोगों के अलावा चुनिंदा करीबी दोस्त शामिल हुए। मुकेश अंबानी, आशुतोष गोवारिकर के अलावा आमिर खान के कुछ और करीबी लोग भी शादी में मौजूद रहे। आमिर महज 20 साल के थे, जब उन्हें पड़ोस में रहने वालीं रीना से प्यार हो गया था तब वो फिल्मों में भी नहीं आए थे।

---

देश के कई राज्यों में सक्रिय हुआ मानसून

## कई प्रदेशों में भारी बारिश की चेतावनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने देश के कई हिस्सों में अत्यधिक बारिश को लेकर गंभीर चेतावनी जारी की है। दक्षिण-पश्चिम मानसून के तेजी से सक्रिय होने के कारण उत्तर, पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के बड़े हिस्से में व्यापक वर्षा का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 से 48 घंटों के दौरान होने वाली मूसलाधार बारिश से संवेदनशील इलाकों में जलभराव, अचानक बाढ़ (फ्लैश फ्लड), भूस्खलन और यातायात में व्यवधान जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। आईएमडी की रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और ओडिशा के कुछ अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश होने की प्रबल संभावना है। इसके अलावा दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर के राज्यों में भी भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान जताया गया है।

### राममंदिर चोरी- मोजे में नोट छिपाकर ले जाते थे आरोपी

**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले में आरोपी मोजों और जेब में नोट छिपाकर ले जाते थे। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने एक्सपर्ट की मदद से डिलीट किए गए सीसीटीवी फुटेज रिकवर कर लिए हैं। फुटेज में कुछ लोग मोजों और जेब में नोट छिपाकर ले जाते दिख रहे हैं। हालांकि, वीडियो अभी साफ नहीं है। इसलिए उनकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस फुटेज की क्वालिटी बेहतर कराने में जुटी है।

## भालू के 7 टुकड़े कर कुएं में फेंका, नाखून गायब

### वन विभाग ने शुरू की जांच, शिकारियों की तलाश तेज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

बालाघाट जिले के खैरलांजी वन परिक्षेत्र में वन्यजीव क्रूरता का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक नर वयस्क भालू का शिकार कर उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर कुएं में फेंक दिया गया। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई और वन विभाग ने इसे शिकार का मामला मानते हुए जांच तेज कर दी है।



वन परिक्षेत्र खैरलांजी के भंडारबोड़ी सर्किल अंतर्गत ग्राम पिपरटोला में एक नर वयस्क भालू का क्षत-विक्षत शव कुएं से बरामद होने से हडकंप मच गया। वन विभाग ने शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम कराया और अंतिम संस्कार कर दिया है। प्रारंभिक जांच में इसे शिकार का मामला माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार किसान जियालाल धुर्वे 4 जुलाई की सुबह अपने खेत गया था। खेत में बने कुएं में उसे कुछ संदिग्ध दिखाई दिया। पास जाकर देखने पर उसे किसी मृत जानवर के अवशेष नजर आए, जिसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही रेंजर डीसी वासनिक मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान पुष्टि हुई कि वह एक भालू का शव है। शिकारियों ने भालू बेरहमी से मारकर उसके करीब 6 से 7 टुकड़े कर कुएं में फेंका दिया था।

---

## 4 करोड़ की सड़क का लोकार्पण 1 दिन बाद ही बारिश में बह गई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सिवनी

प्रदेश के सिवनी में करोड़ों की लागत से बनी सड़क पहली ही बारिश में ही बह गई। केवलारी विकासखंड के मोहबर्रा-सारसडोल मार्ग पर बनी पुलिया और सड़क का हिस्सा धंसने से निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। खास बात ये है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एक जुलाई को धान महोत्सव के दौरान तीन करोड़ 93 लाख रुपये की लागत से बने इस मार्ग का लोकार्पण किया था लेकिन दो जुलाई की पहली बारिश में पुलिया और डामरीकृत सड़क का हिस्सा बह गया। इस घटना ने एक और गंभीर लापरवाही को उजागर कर दिया है। बता दें कि इस सड़क का काम पूरा नहीं हुआ है। सड़क पर तीन पुलिया का काम अधूरा पड़ा है। इसके बावजूद मुख्यमंत्री मोहन यादव से इस मार्ग का उद्‌घाटन करा दिया गया।

## पीओके में पाकिस्तानी फोर्स ने लोगों पर गोलियां चलाईं, कई घायल

एजेंसी ▶▶ जम्मू

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में रविवार को जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी के शांतिपूर्ण प्रदर्शन रैली पर पाकिस्तानी फोर्स ने गोलियां चला दीं। एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, जेएएसी ने दावा किया कि अब्बासपुर के सरदार गुलाम हुसैन खान स्पोर्ट्स स्टेडियम में करीब 40 हजार लोग जुटे थे। संगठन का आरोप है कि डुडियाल के एएमबी इलाके में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए। हालांकि, घायलों की आधिकारिक संख्या या पाकिस्तान प्रशासन की ओर से इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। जेएएसी का कहना है कि यह प्रदर्शन इस्लामाबाद सरकार के खिलाफ है। साथ ही, यह आंदोलन जेएएसी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी, प्रशासनिक विफलताओं और बुनियादी अधिकारों की मांग को लेकर चल रहा है।

---

कटनी में दिग्विजय सिंह के बयानों पर भाजपा का पलटवार

## प्रभारी मंत्री और सांसद ने आरोपों को निराधार बताया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ कटनी

कटनी दौरे पर पहुंचे प्रदेश के प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह और खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने शनिवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के हालिया बयानों पर पलटवार किया।

भाजपा नेताओं ने राम मंदिर, उज्जैन महाकाल मंदिर की जमीन और इंदौर के अस्पताल से जुड़े मुद्दों पर दिग्विजय सिंह द्वारा सरकार पर लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

दिग्विजय सिंह द्वारा इंदौर में छह साल पहले प्रस्तावित सरकारी अस्पताल के अब तक शुरू न होने पर उठाए गए सवाल का प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कई बार तकनीकी पेचीदगियों और कानूनी प्रक्रियाओं के कारण बड़ी सरकारी परियोजनाओं में समय लग जाता है। मंत्री ने साफ किया कि काम रुका नहीं है और राज्य सरकार जनहित की योजनाओं को जल्द पूरा करने के लिए लगातार काम कर रही है।



### राम मंदिर ट्रस्ट मामले में एसआईटी कर रही जांच

सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने राम मंदिर ट्रस्ट विवाद पर दिग्विजय सिंह के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि यदि ट्रस्ट से जुड़े किसी मामले में अनियमितता की शिकायत आई है, तो उस पर स्वयं संज्ञान लिया गया है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## समय पर उपस्थिति का प्रश्न...

पिछले लंबे समय से सरकारी कामकाज में समय पर उपस्थिति का प्रश्न गहराया हुआ है। सप्ताह के 6 दिन कार्य के दौरान भी यह प्रश्न गहराया हुआ था और अब जब की कोविड कार्यकाल के बाद 5 दिनी कार्य दिवस किया गया उसके बाद भी बराबर गहराया हुआ है। इस गहराते प्रश्न पर वैसे तो नैतिक स्थिति अधिक है। इसके साथ ही नियंत्रण का मुद्दा भी। पिछले आधे दशक से 5 दिनी कार्य व्यवस्था जारी है और कार्यों का संपादन भी। इस दौरान बराबर यह बात उभरकर सामने आ रही है कि 5 दिनी कार्य व्यवस्था में एक घंटे जल्दी यानिकी सुबह 10.30 से एक घंटे पहले एवं शाम को 5.30 से एक घंटे बाद तक कार्य अवधि रखी गई है। इसके बाद भी सुबह के समय मूल समय पर भी अधिकांश कार्यालयों में उपस्थिति की स्थिति नगण्य ही देखी जाती है




और यही स्थिति शाम को कार्यालय बंद होने के समय के दो घंटे पूर्व की हो जाती है। बीच में थंब मशीन से उपस्थिति दर्ज की गई और की जा रही है। इसके साथ ही कई प्रावधान किए गए, यहां तक कि एप से उपस्थिति दर्ज करने का प्रावधान कर दिया गया कि इससे संबंधित की लोकेशन ही स्पष्ट हो जाएगी। उसके बाद भी कतिपय कार्यालयों में सुधार की स्थिति नहीं के बराबर ही देखी जा रही है। इससे तो पूर्व में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के निरीक्षण का खौफ ही ज्यादा हुआ करता था जिसमें काफी उपस्थिति मिलती थी । समय के साथ निरीक्षणों का यह दौर बंद हो गया और आमजन को लंबा इंतजार करने पर मजबूरी ज्यादा हो गई है। कार्यालयों में यह हाल हैं कि आगंतुक को जाकर संबंधित को काल कर बुलाना पड़ता है उस पर भी संबंधित आधा से एक घंटे बाद पहुंचता है और उसके बाद भी काम पूर्ण करने की बजाय आगंतुक की कमी निकालकर उसे रवाना करना ज्यादा सरल समझा जाता है। हाईटेक तकनीकों के आने पर यह उम्मीद की जा रही थी कि जल्द ही इस प्रवृत्ति पर नियंत्रण होगा लेकिन ऐसा संभव अब तक तो पूरी तरह नहीं हो सका है। खुसूर-फुसूर है कि समय पर उपस्थिति का प्रश्न यथेष्ठ की स्थिति ग्रहण कर चुका है। ऑनलाइन कामकाज तो अभी बहुत दूर की बात है। वो दिन अभी दूर है जब आवेदक का आवेदन मिलते ही एक घंटे में आनलाईन देखा जा सकेगा। कार्य की पारदर्शिता की स्थिति जब तक नहीं होगी तब तक यही हाल बने रहेंगे। इस पर नियंत्रण करना टेढ़ी खीर है।

## न्यूज कॉलम

### यातायात के नियम तोड़ने वालों से अब निजी एजेंसी वसूलेगी जुर्माना

**उज्जैन।** शहर में यातायात नियम तोड़कर ई-चालान जमा नहीं कराने वाले वाहन चालकों की मुश्किलें अब बढ़ने वाली है। उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड (यूएससीएल) ने अब इसकी वसूली के लिए निजी एजेंसी को मैदान में उतारने का फैसला किया है। अगस्त से नई वसूली व्यवस्था शुरू हो सकती है। अब बकाया राशि नहीं चुकाने वालों के घर एजेंसी के कर्मचारी दस्तक देंगे और चालान जमा का आग्रह करेंगे। स्मार्ट सिटी के अधिकारी ने बताया कि जुर्माना वसूली को निजी हाथों में सौंपने के लिए टेंडर जारी किए जा चुके हैं। 15 दिन तक इच्छुक कंपनियां निविदा डाल सकती है। अगस्त तक नई प्रक्रिया शुरू करने का लक्ष्य रखा है। नए रिकवरी सिस्टम के तहत एजेंसी को हर वाहन मालिक से कम से कम तीन बार संपर्क करना अनिवार्य होगा। एजेंसी द्वारा वाहन चालकों को घर बैठे पेमेंट करने के लिए लिंक भेजा जाएगा, फोन कॉल, वाट्सएप और ई-मेल से भी सूचना दी जाएगी। हर कॉल और विजिट का डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाएगा। स्मार्ट सिटी के अधिकारी के मुताबिक यह कॉन्ट्रेक्ट शुरूआत में तीन साल के लिए होगा, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर एक-एक वर्ष के लिए दो बार बढ़ाया जा सकेगा। एजेंसी को 5 टेली कॉलर, 1 कॉल सेंटर सुपरवाइजर, 10 फील्ड एग्जीक्यूटिव, 1 फील्ड मैनेजर, 1 प्रोजेक्ट मैनेजर और 1 आईटी-सीआरएम एडमिनिस्ट्रेटर की टीम लगानी होगी। एजेंसी को दादागिरी का हक नहीं स्मार्ट सिटी ने साफ कर दिया है कि निजी एजेंसी को किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई, जब्ती या दबाव बनाने का अधिकार नहीं होगा।

## ट्रेंडिंग




अमृत हरित महाअभियान के तहत 10 लाख से अधिक पौधों का रोपण होगा

# नगर निगम निर्माण पूर्ण हुए घाटों पर छांव के लिए लगाएगा पौधे

## घाट की एप्रोच रोड को भी हरित किया जाने पर योजना की तैयारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम ने सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण सिंहस्थ क्षेत्र को हरित बनाया जाने की तैयारी कर ली है। इसके तहत क्षिप्रा किनारे के निमार्णाधीन 29.2 किलोमीटर में से निर्माण पूर्ण हो घाटों के आसपास पौधारोपण किया जाएगा। इसके साथ ही घाटों के एप्रोच रोड पर भी छाया के लिए पौधारोपण किए जाने की योजना की तैयारी की जा रही है।

अमृत हरित महाअभियान के तहत 10 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 3 लाख से अधिक गड्ढों की खुदाई की जा चुकी है तथा बड़े पैमाने पर पौधारोपण की तैयारियां की जा रही है।



### आयुक्त की निगाह में काम

आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार इस अभियान को नगर निगम में अपर आयुक्त योगेन्द्र पटेल अंजाम देने में लगे हैं। रविवार को श्री पटेल ने पौधारोपण की कार्ययोजना, गड्ढा खुदाई और चिन्हित स्थलों की तैयारियों की उद्यान विभाग की तैयारी की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान को जनभागीदारी के साथ सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं।

### पौधारोपण के लिए इन स्थानों का चयन

बैठक में अपर आयुक्त पटेल ने बताया कि सिंहस्थ महापर्व-2028 को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण सिंहस्थ क्षेत्र को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। विक्रम विश्वविद्यालय परिसर, एमआर-5 ट्रांसफर स्टेशन, मेघदूत पार्किंग के पीछे का क्षेत्र, चकोर पार्क, शक्तिपथ रोड, शहर के 400 से अधिक उद्यान, प्रमुख सड़कें, सड़क किनारे की भूमि, शासकीय एवं संस्थागत परिसरों, सभी जलाशयों के किनारे, पॉलिटेक्निक कॉलेज, कपिला गौशाला, काल भैरव मंदिर, गोंदिया ट्रेनिंग ग्राउंड तथा सभी जोनों के प्रमुख स्थानों सहित अनेक स्थलों का चयन किया गया है।

### घाट एवं चौड़ीकरण क्षेत्र में

बकौल पटेल मार्ग चौड़ीकरण वाले क्षेत्रों विशेषकर सिंहस्थ क्षेत्र की प्रमुख सड़कों तथा निर्माणाधीन 29 किलोमीटर घाटों के निर्माण पूर्ण होने वाले क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा। इसके साथ ही घाटों के एप्रोच रोड पर भी जहां लाईनिंग एवं मार्किंग पूर्ण हो चुकी है वहां भी पौधारोपण किया जाएगा। सिंहस्थ क्षेत्र की लगभग 114 किलोमीटर लंबी सड़कों के दोनों ओर 84 हजार से अधिक छायादार एवं 8 से 10 फीट ऊंचाई वाले पौधे लगाए जाएंगे, ताकि सिंहस्थ-2028 तक क्षेत्र पूर्ण रूप से हरित और छायादार बन सके।

### पौधों की जियो टैगिंग भी होगी

पटेल ने निर्देश दिए कि प्रत्येक पौधे की जियो-टैगिंग सुनिश्चित की जाए। अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। अभियान में नगर निगम के साथ शासकीय विभाग, सामाजिक संस्थाएं, पर्यावरण प्रेमी, वृक्ष मित्र एवं आम नागरिक अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी का निर्वहन कर सकें।

### इधर घाट निर्माण में उजडे बांस

वन विभाग ने कुछ वर्षों पूर्व भैरवगढ़ क्षेत्र में करीब 10 हेक्टेयर क्षेत्र में 8 वर्ष पूर्व बांस लगाए थे। इसका क्षेत्र क्षिप्रा नदी पर बने बड़े ब्रिज के दाहिनी और था। घाट निर्माण के दौरान यहां करीब एक हेक्टेयर से अधिक का बांस पूरी तरह से घाट निर्माण में लगी मशीनों एवं ब्रिज निर्माण में नष्ट हो गया है। इसे लेकर वन विभाग की और से अब तक कोई संज्ञान भी नहीं लिया गया है। न ही घाट निर्माण के ठेकेदार एवं ब्रिज निर्माण के ठेकेदार को इस नुकसान के लिए आपत्ति दर्ज करवाना भी वाजिब नहीं समझा गया है। लाखों रूपए के इस नुकसान को लेकर विभागीय लापरवाही और ठेकेदार को लाभ पहुंचाने की नजरअंदाजी ही इसे माना जा रहा है।

ओखलेश्वर श्मशान घाट मार्ग पर निगम की कार्रवाई

# जर्जर गिराऊ भवन को हटाया

## बारिश के मौसम में जन-धन की सुरक्षा को लेकर नगर निगम सतर्क, खतरनाक भवनों को चिन्हित कर हटाने के निगम आयुक्त ने दिए निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रविवार को नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 2, जोन क्रमांक 1 स्थित ओखलेश्वर श्मशान घाट मार्ग पर एक जर्जर एवं अत्यंत खतरनाक स्थिति में पहुंचे गिराऊ भवन को हटाने की कार्रवाई की गई। यह भवन सर्वे क्रमांक 379 के भाग में स्थित रामप्रसाद पिता मदनलाल चौहान के स्वामित्व में था

नगर निगम द्वारा भवन स्वामी को पूर्व में नोटिस जारी कर स्वयं भवन हटाने के निर्देश दिए गए थे। निर्धारित समयावधि में कार्रवाई नहीं किए जाने पर निगम ने स्वयं पोकलेन मशीन से कार्रवाई करते हुए भवन को सुरक्षित तरीके से ध्वस्त कराया

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार जोनल अधिकारी श्यामसुंदर शर्मा एवं भवन निरीक्षक शिवम गुप्ता की उपस्थिति में यह कार्रवाई संपन्न की गई। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा गया, ताकि आसपास के नागरिकों एवं राहगीरों को किसी प्रकार की असुविधा या खतरा न हो।



नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सभी जोनल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित सभी जर्जर एवं गिराऊ भवनों का सर्वे कर उन्हें तत्काल चिन्हित करें तथा आवश्यकतानुसार नोटिस जारी कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। विशेष रूप से प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों एवं आवागमन वाले क्षेत्रों में स्थित खतरनाक भवनों को प्राथमिकता के आधार पर हटाया जाए, जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि या दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके।

## संघ कार्यकर्ताओं ने विवेकानंद कॉलोनी में रोपे एलोवेरा के पौधे




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा द्वारा रविवार को विवेकानंद कॉलोनी में औषधीय पौधों का रोपण किया गया। पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से स्वयंसेवकों ने क्षेत्र में एलोवेरा के 25 से 30 पौधे रोपे।

समाजसेवी मिलिंद पन्हालकर ने बताया कि हरियाली को बढ़ावा देने के लिए इस अवसर पर प्रकृति प्रेमियों के लिए निःशुल्क पौधों की व्यवस्था भी की गई है। क्षेत्र के नवनीत मालकर के माध्यम से विवेकानंद कॉलोनी से जामुन के पौधे निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। पौधरोपण कार्यक्रम में संघ के स्वयंसेवकों और क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान मुख्य रूप से कवलजीत ठकराल, मिलिंद पन्हाल्कर, राजेंद्र रघुवंशी, आर.एल. वर्मा, भूषण अग्रवाल, दत्तात्रय आप्टे, धीरज चौधरी, श्रीपाद भाटवडेकर, नवनीत मालकर, रामगोपाल भार्गव, नारायण सिंह शक्तावत, नरेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा और प्रेमनारायण उदेनिया उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में परमार व पुत्र का साफा बांधकर सम्मान किया



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन/तराना

रविवार को तराना में श्री गुजराती रामी माली समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम नारायण परमार छोटू सर तराना के जन्मदिवस और सेवानिवृत्ति के कार्यक्रम में परमार का व पुत्र आशीष परमार का साफा बांधकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर हर हर महादेव भक्त मंडल, श्री रामदास हनुमान भक्त मंडल कंगालपुरा मालीपुरा उज्जैन द्वारा का सम्मान किया गया और सभी माली समाज के सभी अध्यक्ष को श्रीफल व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

आधे प्रदेश हिस्से में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी

# प्रदेश में जमकर बरस रहा मानसून



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रविवार शाम को उज्जैन सहित आसपास के शहरों में जोरदार बारिश हुई। मौसम विभाग ने प्रदेश के आधे हिस्से में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग में सबसे ज्यादा असर रहने की संभावना है। रतलाम, धार, बड़वानी, शाजापुर, बैतूल, पांढुर्णा, मंडला, बालाघाट और डिंडौरी में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

गमले टूटे, उखड़े पौधे और क्षतिग्रस्त पत्थरों ने फीकी की प्रमुख मार्गों की खूबसूरती

# सड़कों के डिवाइडरों की उजड़ रही सुंदरता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्मार्ट सिटी योजना के तहत शहर की सड़कों, चौराहों और सार्वजनिक स्थलों को आकर्षक बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं। मुख्य मार्गों पर डिवाइडरों को रंग-रोगन कर उन पर सजावटी गमले और पौधे लगाए गए थे, लेकिन नियमित रखरखाव के अभाव में इनकी सुंदरता धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है।

फ्रीगंज तीन बत्ती चौराहे के समीप स्थित माधव क्लब रोड इसका प्रमुख उदाहरण है। इस मार्ग के डिवाइडरों पर पीले और काले रंग की पेंटिंग की गई थी तथा उनके ऊपर सजावटी गमले रखे गए थे, जिससे सड़क का स्वरूप आकर्षक दिखाई देता था। वर्तमान में इन डिवाइडरों पर रखे कई गमले टूट-फूट का शिकार हो चुके हैं। गमले टूटने से उनमें लगे पौधों की जड़ें और मिट्टी बाहर निकलकर डिवाइडर पर बिखर गई हैं। इसके बावजूद क्षतिग्रस्त गमलों को हटाकर नए गमले लगाने या मरम्मत करने की दिशा में कोई कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। जिस मार्ग की सुंदरता प्रभावित हो रही है।

## माधव क्लब रोड, देवास रोड और नानाखेड़ा चौराहे पर रखरखाव के अभाव में बदहाल हुए डिवाइडर, पौधे भी हो रहे नष्ट



### डिवाइडरों की स्थिति भी चिंताजनक

देवास रोड और नानाखेड़ा सिग्नल चौराहे के डिवाइडरों की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। नानाखेड़ा चौराहे को आकर्षक बनाने के लिए डिवाइडरों पर नक्काशीदार लाल पत्थर लगाए गए थे, लेकिन समय के साथ इनमें से कई पत्थर टूट चुके हैं। इससे चौराहे की सुंदरता प्रभावित होने के साथ-साथ रखरखाव पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। शहरवासियों का कहना है कि स्मार्ट सिटी के तहत विकसित किए गए इन सौंदर्यीकरण कार्यों का नियमित रखरखाव नहीं हो रहा है।

## जिले में चार वर्षा मापी केंद्रों की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बारिश के दिनों में कितनी वर्षा हुई, इसका सही मापन करने की जरूरत बताते हुए शहर में अतिरिक्त वषार्मापी केंद्र स्थापित करने की मांग इंजी प्रफुल्ल कुमार शुक्ला ने की है। उन्होंने कहा कि पुराने तरीके के अनुसार आज भी पूरे शहर के बारिश के आंकड़े केवल जंतर-मंतर स्थित एक ही केंद्र पर एकत्र किए जा रहे हैं। शहर का विस्तार लगातार बढ़ रहा है। शुक्ला ने बताया यह केंद्र शिप्रा नदी के तट पर है। आसपास बड़े, घने पेड़ हैं। वहां तुलनात्मक रूप से अधिक बारिश की संभावना रहती है। ऐसे में एक ही स्थान के आधार पर पूरे उज्जैन के लिए आंकड़े तय करना वास्तविक स्थिति को पूरी तरह नहीं दिखाता। शुक्ला ने मांग की कि शहर के चारों ओर चार मापन केंद्र बनाए जाएं। अलग-अलग क्षेत्रों से आंकड़े जुटें, जिससे बारिश का सटीक आकलन हो और भरोसेमंद रिकॉर्ड तैयार हो सके।

द्वितीय पुण्यतिथि



श्रीमती ममता सक्सेना
के द्वितीय पुण्यस्मरण पर
श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत

अनिल सक्सेना (पति), बेटा सतीश, विधान और वैदिक, बेटी मयूरी, दीपेश और खुशी, अंश, शिवाय एवं समस्त सक्सेना परिवार, उज्जैन

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसा : परिवार मिलेगा को 1.41 करोड़ रुपये मुआवजा

**उज्जैन।** करीब तीन साल पहले चामुंडा माता चौराहे पर हुए सड़क हादसे में जान गंवाने वाली बीएसएनएल की अकाउंट ऑफिसर शालिनी शर्मा के परिवार को मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने 1 करोड़ 41 लाख 66 हजार 376 रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। इस राशि पर 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी मिलेगा। ब्याज जोड़ने पर कुल भुगतान लगभग 1.71 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। यह हादसा 18 अगस्त 2023 को हुआ था। बीएसएनएल उज्जैन में अकाउंट ऑफिसर के पद पर पदस्थ शालिनी शर्मा ड्यूटी समाप्त कर अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान चामुंडा माता चौराहे पर यादव ट्रेवल्स की बस (MP 13 P 5887) ने उनकी दोपहिया वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

### जागरूकता की नई पहल, युवाओं ने लिया समाज बदलने का संकल्प

**उज्जैन।** शहर के बेगमबाग इलाके में नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पयाम-ए-इंसानियत फोरम और बेगमबाग नौजवान कमेटी के 35 से 40 युवा हर शुक्रवार और रविवार को सड़कों पर उतरकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। नुक्कड़ सभाओं, काउंसलिंग, निःशुल्क दवाइयों और जरूरतमंद परिवारों की आर्थिक सहायता के माध्यम से संस्था का लक्ष्य उज्जैन को नशामुक्त बनाना है। बेगमबाग की गलियों में इन दिनों ₹नशा छोड़ो, जिंदगी जोड़ो₹ का संदेश गूंज रहा है। संस्था को मोबाइल के माध्यम से नशा करने वाले लोगों की सूचना मिलती है, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंचकर उनकी काउंसलिंग करती है। नुक्कड़ सभाओं में युवाओं को शराब, गुटखा, तंबाकू और सिगरेट जैसी लत के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। साथ ही मेडिकल जांच और निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। जो लोग नशा छोड़ने का संकल्प लेते हैं, उनके परिवारों को संस्था की ओर से आर्थिक सहयोग भी दिया जाता है।

### राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का सफल आयोजन

**इंदौर।** प्रदेश में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का सफल संचालन 28 से 30 जून तक किया गया। अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 1 करोड़ 6 लाख 51 हजार 737 बच्चों को पोलियो वैक्सीन की खुराक पिलाई गई। अभियान के सफल संचालन में प्रदेश के समस्त जिलों द्वारा उत्कृष्ट समन्वय, प्रभावी सूक्ष्म योजना, सुदृढ़ मॉनिटरिंग एवं व्यापक जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से उल्लेखनीय योगदान दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक पात्र बच्चे तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए बूथ स्तर से लेकर घर-घर भ्रमण तक व्यापक व्यवस्थाएं की गईं।

### मेट्रो में नहीं होगी घुटन, हाईटेक सिस्टम देगा हवा



**इंदौर।** इंदौर में मेट्रो के भूमिगत हिस्से में यात्रियों की सुरक्षा और आराम को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक वेंटिलेशन सिस्टम लगाया जाएगा। यह सिस्टम स्टेशन और सुरंगों में लगातार ताजी हवा पहुंचाने, तापमान व आर्द्रता को नियंत्रित रखने के साथसाथ आग जैसी आपात स्थिति में जहरीले धुएं को तेजी से बाहर निकालने का काम करेगा। मेट्रो के भूमिगत स्टेशनों पर पर्यावरण नियंत्रण प्रणाली (ईसीएस) लगाई जाएगी, जो प्लेटफॉर्म, कॉन्कोर्स और अन्य क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता बनाए रखेगी। वहीं सुरंगों में टनल वेंटिलेशन सिस्टम (टीवीएस) स्थापित होगा, जो सामान्य संचालन के दौरान हवा के प्रवाह को संतुलित रखेगा और जरूरत पड़ने पर धुएं को सुरक्षित दिशा में बाहर निकालेगा। मेट्रो ट्रेन के सुरंग से गुजरने पर वह पिस्टन की तरह काम करेगी। इससे आगे की हवा आगे बढ़ेगी और पीछे से ताजी हवा का प्रवाह होगा। इस प्राकृतिक प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने के लिए बड़े जेट और एक्सियल फैन लगाए जाएंगे जो हवा के दबाव और प्रवाह को नियंत्रित करेंगे।

### 50 हजार लोगों को मिलेगी स्वास्थ्य एवं उच्च शिक्षा की बेहतर सुविधा

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने शनिवार को सांवेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कम्पेल-पिवडाय में लगभग 27 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं शासकीय कम्पेल कॉलेज भवन के प्रस्तावित निर्माण स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने दोनों परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क तथा किसानों के हित से जुड़े विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है।

### 06 जुलाई को इंदौर में लगेगा एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला

**इंदौर।** युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार, इनोवेशन एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा 6 जुलाई 2026 (सोमवार) को एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला जिला रोजगार कार्यालय (जिला उद्योग केन्द्र परिसर), पोलोग्राउंड इंदौर में प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। मेले में युवाओं को रोजगार के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु ऋण प्रक्रिया एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। उप संचालक रोजगार श्री पी. एस. मंडलोई ने बताया कि मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियाँ भाग लेंगी, जिनमें जे.जे. इंडस्ट्रीज, उत्कर्ष स्माल फाइनेस बैंक, आईटीएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, कटारिया ग्रुप सहित अन्य संस्थान शामिल रहेंगे।

इंदौर में कागजों पर चल रहा 100 बिस्तरों का अस्पताल

# 87 पदों पर कर्मचारी, ट्रांसफर भी हो रहे लेकिन मरीज एक भी भर्ती नहीं

**सबसे नया पोस्टिंग ऑर्डर 15 जून, 2026 को जारी किया गया था, एक लैब टेक्नीशियन को ऑफिशियली हॉस्पिटल में ट्रांसफर किया।**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मध्य प्रदेश का इंदौर शहर आए दिन चचाओं में रहता है। ताजा मामला ऐसे ही गड़गड़झाले का है। असल में यहां एक ऐसा अस्पताल चल रहा है जिसका कोई वजूद ही नहीं है। केवल कागजों पर चल रहे इस अस्पताल में बकायदा डॉक्टर, नर्स, लैब टेक्नीशियन और फार्मासिस्ट काम करते हैं। यहां तबादले भी होते हैं, बस दिखाई देते तो मरीज और अस्पताल का भवन।

इंदौर में यह गड़बड़ी खजराना सिविल अस्पताल के नाम पर हो रही है, जिसे 6 साल पहले स्वीकृति मिली थी। यहां भवन ना होने के बावजूद 87 सरकारी पद स्वीकृत हुए, नियुक्तियां हुई और अब उनके नाम पर तबादले भी होते रहते हैं। सबसे नया पोस्टिंग ऑर्डर 15 जून, 2026 को जारी किया गया था। एक लैब टेक्नीशियन को ऑफिशियली उस हॉस्पिटल में ट्रांसफर कर दिया गया, जिसने कभी एक भी मरीज को भर्ती नहीं किया।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2020 में जब मध्य प्रदेश सरकार ने खजराना के लिए 100 बेड का सिविल हॉस्पिटल मंजूर किया तो खजराना, मूसाखेड़ी, तेजाजी नगर, बिचौली हप्सी और आस-पास के इलाकों में तीन लाख से ज्यादा लोगों को सेवा मिलने की उम्मीद थी। सरकार ने स्पेशलिस्ट डॉक्टर, मेडिकल ऑफिसर, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन और सपोर्ट स्टाफ समेत 87 पोस्ट मंजूर कीं। लेकिन छह साल बाद भी निर्माण शुरू नहीं हुआ है क्योंकि जमीन अलॉट नहीं हुई है।हॉस्पिटल की बिल्डिंग पूरी तरह न होने के बावजूद मंजूर की गई जगह सरकारी पोर्टल पर मौजूद है।

### इधर, कांग्रेस का कहना है यह घोटाला है

कांग्रेस ने इसे प्रशासनिक नाकामी का मामला बताया है। कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने हाई-लेवल जांच की मांग की। आरोप लगाया कि यह एक बड़ा घोटाला है। उन्होंने कहा, ₹जहां हॉस्पिटल जमीन पर है ही नहीं, फिर भी स्टाफ को वहां पोस्ट किया जा रहा है। विधानसभा में कांग्रेस इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाएगी।

### कर्मचारियों को इंदौर में दूसरी खाली पोस्ट पर एडजस्ट कर दिया गया

शुक्ला ने कहा, मंजूर पोस्ट डिपार्टमेंट के पोर्टल पर दिख रही हैं। सीएमएचओ पैरामेडिकल स्टाफ को पास के संजीवनी क्लीनिक से अटैच कर सकते हैं। हम 50-बेड वाले हॉस्पिटल के लिए जमीन की तलाश में लगे हुए हैं, और बताया कि कर्मचारियों को इंदौर में दूसरी खाली पोस्ट पर एडजस्ट कर दिया गया है।

कैट के चीफ मेडिकल एंड हेल्थ ऑफिसर डॉ. माधव हसानी ने भी कन्फर्म किया कि हॉस्पिटल के साथ पोस्ट भी मंजूर की गई थीं। उन्होंने कहा कि डिपार्टमेंट समय पर सही सरकारी जमीन पर कब्जा नहीं कर सका, और शहरी इलाकों में जमीन का अधिग्रहण मुश्किल और समय लेने वाला काम है।

### अधिकारी कहते हैं स्टाफ को अटैच किया गया

अधिकारियों का कहना है कि मंजूर किए गए स्टाफ को पीएस सेठी हॉस्पिटल, हुकुमचंद हॉस्पिटल, संजीवनी क्लीनिक और इंदौर की दूसरी सरकारी हेल्थ सुविधाओं से अटैच कर दिया गया है। कागजों पर, उनमें से कई खजराना सिविल हॉस्पिटल से जुड़े हुए हैं। असल में, हॉस्पिटल का कोई पता नहीं है, कोई वार्ड नहीं है, कोई बेड नहीं है और कोई मरीज नहीं है।

### स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बताई वजह

उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने एनडीटीवी से बातचीत में कहा कि ओरिजिनल प्रपोजल समय के साथ बदल गया था। उनके मुताबिक, जो पहले एक अर्बन प्राइमरी हेल्थ सेंटर था, उसे बाद में 50-बेड वाले सिविल हॉस्पिटल में अपग्रेड किया गया था, लेकिन सही जमीन न मिलने की वजह से कंस्ट्रक्शन शुरू नहीं हो सका।

# इंदौर भाजयुमो की कुर्सी पर सियासी संग्राम!

**किसके सिर सजेगा जेन-जी का ताज? सोशल मीडिया और संगठन, दोनों की होगी परीक्षा**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

भारतीय जनता युवा मोर्चा इंदौर के नए नगर अध्यक्ष की नियुक्ति अब केवल एक संगठनात्मक फैसला नहीं रह गई है, बल्कि इसे भाजपा की आगामी राजनीतिक रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है। पार्टी के भीतर इस पद को लेकर लगातार बैठकों और चचाओं का दौर जारी है। राजनीतिक गलियारों में कई युवा चेहरों के नाम चर्चा में हैं, लेकिन अंतिम फैसला अभी प्रदेश नेतृत्व के पाले में है।

संगठन से जुड़े सूत्रों के अनुसार अक्षांशु तिवारी, मयूरेश पिंगले, धीरज ठाकुर, अमित पालीवाल और अक्षत चौधरी के नाम प्रमुख रूप से चर्चा में हैं। वहीं राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि भाजपा अपनी परंपरा के अनुरूप अंतिम समय में किसी नए या अपेक्षाकृत कम चर्चित चेहरे पर भी दांव लगा सकती है।

### वरिष्ठ नेताओं की प्रतिष्ठा भी दांव पर?

भाजपा के अंदरूनी राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी है कि अलग-अलग वरिष्ठ नेताओं की पसंद अलग-अलग बताई जा रही है। हालांकि पार्टी की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन राजनीतिक हलकों में यह नियुक्ति वरिष्ठ नेताओं के प्रभाव और संगठनात्मक संतुलन की कसौटी के रूप में भी देखी जा रही है। इसलिए इस फैसले पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

### जेन-जी पर भाजपा की नजर

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है की 2028 के विधानसभा चुनाव और उससे पहले होने वाले नगरीय निकाय चुनावों को देखते हुए भाजपा युवाओं के बीच अपनी पकड़ और मजबूत करना चाहती है। पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं और सोशल मीडिया पर सक्रिय जेन-जी अब चुनावी राजनीति का बड़ा वर्ग बन चुके हैं। ऐसे में युवा मोर्चा का नगर अध्यक्ष पार्टी के लिए सिर्फ संगठन का पदाधिकारी नहीं, बल्कि युवाओं का चेहरा भी होगा।

### क्या होगा बड़ा सरप्राइज?

भाजपा अपने संगठनात्मक फैसलों में कई बार अंतिम समय में चौंकाने वाले निर्णय ले चुकी है। यही कारण है कि चर्चित नामों के बावजूद कार्यकताओं के बीच यह सवाल लगातार गूंज रहा है कि क्या अध्यक्ष की जिम्मेदारी अक्षांशु तिवारी, मयूरेश पिंगले, धीरज ठाकुर, अमित पालीवाल या अक्षत चौधरी में से किसी एक को मिलेगी, या फिर प्रदेश नेतृत्व किसी नए चेहरे पर भरोसा जताकर सबको चौंका देगा? फिलहाल पूरे इंदौर भाजपा संगठन की निगाहें प्रदेश नेतृत्व के अंतिम फैसले पर टिकी हैं। यह नियुक्ति केवल युवा मोर्चा का नया अध्यक्ष तय नहीं करेगी, बल्कि आने वाले वर्षों में भाजपा के युवा नेतृत्व की दिशा और चुनावी रणनीति का संकेत भी मानी जाएगी। आज की राजनीति केवल धरातल तक सीमित नहीं है। सोशल मीडिया, डिजिटल कैंपेन, कॉलेज कैंपस, युवा सम्मेलन और बूथ स्तर तक कार्यकताओं को सक्रिय रखना युवा मोर्चा की सबसे बड़ी जिम्मेदारी बन चुकी है। ऐसे में भाजपा ऐसे चेहरे की तलाश में होगी जो संगठन और डिजिटल दोनों मोर्चों पर प्रभावी नेतृत्व दे सके।

## राजीव गांधी नगर की बदहाल सड़कें बनीं हादसों की वजह

**गहरे गड्ढों से रोज जान जोखिम में**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

भंवरकुआं थाना क्षेत्र के राजीव गांधी नगर चौराहे के आसपास सड़क की बदहाल स्थिति लोगों के लिए लगातार मुसीबत बनती जा रही है। सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढों और उखड़ी हुई डामर की परत के कारण वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को हर दिन जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में इन गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है, जिससे दोपहिया वाहन चालक अचानक संतुलन खोकर गिर रहे हैं और कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं।


स्थानीय रहवासियों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। कई बार नगर निगम के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को शिकायतें की गईं, लेकिन अब तक सड़क की मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों का आरोप है कि निगम की लापरवाही के कारण क्षेत्र में दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। आसपास कॉलोनियां, दुकानें और अन्य संस्थान होने के कारण दिनभर वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में सड़क की जर्जर हालत कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। लोगों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि बरसात के दौरान केवल अस्थायी पैचवर्क करने के बजाय सड़क का स्थायी और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

इंदौर में अगामी सप्ताह में झमाझम वर्षा का दौर जारी रहने की संभावना जताई

# महज चार दिन में जुलाई माह का 60 फीसदी बरसा पानी

**अगले सप्ताह में इंदौर में जुलाई की औसत वर्षा का कोटा भी पूरा होने की संभावना है**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर शहर पिछले चार दिनों से वर्षा से तरबतर हुआ है। पिछले चार दिनों में शहर में जुलाई माह की औसत वर्षा की 60 फीसद पानी बरस चुका है। इंदौर में अगामी सप्ताह में झमाझम वर्षा का दौर जारी रहने की संभावना जताई गई है। ऐसे में अगले सप्ताह में इंदौर में जुलाई की औसत वर्षा का कोटा भी पूरा होने की संभावना है।

गौरतलब है कि जुलाई में इंदौर शहर में औसत 284.9 मिमी औसत वर्षा होती है। पिछले चार दिनों में इंदौर एयरपोर्ट स्थित मौसम केंद्र पर 171.3 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। इस मानसून सीजन में जून व जुलाई माह में अब तक 283.5 मिमी वर्षा हो चुकी है, जो अब तक की औसत वर्षा से 90 फीसद ज्यादा है। मौसम विभाग द्वारा रविवार को इंदौर में भारी वर्षा की संभावना जताई गई है।

### दोपहर तक हुई वर्षा, उमस ने किया परेशान

शनिवार को एयरपोर्ट के मुकाबले रीगल क्षेत्र में ज्यादा वर्षा हुई। सुबह 7 बजे से शहर में रिमझिम व तेज वर्षा का दौर जारी रहा। दोपहर 1 बजे वर्षा का दौर थमा और बादल छाए रहे। एयरपोर्ट स्थित वेदर स्टेशन शनिवार शाम 5.30 बजे तक 9.6 मिमी वर्षा दर्ज हुई।

वहीं रीगल क्षेत्र में 19.25 मिमी वर्षा दर्ज हुई। दोपहर बाद उमस ने शहरवासियों को परेशान किया। शनिवार को दिन भर बादलों की ओट में सूरज छिपा रहा। इस वजह से दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिली। अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से सात डिग्री सेल्सियस कम रहा है। वही न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम रहा।

पिछले चार दिनों से शहर में हो रही वर्षा से तालाबों का जल स्तर बढ़ा है। वही जिस इलाकों में पक्की सड़क नहीं है। वहां के रहवासी कीचड़ में चलने पर मजबूर है। चंदन नगर थाने से स्कीम नंबर 71 जाने वाले रास्ते पर कीचड़ और जल जमाव के कारण रहवासी परेशान हो रहे है। देवास नाका औद्योगिक क्षेत्र में पक्की सड़के न होने के कारण यहां जल जमाव के कारण कीचड़ में ट्रक व लोडिंग वाहन फंस रहे है। दवा बाजार से छावनी जाने वाली रोड पर अभी सड़क निर्माण कार्य जारी है। वर्षा के दौरान यहां पर जल जमाव की स्थितियां दिख रही है।

## सड़क पर लेटे कुत्ते के ऊपर से गुजरी निगम की गाड़ी?

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर से एक ऐसा वीडियो सामने आया है जिसने लोगों को झकझोर कर रख दिया है।

मामला वार्ड-72 के पार्श्वनाथ-अलंकार पैलेस रोड का बताया जा रहा है, जहां उउळश फुटेज में एक नगर निगम की गाड़ी सड़क पर लेटे एक कुत्ते के ऊपर से गुजरती हुई दिखाई दे रही है। वीडियो में दावा किया जा रहा है कि गाड़ी गुजरने के बाद कुत्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और वाहन की ओर दौड़ते हुए दिखाई दिए।

इस वीडियो के वायरल होने के बाद लोगों में भारी आक्रोश है। सोशल मीडिया पर जिम्मेदार चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है और इसे बेजुबान जानवरों के प्रति क्रूरता बताया जा रहा है। हालांकि, इस घटना की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है और नगर निगम की ओर से भी कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। अब बड़ा सवाल यही है अगर जांच में यह लापरवाही साबित होती है, तो क्या जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई होगी?

हाईटेक इलेक्ट्रिक बसों का ट्रायल शुरू, पूरी तरह कैशलेस होगी यात्रा

# इंदौर में आई-14 रूट पर दौड़ीं हाईटेक एसी इलेक्ट्रिक बस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शहर में सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में शनिवार से बड़ा कदम उठाया गया। केंद्र सरकार की पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत इंदौर में आई-14 रूट पर 10 अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बसों का तकनीकी एवं व्यावसायिक ट्रायल शुरू कर दिया गया। यह रूट राऊ रंगवासा से रणजीत हनुमान, राजवाड़ा, बंगाली स्क्वायर होते हुए कनाड़िया बायपास तक संचालित होगा। ट्रायल सफल होने के बाद चरणबद्ध तरीके से शहर में कुल 150 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा।

योजना के तहत इंदौर को 9 मीटर लंबाई वाली 150 पूर्णतः वातानुकूलित हाईटेक इलेक्ट्रिक बसें मिली हैं। इनका उद्देश्य प्रदूषण कम करना, ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देना और यात्रियों को सुरक्षित व सुविधाजनक सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराना है। फिलहाल 10 बसों से शुरूआत की गई है, जिन्हें बाद में पूरे शहर और प्रमुख मार्गों पर बढ़ाया जाएगा। यात्रियों को कैशलेस और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराने के लिए बसों में डिजिटल किराया संग्रहण प्रणाली लागू की गई है। वहीं पारंपरिक ड्राइवर और कंडक्टर की जगह विशेष प्रशिक्षण प्राप्त वदीर्धारी कोच कैप्टन और डिजिटल असिस्टेंट तैनात किए जाएंगे।

### तकनीकी रूप से होगी सुरक्षा की निगरानी

नई ई-बसों में यात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन लगाए गए हैं। बसों से मिलने वाला लाइव वीडियो फीड सीधे सेंट्रल कंट्रोल रूम में देखा जा सकेगा, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। बसों के संचालन, ट्रैकिंग और समयबद्ध शेड्यूलिंग के लिए इंटेलिजेंट ट्रांजिट मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) का उपयोग किया जाएगा। इसकी मॉनिटरिंग एआईसीटीएसएल कार्यालय और नायता मुंडला डिपो स्थित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से होगी। दिव्यांग यात्रियों की सुविधा के लिए बसों में व्हीलचेयर असिस्टेंस सिस्टम भी उपलब्ध कराया गया है, जिससे उन्हें चढ़ने और उतरने में आसानी होगी। भविष्य में इन ई-बसों का संचालन केवल शहर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आसपास के कस्बों, गांवों और पेरी-अर्बन क्षेत्रों तक भी किया जाएगा।



## 70 हजार टीचर्स को टीईटी से बचाने की कोशिश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

एमपी के करीब 70 हजार टीचरों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से राहत दिलाने स्कूल शिक्षा विभाग सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाएगा। विभाग का तर्क है कि साल 2005 से 2009 के बीच भर्ती हुए शिक्षकों ने पहले ही सरकारी चयन परीक्षा पास कर नौकरी हासिल की थी, इसलिए उन्हें दोबारा पात्रता परीक्षा देने के लिए बाध्य नहीं किया जाना चाहिए। यदि सुप्रीम कोर्ट यह दलील स्वीकार करता है, तो हजारों शिक्षकों को राहत मिल सकती है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के सितंबर 2025 के आदेश के बाद लोक शिक्षण संचालनालय ने अप्रैल में निर्देश जारी कर प्रदेश के स्कूल शिक्षा और जनजातीय कार्य विभाग के उन सभी शिक्षकों के लिए जुलाई-अगस्त में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) आयोजित कराने को कहा है, जिनकी नियुक्ति साल 1998 से 2009 के बीच, यानी शिक्षा का अधिकार (आरटीई) कानून लागू होने से पहले हुई थी। इस आदेश से प्रदेश के करीब डेढ़ लाख शिक्षक प्रभावित होंगे।

न्यूज कालम



## ऑल इज वेल हॉस्पिटल का ग्राम दसनावल में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**बुरहानपुर।** ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा ग्राम दसनावल, तहसील गोगावा जिला खरगोन में 4 जुलाई को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 40 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के जनरल फिजिशियन डॉ. अकरम खान ने मरीजों की समस्याएं सुनीं और परामर्श दिया। सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप एवं ब्लड प्रेशर की जांच की गई। डॉ. खान ने मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रहने की सलाह दी। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा निर्देशन एवं ग्राम दसनावल के सरपंच मुकेश अखाड़े के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

## जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल का दौरा कार्यक्रम

**बड़वानी।** जिले के प्रभारी मंत्री एवं कौशल विकास व रोजगार विभाग के राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल 6 जुलाई को प्रातः 7 बजे आजीविका कैफे बड़वानी का अवलोकन कर जलपान करेंगे। प्रातः 7.30 बजे प्रभारी मंत्री शिवटेकड़ी पानसेमल के लिए प्रस्थान कर, प्रातः 9 बजे शिवटेकड़ी पानसेमल में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। प्रातः 9.30 बजे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूर्ति का अनावरण कर प्रातः 10 बजे रक्तदान शिविर कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 1.30 बजे प्रभारी मंत्री जनपद पंचायत ठीकरी के ग्राम हरिबड़ के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 2.30 बजे प्रभारी मंत्री ग्राम हरिबड़ में नवीन अटल सुशासन पंचायत भवन का लोकार्पण एवं वी.बी.जी.राम.जी के अंतर्गत नवीन कार्य का सांकेतिक शुभारंभ करने के पश्चात दोपहर ३ बजे हरिबड़ से सारंगपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## खजराना गणेश मंदिर परिसर में विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**इंदौर।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ दिगंबर जैन सोशल ग्रुप पुष्प द्वारा दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर मनाए जा रहे पर्यावरण माह अभियान के अंतर्गत इंदौर शहर की आस्था का केंद्र खजराना गणेश मंदिर परिसर में विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रुप सचिव रितेश जैन ने बताया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम में फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मनोहर झांझरी की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर ग्रुप अध्यक्ष श्री मयंक काला, निवर्तमान अध्यक्ष श्री गिरीश रारा, श्री अतुल गोयल, अजय जैन ,फेडरेशन के निवर्तमान अध्यक्ष श्री राकेश कल्पना विनायका तथा श्री आशीष सूतवाला सहित ग्रुप के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए कहा कि च्एक पेड़ पर्यावरण के लिए, एक पेड़ भविष्य के लिएज्ज अवश्य लगाएं। योगेश जैन ,प्रवीण प्रीति जैन ,अखिलेश रश्मिता जैन , विशाल दीपमाला जैन ,जम्बू शाह , डॉक्टर मनीष जैन , करण मल जैन ,राकेश मीना जैन , प्रशांत छाबडा,सुषमा जैन ,सुरभि जैन , ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, हरित और सुरक्षित पर्यावरण देने की सामूहिक जिम्मेदारी है।अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

## पात्र विद्यार्थियों को मिलेगा लैपटॉप एवं मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल

**बड़वानी ।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना का वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए है। सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को शिक्षा, तकनीक और गतिशीलता से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के मार्ग को सरल और सुलभ बनाएगी। उन्होंने पात्र विद्यार्थियों से समय-सीमा के भीतर आवेदन करने तथा जिला अधिकारियों को योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने बताया कि योजना का संपूर्ण संचालन ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल और समयबद्ध बनेगी। उन्होंने सभी संयुक्त एवं उप संचालकों को निर्धारित समय-सीमा का पालन करते हुए पात्र विद्यार्थियों को योजना का लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026 से पूर्व ऑनलाइन आवेदन कर इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ अवश्य प्राप्त करें।

## आज से प्रारंभ होगा 7 दिवसीय सिविल डिफेंस वॉलंटियर प्रशिक्षण

**खंडवा।** मानसून अवधि के दौरान प्रभावी आपदा प्रबंधन हेतु प्रशिक्षित सिविल डिफेंस वॉलंटियर तैयार करने के उद्देश्य से ६ जुलाई से 12 जुलाई तक 7 दिवसीय सिविल डिफेंस वॉलंटियर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किशोर कुमार सभागृह , खंडवा में किया जाएगा। होमगार्ड के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट आशीष कुशवाह ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 6 जुलाई 2026 को प्रातः 11 बजे माननीय कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम का आयोजन जिला होमगार्ड्स, नागरिक सुरक्षा, एस डी ई आर एफ द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बाढ़ आपदा प्रबंधन, अग्नि सुरक्षा एवं अग्निशमन, ध्वस्त संरचना खोज एवं बचाव, प्राथमिक उपचार, खोज एवं बचाव तकनीकों, आपदा के दौरान समन्वय तथा नागरिक सुरक्षा से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य ऐसे प्रशिक्षित स्वयंसेवकों का समूह तैयार करना है, जो आपदा अथवा आपातकालीन परिस्थितियों में प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी राहत एवं बचाव कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें।

### बुरहानपुर जिला चिकित्सालय बना बदलाव का मॉडल

# तीन माह में 53 सुधारों से स्वास्थ्य सेवाओं को मिली नई रफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस के सतत प्रयासों और मार्गदर्शन से शासकीय जिला चिकित्सालय बुरहानपुर में स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक कायाकल्प हुआ है। पिछले तीन माह में अस्पताल में 53 महत्वपूर्ण सुधार कार्य, नवीन व्यवस्थाएं एवं नवाचार किए गए हैं, जिससे मरीजों को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल रहा है।







**पहली बार हाईटेक आईसीयू शुरू, रेफरल में कमी**

अस्पताल में पहली बार 5 बिस्तरीय हाईटेक आईसीयू प्रारंभ किया गया है। इससे हृदयाघात, गंभीर दुर्घटना, प्रसवोत्तर जटिलताओं के मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर उपचार मिल रहा है। इंदौर, जलगांव एवं खंडवा रेफर करने की जरूरत घटी है।

**ये सुविधाएं भी बढ़ीं**

फिजियोथेरेपी विभाग का आधुनिकीकरण, आधुनिक पैथोलॉजी, मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, तीन पालियों में डायलिसिस सेवा, विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियमित ओपीडी तथा अस्थि एवं स्त्री रोग की जटिल शल्यक्रियाओं की सुविधा शुरू हुई है।

**मरीजों की सुविधा पर फोकस**

ओपीडी में हेल्प डेस्क, अनाउंसमेंट सिस्टम, अतिरिक्त पंजीयन काउंटर, व्यवस्थित प्रतीक्षालय, सोफे, वेटिंग चेयर, एयर कूलर, वॉल फैन, साइनेज बोर्ड व एलईडी डिस्प्ले लगाए गए हैं। विधायक निधि से दो कार्डियक एम्बुलेंस, पर्याप्त स्ट्रेचर-व्हीलचेयर, 24 घंटे आपातकालीन संपर्क नंबर और शिकायत निवारण व्यवस्था शुरू की गई है।

**स्वच्छता और सुरक्षा मजबूत**

नियमित पेस्ट कंट्रोल, फॉगिंग, सीवर-जल निकासी सुधार, सौंदर्यीकरण, व्यवस्थित पार्किंग, आरओ युक्त शुद्ध पेयजल, सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध, वर्षाजल संरक्षण और सभी वार्डों में एयर कूलर की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के लिए 181 सीसीटीवी कैमरे कंट्रोल रूम से मॉनिटर हो रहे हैं।

**प्रशासनिक पारदर्शिता के नवाचार**

कर्मचारियों की बायोमेट्रिक एवं सार्थक एप से उपस्थिति, रेफर मरीजों की डिजिटल मॉनिटरिंग, रिकॉर्ड रूम, कार्यालयों का आधुनिकीकरण, ऑनलाइन मेडिको-लीगल व पोस्टमार्टम प्रविष्टियां तथा आयुष्मान भारत योजना का प्रभावी क्रियान्वयन शुरू किया गया है।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा केवल उपचार नहीं, मरीज को सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण देना भी जरूरी है। लक्ष्य है कि बुरहानपुर जिला चिकित्सालय को प्रदेश का आदर्श जिला चिकित्सालय बनाया जाए ताकि नागरिकों को बड़े शहरों जैसी सुविधाएं यहीं मिलें। सीएम डॉ. मोहन यादव एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला के सहयोग से स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा है।

## बाबा बर्फानी के जयकारों के साथ अमरनाथ यात्रा का जत्था जम्मू बेस कैंप पहुंचा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंडलेश्वर



भगवान शिव के पवित्र धाम श्री अमरनाथ की यात्रा पर निकला मंडलेश्वर का श्रद्धालुओं का जत्था सफलतापूर्वक जम्मू स्थित भगवती नगर बेस कैंप पहुंच गया। रॉयल स्टार सिद्धि विनायक ट्रेवल्स, मंडलेश्वर द्वारा आयोजित इस धार्मिक यात्रा में मंडलेश्वर सहित आसपास के क्षेत्र के कुल 45 श्रद्धालु उत्साह और भक्ति भाव के साथ शामिल हैं।गौरतलब है कि 28 जून को मंडलेश्वर के श्रीराम घाट पर मां नर्मदा के पूजन, दुग्धाभिषेक एवं आरती के साथ श्रद्धालुओं का जत्था बाबा बर्फानी के जयकारों के बीच रवाना हुआ था।

कई पड़ावों से होते हुए एक जुलाई को श्रद्धालु जम्मू पहुंचे, जहां भगवती नगर स्थित यात्रा पंजीयन एवं बेस कैंप में सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण की गईं। श्रद्धालुओं ने यात्रा का टोकन प्राप्त किया तथा प्रशासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपनी यात्रा को आगे बढ़ाया।यात्रा संयोजकों ने बताया कि सभी श्रद्धालु पूरी तरह स्वस्थ एवं उत्साहित हैं। भगवती नगर से जत्था ने बाबा बर्फानी के भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया पश्चात चंदनवाड़ी के लिए रवाना हो गया है। सोमवार, 6 जुलाई से चंदनवाड़ी मार्ग से पवित्र अमरनाथ यात्रा का शुभारंभ होगा। श्रद्धालु दुर्गम पहाड़ी रास्तों से होते हुए हिमलिंग बाबा बर्फानी के दर्शन करेंगे।

दर्शन के उपरांत चार से पांच दिनों में सभी श्रद्धालु पुनः जम्मू लौटेंगे।पूरे यात्रा दल में भगवान भोलेनाथ के जयकारों से वातावरण शिवमय बना हुआ है। श्रद्धालुओं में बाबा बर्फानी के दर्शन को लेकर विशेष उत्साह एवं आस्था का माहौल है। यात्रा संयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा सुरक्षित एवं अनुशासित ढंग से यात्रा पूर्ण करने की अपील की है।इस धार्मिक यात्रा में यात्रा संयोजक मनोज शर्मा एवं नितिन पाटीदार के नेतृत्व में ललित पाटीदार, जीतू केवट, रोहित केवट, दीपक तोमर, विपिन पाटीदार, दिलीप तंवर, राधेश्याम सिसोदिया, संतोष प्रजापत, विनोद केवट, राकेश प्रजापत, अशोक पाटीदार, राहुल कुशवाह, दीपक वर्मा, देवेंद्र पाटीदार आदि उपस्थित थे।

## हाट बाजार पहुंचे नागरिकों एवं ग्रामीणों को साइबर ठगी से बचाव के बताए प्रभावी उपाय

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सेंधवा

मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निदेशानुसार संचालित "सेफ क्लिक 2.0" साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्म विलोचन शुक्ल के निर्देशन में जिलेभर में 24 जून से 8 जुलाई तक व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्कूलों, महाविद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों, बाजारों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को साइबर अपराधों के नए तरीकों, उनसे बचाव के उपायों तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के संबंध में जानकारी दी जा रही है।

इसी क्रम में दिनांक 5 जुलाई को थाना सेंधवा शहर पुलिस द्वारा सेंधवा हाट बाजार में विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान हाट बाजार में खरीदारी के लिए आए नागरिकों, व्यापारियों एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों को एकत्रित कर साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों एवं उनसे बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही साइबर सुरक्षा संबंधी पम्पलेट वितरित कर साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया फ्रॉड, बैंकिंग एवं यूपीआई धोखाधड़ी, फर्जी निवेश योजनाएं, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी केवाईसी अपडेट, कस्टमर केयर फ्रॉड तथा संदिग्ध लिंक एवं मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से होने वाली साइबर ठगी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आमजन को समझाइश दी गई कि किसी भी व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी, एटीएम पिन, सीवीवी, पासवर्ड या अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें तथा किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक करने या लालच देने वाले ऑफरों के झांसे में न आएं।

थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह कुशवाह ने उपस्थित नागरिकों से अपील की कि यदि वे किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी का शिकार होते हैं, तो घबराने के बजाय तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें अथवा पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर ठगी गई राशि को सुरक्षित रखने की संभावना बढ़ाई जा सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हाट बाजार पहुंचे नागरिक, व्यापारी एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोग उपस्थित रहे। सेंधवा शहर पुलिस ने सभी नागरिकों से स्वयं जागरूक रहने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं परिचितों को भी "सेफ क्लिक 2.0" अभियान से जोड़कर साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने की अपील की।

## खंडवा में भाजपा की जिला बैठक में संगठन की मजबूती और जनकल्याणकारी योजनाओं पर हुआ मंथन

**खंडवा।** हथिया बाबा संत निवास में रविवार को भारतीय जनता पार्टी की जिला बैठक आयोजित की गई, जिसमें खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने सहभागिता कर जिला, मंडल एवं बूथ स्तर के पदाधिकारियों और कार्यकताओं को संबोधित किया। बैठक में मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, भाजपा जिला प्रभारी अंबाराम कराड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर सहित जिला, मंडल एवं बूथ स्तर के पदाधिकारी, त्रिदेव तथा बड़ी संख्या में सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, जनसेवा, आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अपने संबोधन में विधायक कंचन मुकेश तनवे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में संगठन सर्वोपरि है। पार्टी की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिनके परिश्रम, अनुशासन और सेवा भाव से संगठन निरंतर सशक्त होता है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के बीच व्यक्तिगत मतभेद हो सकते हैं, लेकिन जब पार्टी और संगठन की बात आती है तो सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ पार्टी हित में जुट जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह संगठनात्मक संस्कृति वर्षों से वरिष्ठ मार्गदर्शकों के मार्गदर्शन में विकसित हुई है।

## कम पानी एवं कम अवधि वाली फसलों का रकबा बढ़ाएं : मुख्यमंत्री

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्राकृतिक खेती में बड़ा स्कोप है। किसानों को चाहिए कि वे परम्परागत खेती के स्थान पर जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनायें। मुख्यमंत्री ने इस साल अल्प वर्षा की आशंका को देखते हुए प्रदेश के किसानों से अपील की है कि वे अपने कृषि कार्यों की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक योजना बनाएं तथा कम अवधि और कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों को विशेष प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा एवं कृषि उत्पादन को सुरक्षित बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां कर रही है। कृषि, उद्यानिकी एवं संबंधित विभागों के माध्यम से जिलेवार सतत समीक्षा और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि वर्तमान परिस्थितियों में जल संरक्षण और जल के विवेकपूर्ण उपयोग का विशेष महत्व है। किसान भाई-बहन खेतों में उपलब्ध नमी का संरक्षण करें, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दें और सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों का अधिकाधिक उपयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग द्वारा जारी तकनीकी सलाह का पालन करते हुए परिस्थितियों के अनुरूप फसल चयन करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से विशेष रूप से श्रीअन्न अर्थात मोटा अनाज, जैसे कोदो, कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा सहित अन्य कम पानी में सफलतापूर्वक पैदा होने वाली फसलों का रकबा बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ये फसलें जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के अनुरूप होने के साथ कम लागत, अधिक पोषण एवं किसानों की आय वृद्धि के बेहतर विकल्प की दृष्टि से भी अत्यंत लाभकारी हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भी श्रीअन्न के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि बदलती जलवायु परिस्थितियों में वैज्ञानिक कृषि पद्धतियां अपनाकर ही उत्पादन और आय को सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का अन्नदाता अपने अनुभव, परिश्रम और आधुनिक तकनीकों के समन्वय से हर चुनौती का सफलतापूर्वक सामना करने में सक्षम है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों को आश्वस्त किया है कि प्रदेश सरकार हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है। किसानों को आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन, कृषि आदान उपलब्ध कराने तथा परिस्थितियों के अनुरूप हर संभव सहयोग सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं। सरकार का प्रयास है कि किसी भी किसान को कठिनाई का सामना न करना पड़े। कृषि उत्पादन प्रभावित न हो और किसानों के हित भी हर तरह से सुरक्षित रहें।

## म.प्र. पर्यटन बोर्ड द्वारा 7 अगस्त को आयोजित होगी पर्यटन क्विज प्रतियोगिता

**बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रदेश के विद्यार्थियों में पर्यटन, सांस्कृतिक विरासत एवं ऐतिहासिक धरोहरों के प्रति जागरूकता और रुचि विकसित करने के उद्देश्य से "पर्यटन क्विज प्रतियोगिता-2026 का आयोजन 7 अगस्त 2026 को किया जाएगा। मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रदेश के समृद्धिशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरुषों एवं पर्यटन महत्व की संभावनाओं से छात्रों को अवगत कराने तथा पर्यटन के माध्यम से जागरूक करने के उद्देश्य से "पर्यटन क्विजज्ज का आयोजन वर्ष-2016 से निरन्तर किया जा रहा है।

इस प्रतियोगिता का आयोजन मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के तत्वावधान में जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद , ग्वालियर के सहयोग एवं समन्वय तथा स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है।

प्रतियोगिता में जिले के शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई एवं अन्य मान्यता प्राप्त विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग लेंगे।

यह प्रतियोगिता दो चरणों में होगी। प्रथम चरण 7 अगस्त 2026 को जिला स्तर पर होगा, वहीं दूसरा चरण राज्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

आकर्षक पुरस्कार

मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा विद्यार्थियों को पर्यटन के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

## लियो क्लब खंडवा को मिला नया नेतृत्व, अभिषु शर्मा निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

**खंडवा।** लायन्स क्लब खंडवा के युवा प्रकल्प लियो क्लब खंडवा के वर्ष 2026-27 के वार्षिक चुनाव रविवार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में निर्विरोध संपन्न हुए। सर्वसम्मति से अभिषु शर्मा को अध्यक्ष, शिवम जायसवाल को सचिव तथा पवन जायसवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। चुनाव प्रक्रिया वरिष्ठ लायन सदस्य राजीव मालवीय, घनश्याम वाधवा, नारायण बाहेती एवं राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित साधारण सभा में संपन्न हुई। इस दौरान सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चयन कर नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर राजीव मालवीय ने कहा कि गत सत्र में अध्यक्ष सुमित परिहार, सचिव अभिषु शर्मा चुने गये थे।

## पंधाना नगर परिषद में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा/पंधाना

नगर परिषद पंधाना विकास की नई इबारत लिख रही है। नगर के समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से रविवार को सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल एवं विधायक छाया मोरे ने नगर परिषद के दो दर्जन से अधिक विकास कार्यों का एक साथ भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

इस अवसर पर नवीन नगर परिषद भवन, सीसी सड़कें, अस्पताल भवन, नवीन बस स्टैंड सहित विभिन्न आधारभूत विकास कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता प्रदीप जगधन्नै एवं पार्षदों ने सांसद और विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के कारण पंधाना नगर परिषद क्षेत्र में चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एक समय प्रदेश में बिजली की भारी समस्या रहती थी, जबकि आज गांव से लेकर शहर तक बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हुई है।

विधायक छाया मोरे ने कहा कि सरकार की जनहितैषी योजनाओं से प्रत्येक परिवार लाभान्वित हो रहा है। घर-घर शौचालय, निःशुल्क राशन, लाड़ली बहना योजना सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक संबल मिल रहा है और वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप जगधन्नै ने नगर के विकास के लिए अतिरिक्त राशि की मांग सांसद एवं विधायक के समक्ष रखी, जिस पर दोनों जनप्रतिनिधियों ने मांगों को स्वीकृति देने की घोषणा की।

कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता प्रदीप जगधन्नै, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंशाराम बड़ोले, भाजपा मंडल अध्यक्ष फकीरचंद कुशवाह, भाजपा नेता वीरेंद्र चौरे, सभापति जगदीश एकले, अमजद कादरी, मुबारीक खान, सुनील जायसवाल, पार्षदगण, अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## न्यूज -कॉलम

### महिदपुर पुलिस का संदेश सतर्कता ही सबसे बड़ी सुरक्षा



**उज्जैन।** साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने का अभियान सेफ क्लिक 2.0 पूरे जिले में पुलिस विभाग की ओर से चलाया जा रहा है। महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार की टीम स्कूलों से लेकर बाजारों और गली-मोहल्लों में घरो तक पहुंच सतर्कता ही सबसे बडी सुरक्षा का संदेश लोगों को दे रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि थाना स्टॉफ की टीम बस स्टेंड, विजय स्तंभ, फकीर मोहल्ला, ग्राम पंचायत नारायणा, अयोध्या बस्ती, कटन चौराहा, सहित कस्बे के हर क्षेत्र में साइबर अपराधों से बचने के लिये लोगों को जागरूक करने पहुंची रही है। पिछले कुछ दिनों में पुलिस टीम द्वारा स्कूलों के अलावा बाजार में 4 हजार से अधिक लोगों से प्रत्यक्ष मिलकर अंजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी और पासवर्ड शेयर नहीं करने, क्यूआर कोड स्कैन करते समय सावधानी रखने और वीडियो कॉल पर पुलिस द्वारा गिरफ्तारी नहीं करने की जानकारी दी। साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करने की बात से भी अवगत कराया।

### छात्र का गुम मोबाइल 3 माह बाद से झाबुआ मिला



**उज्जैन।** हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहे छात्र अमरसिंह भारिया का मोबाइल दो तालाब क्षेत्र में गुम हो गया था। छात्र ने अपना आई फोन गुम होने की शिकायत नीलगंगा थाना पुलिस को दर्ज कराई थी। पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन का ट्रेस करना शुरू किया गया था। 3 माह बाद आरक्षक लोकेन्द्र प्रजापति ने मोबाइल को झाबुआ से खोज निकाला। आई फोन (मोबाइल) चला रहे व्यक्ति ने बताया कि उसे मोबाइल मिला था, आरक्षक ने मोबाइल की शिकायत दर्ज होने पर लौटाने की बात कही। उक्त व्यक्ति ने मोबाइल पुलिस को सौंप दिया। मोबाइल मिलने पर आरक्षक ने छात्र को थाने बुलाकर उसका मोबाइल वापस लौटा दिया। मोबाइल मिलने पर छात्र ने पुलिस का आभार माना। पुलिस द्वारा लगातार गुम मोबाइल खोजने का अभियान चलाया जा रहा है। कुछ दिन पहले ही लाखों के मोबाइल नीलगंगा थाना पुलिस ने वापस मोबाइल धारकों को लौटाये थे।

### मीडियाकर्मी पर स्कूल सवार 2 युवकों ने किया हमला

**उज्जैन।** माधवनगर थाना क्षेत्र के दो तालाब पंचमपुरा मोड़ पर रविवार सुबह मीडियाकर्मी जगदीश पिता हीरालाल परमार निवासी अरिहंत कालोनी का स्कूटी से आये 2 युवकों ने रास्ता रोका और लोहे के पाइप से हमला कर दिया। मीडियाकर्मी कुछ समझ पाता दोनों युवको ने ताबातोड वार किये और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। मीडियकर्मी घायल हो गया, उसे लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। मामले की सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस ने जगदीश परमार की शिकायत पर 2 अज्ञात युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। जिस स्थान पर हमला हुआ उसके आसपास लगे कैमरों के फुटेज देख हमला करने वालों की पहचान के प्रयास किये जा रहे है। घायल जगदीश का कहना था कि उसने हमला करने का कारण पूछने का प्रयास किया लेकिन दोनों भाग निकले थे।

### परिचित को प्रसाद देने गये वृद्ध की करंट लगने से मौत

**उज्जैन।** कायथा सोसायटी में सेल्समेन का काम करने वाले चंद्रशेखर पिता श्यामराव निगम 60 भादवा माता मंदिर दर्शन करने गया था। जहां लौटने पर वह ग्राम भैरूपुरा में रहने वाले परिचित सेवाराम आंजना के यहां शनिवार देर शाम प्रसाद देने पहुंचा था। इस दौरान दोनों बाहर खडे होकर बातचीत कर रहे थे, तभी चंद्रशेखर ने वहां लगे बिजली के पोल पर हाथ रख दिया। पोल में करंट फैल रहा था, चंद्रशेखर करंट की चपेट में आ गया। उसे सेवाराम और बबलू पटेल स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उज्जैन रैफर किया गया। रात में चरक अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद चंद्रशेखर को मृत घोषित कर दिया। रविवार सुबह अस्पताल पुलिस चौकी ने पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि 2 बच्चों के पिता थे। बारिश के मौसम में करंट लगने की घटनाएं एकाएक बढ़ गई है। शनिवार को 2 मामले सामने आये थे। पंथपिपलाई में पोल पर संधारण कार्य करते समय बिजली कंपनी के आउटसोर्स आपरेटर सुनील सोलंकी की मौत हो गई थी वहीं दाऊदखेडी में खेत पर चौकीदारी करने वाले 60 वर्षीय लीलाधर पिता मांगीलाल करंट की चपेट में आ गये थे। जिनकी अस्पताल ले जाने पर मौत होना सामने आया था।

# बेगमबाग में कड़ी सुरक्षा, बेटी की शादी में आया आतंकी

## रात में उज्जैन लेकर आई पुलिस, आज वापस जायेगा साबरमती जेल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अहमदाबाद सीरियल बम धमाकों के आतंकी को शनिवार रात उज्जैन लाया गया। उसके पहुंचते ही बेगमबाग क्षेत्र में कडी सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई। आतंकी रविवार को अपनी बेटी की शादी में शामिल हुआ। आज उसे वापस साबरमती जेल अहमदाबाद ले जाया जायेगा। आतंकी को आजीवन कारावास की सजा हुई है।

वर्ष 2008 में अहमदाबाद के कई स्थानों पर सीरियल बम धमाकों की आतंकी घटना सामने आई थी। धमाकों में 56 लोगों की मौत हुई थी। 200 से अधिक घायल हुये थे। एंटी टेररिज्म स्क्वाड ने 50 से अधिक आतंकियों को गिरफ्तार किया था। उज्जैन जिले से 5 आतंकी दबोचे गये थे। उन्ही में शामिल महाकाल थाना क्षेत्र के बेगमबाग में रहने वाली आतंकी अबरार खान को शनिवार रात उज्जैन लाया गया। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि आतंकी



अबरार की बेटी का निकाह होने पर उसे न्यायालय की अनुमति से अहमदाबाद स्थित साबरमती जेल गुजरात पुलिस उज्जैन लेकर आई है। रविवार को उसकी बेटी का निकाह हुआ, जिसमें वह शामिल हुआ। बम धमाकों के आरोपी के उज्जैन पहुंचने पर बेगमबाग क्षेत्र में सुरक्षा-व्यवस्था कडी की गई थी। गुजरात-अहमदाबाद पुलिस के साथ महाकाल थाना और पुलिस लाइन का बल तैनात किया गया है। सोमवार सुबह 6 बजे उसे गुजरात-अहमदाबाद पुलिस की टीम वापस साबरमती जेल लेकर लौटेगी। बेटी के निकाह के दौरान उसकी सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी।

### पिछले साल आया था शफीक अंसारी

अहमदाबाद बम धमाकों को उज्जैन का एक आतंकी मोहम्मद शफीक अंसारी उज्जैन के चिमनगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पिछले साल जून माह में वह अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने कडी सुरक्षा में उज्जैन आया था। उस दौरान भी स्थानीय पुलिस की सुरक्षा का कडा पहरा लगाया गया था। उज्जैन जिले के 4 आतंकी बम धमाकों में शामिल थे। जिसमें कमरूद्दीन नागौरी, मोहम्मद शफीक अंसारी, मोहम्मद अबरार खान और महिदपुर का सफदर नागौरी शामिल है। जिसमें से मोहम्मद शफीक और अबरार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। वहीं 2 अन्य आतंकियों को फांसी की सजा हुई है।

### वर्ष 2022 में 49 आतंकियों को सजा

वर्ष 2008 में अहमदाबाद में हुये सीरियल बम धमाकों में शामिल 50 से आतंकियों को देशभर के अलग-अलग राज्यों से गिरफ्तार किया गया था। 24 साल बाद वर्ष 2022 में न्यायालय ने 49 आतंकियों को सजा सुनाई थी। जिसमें 38 का मौत की सजा फांसी दी गई है। वहीं 11 को आजीवन कारावास में रखने का फैसला सुनाया गया था। सभी आतंकियों ने 70 मिनट में 21 धमाके किये थे।

# हरिफाटक ब्रिज के पास बाइक पर गिरा बिजली का तार युवक की मौत

### आधे घंटे में पहुंचा बिजली विभाग

**उज्जैन।** हरिफाटक ब्रिज के पास रविवार 8 बजे के लगभग बडा हादसा हो गया। बारिश और हवा के बीच हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर बाइक सवारों पर गिर गया। 2 युवक झटका लगते ही दूर चले गये। बाइक सवार के पैर में तार उलझ गया। करंट लगने से उसकी जान चली गई।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि हरिफाटक ब्रिज के पास क्षिप्रा होटल के सामने 11 केवी बिजली लाइन का तार टूटकर बाइक सवार पर गिरने की खबर मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। बाइक सवार अचेत हो चुका था, बारिश की वजह से करंट फैल रहा था, तत्काल बिजली विभाग को सूचना दी गई। करीब 25 से 30 मिनट में बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और बिजली सप्लाय बंद की गई। युवक को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी मौत होना सामने आया। जांच के दौरान पता चला कि मृतक



बाइक सवार आशिक उर्फ छोटू पिता अहमद नूर 35 साल निवासी तालोदा कालियादेह महल के पास का रहने वाला था। बाइक पर उसके 2 भतीजे सवार थे, तार टूटकर गिरते ही करंट लगने पर दोनों कूदकर दूर चले गये थे। आशिक के पैरों में तार फंस गया था। भतीजों से पूछताछ में पता चला कि आशिक ठेकेदारी करता था। काम से घर लौट रहे थे, इस दौरान गोल्डन पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल भरवाने के लिये रूके थे। पेट्रोल भरने के बाद निकले थे कि बारिश और हवा के बीच तार टूटकर गिरा। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू की जायेगी।

#### जा सकती थी कई लोगों की जान

बाइक सवार पर टूटकर गिरे बिजली के तार के दौरान काफी तेज बारिश हो रही थी। उक्त मार्ग महाकाल मंदिर आने-जाने का सबसे व्यस्तम मार्ग है। गनीमत रही कि बारिश के चलते यातायात थम सा गया था। जिसके चलते कई लोगों की जान बच गई। लेकिन हादसे के बाद कुछ लोगों ने बाइक सवार के पास पहुंचने का प्रयास किया, करंट फैलने से वापस लौट आये। पुलिस ने भी आवाजाही रोक दी थी।

#### कुछ समय पहले डाली थी लाइन

बताया जा रहा है कि हरिफाटक ब्रिज मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य के चलते कुछ समय पहले ही बिजली विभाग द्वारा नई हाईटेंशन लाइन डाली गई थी। लोगों का कहना था कि नई लाइन का तार टूटकर गिरना बिजली विभाग की लापरवाही है। घटनाक्रम के बाद मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के कर्मचारियों ने सप्लाय बंद किया, जिसके चलते क्षेत्र अंधेरे में डूब गया था।

## फांसी लगाने से पहले छात्र ने लिखा था सुसाइड नोट

### 19 दिन बाद पत्नी-सास के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**उज्जैन।** किताबों के बीच 20 से 22 घंटे बैठ आईएएस बनने का सपना संजोने वाले छात्र ने 15 जून को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मौत को गले लगाने से पहले सुसाइड नोट लिखा था, 19 दिन की जांच के बाद पुलिस ने पत्नी, सास और सास के प्रेमी के खिलाफ धारा 108 (1), 3 (5) का प्रकरण दर्ज किया है।

आगर मालवा के नलखेडा में रहने वाला राहुल पिता रामकरण सूर्यवंशी 27 साल नागझिरी थाना क्षेत्र के न्यू इंदिरानगर में किराये का मकान लेकर आईएएस बनने की तैयारी कर रहा था। 2027 में आईएएस का सपना पूरा करने की योजना बनाई थी। वह 20 से 22 घंटे किताबों में मन लगा रहा था। लेकिन 15 जून को उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस की पडताल में घटनास्थल से उसके द्वारा लिखा गया सुसाइड नोट मिला था। 10 से 12 पन्नों के नोट में उसने अपनी शादी के चार माह की दास्तां के साथ पत्नी कविता उर्फ मन्नत, सास सिद्धिका कामरिया और सास के कथित प्रेमी गोपाल राजपूत पर प्रताडित करने के आरोप लगाये थे।

उसने शादी के दूसरे दिन से फांसी लगाने तक की सभी बातों का उल्लेख किया था। सास और उसके प्रेमी पर तलाक लेने का दबाब बनाने के साथ उसे झूठे केस में फंसाने तक की बाते बताई गई थी। माता पिता से सपना पूरा नहीं कर पाने का दर्द भी सुसाइड नोट में जताया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। 19 दिन बाद नागझिरी थाना एसआई रामप्रसाद वेद ने बताया कि परिजनों के बयान दर्ज करने और जांच पूरी होने के बाद मामले में पत्नी, सास और गोपाल राजपूत के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। एक टीम आगर मालवा की हाऊसिंग बोर्ड कालोनी तीनों की गिरफ्तारी के लिये रवाना की जायेगी।

## एसआई को मिली सूचना के बाद पकड़ाया फरार आरोपी

### सिहोर पुलिस को थी तलाश, 10 हजार का था इनाम



**उज्जैन।** पास्को एक्ट में आष्टा से फरार चल रहे आरोपी की सूचना घट्टिया थाना एसआई को मिली तो निपानिया टोल पर नाकाबंदी की गई। आरोपी दोस्त के साथ कार में सवार मिला। जिसे हिरासत में लेकर शनिवार-रविवार रात 2 बजे सिहोर पुलिस को सौंपा। आरोपी पर 10 हजार का इनाम घोषित था।

घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि रात को चैकिंग के दौरान एसआई प्रवेश जाटव को सिहोर में पदस्थ बैचमेट से सूचना मिली थी कि आष्टा से पास्को एक्ट के मामले में सालभर से फरार चल रहे आरोपी पिंटू उर्फ अरविंद 22 वर्ष, निवासी भवरा थाना आष्टा के घट्टिया क्षेत्र से गुजरने की खबर मिली है। जिसे गिरफ्तार करना है। एसआई जाटव ने टीम के साथ निपानिया टोल पर नाकाबंदी की। कुछ देर में ही उक्त आरोपी कार में सवार होकर टोल पर पहुंचा, उसे टोल पार करने से पहले ही दबोचा गया और थाने लाया गया। पूछताछ करने पर सामने आया कि फरार आरोपी का परिवार भी पीछे आयशर में सवार होकर आ रहा है। सभी राघवी में रिश्तेदार के यहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। फरार आरोपी के गिरफ्त में आने पर आष्टा सिहोर पुलिस को अवगत कराया गया। रात 2 बजे आष्टा पुलिस घट्टिया पहुंची और आरोपी को अपने साथ लेकर रवाना हो गई। बताया जा रहा है कि आरोपी के खिलाफ 10 हजार का इनाम भी घोषित था।

## रिश्वतखोरी पर बड़ी कार्रवाई, कृषि मंत्री के OSD सहित तीन कर्मचारी निलंबित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना के ओएसडी (विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी) अशोक कुमार बाथम सहित उनके निज सहायक दिनेश भकोरिया और स्टेनो टाइपिस्ट अंकित अवधिया को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। इन तीनों पर सरकारी कर्मचारियों के ट्रांसफर (तबादले) कराने के बदले लाखों रुपये की रिश्वत मांगने के बेहद गंभीर आरोप लगे हैं। एक स्टिंग ऑपरेशन में रिश्वत मांगते हुए वीडियो सामने आने और शुरुआती जांच में दोषी पाए जाने के बाद सरकार ने यह बड़ी कार्रवाई की है।

**तबादलों के नाम पर की थी 5 से 15 लाख की डील-** दरअसल, राज्य सरकार ने हाल ही में 1 से 16 जून के बीच सरकारी कर्मचारियों के ट्रांसफर पर से प्रतिबंध हटाया था। इसी का फायदा उठाते हुए इन कर्मचारियों ने कृषि विस्तार अधिकारी, नर्स और वन रक्षक के तबादले के लिए 5 से 15 लाख रुपये तक की बड़ी डील कर डाली थी। कृषि विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, शुरुआती जांच में मिले पुख्ता सबूतों के आधार पर मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के तहत ओएसडी अशोक कुमार बाथम को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें सीधी जिले के कृषि विभाग कार्यालय में अटैच किया गया है। बाथम पर एक कृषि विस्तार अधिकारी के ट्रांसफर के बदले 2.50 लाख कैश मांगने का आरोप है।

#### स्टिंग ऑपरेशन में खुली पोल, पीए और स्टेनो भी नपे

इस पूरे खेल का खुलासा एक स्टिंग ऑपरेशन के जरिए हुआ, जिसमें इन कर्मचारियों के रिश्वत मांगने का वीडियो सामने आ गया। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने दो अलग-अलग आदेश जारी कर निज सहायक दिनेश भकोरिया और स्टेनो टाइपिस्ट अंकित अवधिया को भी सस्पेंड कर दिया। आरोपों के मुताबिक, निज सहायक दिनेश भकोरिया ने एक नर्स के ट्रांसफर के लिए 3.50 लाख की मांग की थी, जिसके चलते उन पर सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत कार्रवाई हुई है। वहीं, स्टेनो टाइपिस्ट अंकित अवधिया पर आरोप है कि उन्होंने उसी नर्स के ट्रांसफर के लिए ?5 लाख और एक वन रक्षक के तबादले के लिए 1.50 लाख की रिश्वत मांगी थी। इस बड़ी कार्रवाई के बाद से मंत्रालय और प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मचा हुआ है।

## मानसून की झमाझम के बीच तापमान में 8.3 डिग्री का अंतर

**उज्जैन।** प्रदेश में मानसून पूरी तरह से सक्रिय बना हुआ है। धार्मिक नगरी उज्जैन में भी रूक-रूककर झमाझम बारिश का क्रम बना हुआ है। मौसम में ठंडक महसूस होने लगी है। इस बीच दिन-रात के तापमान में 8.3 डिग्री का अंतर रह गया है।

पांच दिनों की देरी से आये मानसून ने अब अपनी रफ्तार पकड ली है। कुछ दिनों से शाम ढलने के बाद बादलों की गडगडाहट और हवा के साथ बारिश हो रही है। पिछले 15 दिनों में रविवार रात तक 374 मिलीमीटर बारिश हो चुकी थी, जो 15 इंच के लगभग है। बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई है। लेकिन उतार-चढ़ाव बना हुआ है। शनिवार रविवार रात न्यूनतम 24.4 डिग्री दर्ज हुआ था। रविवार को अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री रहा। जिसके चलते दिन-रात के तापमान में 8.3 डिग्री का अंतर रहा गया था। मौसम विभाग ने 2 दिन ओर तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। लेकिन मानसून की झ?ी का इंतजार कुछ दिनों तक ओर करना पडा सकता है। रविवार को दिनभर बारिश का इंतजार बना रहा, लेकिन शाम 6 बजे अचानक आसमान में काले बादलों की जमघट शुरू हो गई। हवा की रफ्तार भी तेज हो गई थी। 7 बजे बाद तेज बारिश की शुरूआत हुई। करीब एक घंटे तक बारिश होती रही उसके बाद रिमझिम का दौर शुरू हुआ, कुछ देर बाद ही फिर से तेज बारिश का नजारा दिखाई दिया। जो करीब 20 से 25 मिनट का रहा। तेज बारिश के चलते शहर में जलभराव की स्थिति बन गई थी। कई क्षेत्रों में बारिश का पानी भरने से आवागमन थम सा गया था।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि, अर्पित आलेकर जो कि मेरा पुत्र हैं। मेरा पुत्र अर्पित आलेकर मेरे और परिवार के आदर्शों के अनुसार जीवन यापन नहीं कर रहा हैं। मेरा पुत्र मेरे तथा परिवार के कहने-सुनने में नहीं हैं। अर्पित आलेकर ने पिछले दिनों में कई लोगो और संस्थाओं से ऋण / कर्जा ले रखा हैं तथा नशा करने का आदि हो चुका हैं। इस कारण इस जाहिर सूचना के माध्यम से समस्त जनता एवं संस्थाओं को सूचित किया जाता हैं कि अर्पित आलेकर द्वारा लिये गये समस्त कर्ज, उधार या अन्य किसी भी प्रकार का व्यवहार का मैं तथा मेरा परिवार वर्तमान में तथा भविष्य में कभी भी जिम्मेदार एवं जवाबदार नहीं रहेगा। अर्पित आलेकर द्वारा किये गये समस्त क्रिया कलाप, घटना आदि की जवाबदारी स्वयं अर्पित आलेकर की रहेगी। अर्पित आलेकर के व्यक्तित्व को देखते हुए मैं व मेरे परिवार को बहुत शर्मिन्दा होना पड़ रहा हैं। इस कारण मैं राजेन्द्र आलेकर पिता श्री मातृण्ड राव आलेकर, निवासी 187, महाशक्ति नगर, नागझिरी, उज्जैन म.प्र. इस जाहिर सूचना के माध्यम से यह घोषित करता हूं कि मेरे द्वारा अपने जीवनकाल में स्वअर्जित समस्त चल अचल संपत्तियों से अर्पित आलेकर को बेदखल करता हूं। आज दिनांक से अर्पित आलेकर का मेरी चल अचल संपत्तियों में कोई हक, हिस्सा, सुखाधिकार आदि बाकी नहीं रहेगा। सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि आज दिनांक से अर्पित आलेकर से मेरा संबंध जोड़ कोई व्यवहार आदि नहीं किया जाये। सूचित हो। इति दिनांक 06/07/2026, स्थान: उज्जैन

**शकील एहमद एडवोकेट**
**सुहाना पैलेस 34, शू मार्केट लखेरवाड़ी उज्जैन**
**मो. 87707-18997**

# कार्यालय पहरे पर तैनात होमगार्ड सैनिक की थमी सांस

## मौत की खबर से विभाग में गमगीन हुआ माहौल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

होमगार्ड डिवीजनल कार्यालय में पहरे पर तैनात होमगार्ड सैनिक की शनिवार रात तबीयत बिगड़ गई। उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन सांस थम चुकी थी। सैनिक की मौत होने की खबर विभाग तक पहुंची तो माहौल गमगीन हो गया।

होमगार्ड प्लाटून कमांडर पुष्पेन्द्र त्यागी ने बताया कि रात में कार्यालय गेट पर संत्री पहरे पर सैनिक छगनलाल पिता शोभाराम 55 साल तैनात था। रात 8 बजे के लगभग तबीयत बिगड़ने पर उन्हे अस्पताल ले जाया गया। जहां एक घंटे बाद सूचना मिली कि छगनलाल की सांस थम गई है। विभाग में जैसे ही



खबर फैली माहौल गमगीन हो गया। बताया गया कि हार्ट अटैक से सैनिक का निधन हुआ है। प्लाटून कमांडर के अनुसार सैनिक छगनलाल मूलरूप से मक्सी के ग्राम कनासिया के रहने वाले थे। वर्ष 1995 में होमगार्ड की सेवा में शामिल हुये थे। कार्यकाल के दौरान उन्होने कई बार आपदा प्रबंधन में अपनी भूमिका निभाई। उनकी 31 साल की सेवा का कार्यकाल विभाग कभी नहीं भूल पायेगा। उनके परिवार में 3 पुत्रियां और 1 पुत्र है। घटनाक्रम के बाद पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। रविवार दोपहर उनकी अंतिम यात्रा पैतृक गांव से निकाली गई, जिसमें विभाग के अधिकारी और सैनिक श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

# नींद क्यों नहीं आती



जितनी सभ्यता विकसित होती गई, उतनी आदमी की नींद कम होती गई, क्योंकि मन दिन भर इतना उलझा हुआ रहता है। उसे विश्राम ही नहीं मिलता। हमारा शरीर तो बिस्तर पर सोया होता है, लेकिन मन अभी भी बाजार में भटकता रहता है। जिंदगी में जो भी महत्वपूर्ण है, वह छोड़ने की कला से मिलता है। नींद आने का एक ही सूत्र है कि आप कुछ मत करें। आप चुपचाप बस पड़ जाएं, ताकि नींद आ सके। नींद तब उतरती है आपके ऊपर, जब आप कुछ भी नहीं करते। अगर आपको नींद नहीं आती हो, तो मजे से बिस्तर पर पड़े रहें और नींद न आने का मजा लेते रहें। आप नींद के लिए सीधा कुछ मत करें। कोई भी सीधी चेष्टा बाधा है। फ्रांस के एक बहुत बड़े विचारक कुए ने एक सूत्र विकसित किया है। वह सूत्र है, लॉ ऑफ रिवर्स इफेक्ट विपरीत परिणाम का नियम। कुछ चीजें हैं, जिनमें आप अगर प्रयास करें, तो उल्टा परिणाम हाथ आता है। नींद वैसी ही चीज है, आपको उलटा परिणाम हाथ आएगा। नींद के लिए समर्पण बहुत जरूरी है। बिल्कुल छोड़ दें अपने आपको, जैसे फिसल गए हों। आज की जिंदगी बहुत ज्यादा भाग-दौड़, सक्रियता से भरी है। वही सक्रियता नींद में भी प्रवेश करती है।

नींद के लिए सोने से पहले एक छोटा-सा ओशो का बताया हुआ नुस्खा प्रयोग कर सकते हैं। दरअसल, हमारे मस्तिष्क के दो हिस्से हैं- दायां और बायां। बायां हिस्सा तर्क और विचार से जुडा है, तो दायां भाग भाव और शांति से जुड़ा होता है। आपका दाहिना हाथ आपके बाएं मस्तिष्क से जुड़ा हुआ है और आपका बायां हाथ मस्तिष्क के दाहिने भाग से जुड़ा हुआ है। तो जब भी आपको लगे कि बहुत ज्यादा सोच-विचार चल रहा है और आप इसे रोक नहीं सकते, तो अपने दोनों हाथों को तेजी से रगड़ें। तब तक रगड़ते रहें, जब तक कि वे गर्म नहीं हो जाते। अपनी आंखें बंद करें और महसूस करें कि वे गर्म और गर्म हो रहे हैं। अपनी कल्पना को सहारा दें और हाथ वास्तव में गर्म हो जाते हैं। जब हाथ गर्म होते हैं, तो सिर ठंडा हो जाता है। ये दो ध्रुव हैं। एक बिंदु पर अचानक आपको महसूस होगा कि विचार रुक गए हैं और दिमाग की ऊर्जा हाथों में घूम रही है। अब आप धीरे से नींद की आगोश में उतर सकते हैं। जिन लोगों को नींद नहीं आती, उनके लिए यह सबसे अच्छी दवा है, किसी भी ट्रैंक्विलाइजर से बेहतर। ओशो कहते हैं, हमने इस बात पर ध्यान ही नहीं दिया कि मनुष्य के जीवन में आने वाली सभी बीमारियों और विकारों का मूल कारण नींद की कमी है। जो व्यक्ति ठीक से सो नहीं पाता, वह ठीक से जी भी नहीं पाता। नींद को मनुष्य के जीवन में वापस लाना आवश्यक है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है।



सम्पादकीय

## ई-रिक्शा पर साइबर अटैक

विज्ञान अपने आप में खतरनाक नहीं यह दुनिया के बारे में विश्वसनीय ज्ञान उत्पन्न करने की एक व्यवस्थित विधि है। खतरा इस बात से उत्पन्न होता है कि आप के द्वारा ज्ञान उपकरण और प्रौद्योगिकियों को सामाजिक और आर्थिक प्रणालियों में कैसे लागू किया जाता है। आज के दौर में तकनीक का दुरुपयोग हो रहा है। ऐसे मामलों में नई प्रौद्योगिकी अत्यंत खतरनाक हो चुकी है। यह सच है कि विज्ञान ने आधुनिक अविष्कारों की मदद से दुनिया के स्वरूप को बदल कर रख दिया है। विज्ञान ने युद्धों का तरीका बदल कर रख दिया। कुछ दिन पहले तक शायद ही किसी ने सोचा होगा कि एक मोबाइल एप चलते-चलते ई-रिक्शा को रोक देगा। पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में ई-रिक्शा चालकों ने अपनी परेशानी बताई कि उनका रिक्शा चलते-चलते बंद हो जाता है। पहले तो लोगों ने ऐसे वीडियोज को मजाक समझा लेकिन जब ई-रिक्शा चालकों में कोहराम मच गया तो अंततः केन्द्र सरकार को इस मामले पर कार्रवाई करनी पड़ी। सरकार ने चीनी एप बैट, बी एम एस,लॉसिजी और स्पॉक आई आयन समेत कुछ एप्स पर तुरंत प्रतिबंध लगा दिया। समूचे घटनाक्रम से एक नई बहस छिड़ चुकी है। मामला किसी एक एप का नहीं। असली सवाल यह है कि जिस रफ्तार से इलैक्ट्रिक वाहन (ईवी) अपनाये जा रहे हैं क्या उतनी मजबूत उनकी डिजिटल सुरक्षा है या नहीं। गर्मागर्म बहस के बीच लोग सितम्बर 2024 में लेबनान में हुए मेजर धमाकों की भी चर्चा कर रहे हैं।

इजराइली एजेंसी मोसाद ने ताइवान में बने हजारों पेजर में साजिश के तहत तीन ग्राम विस्फोटक रखा था। मोसाद ने डिवाइस के अंदर एक बोर्ड लगाया जिसमें विस्फोटक सामग्री थी जो एक कोड प्राप्त करता था। यही पेजर लेबनान में हिज्बुल्लाह को सप्लाई किए गए। जब वहां देशभर में पेजर पहुंचे तो इनमें विस्फोट कर दिया। अगर पेजर में विस्फोट हो सकते हैं तो फिर एक एप से ई-रिक्शा क्यों नहीं बंद हो सकते। चीनी एप तो पहले से ही बहुत खतरनाक करार दिए जा चुके हैं। केन्द्र सरकार समय पर चीनी एप्स पर प्रतिबंध लगाती रही है। यह एप्प भारतीयों के संवेदनशील डाटा को विदेशों में ट्रांस्फर कर रहा था। चीनी एप्स पर जासूसी के आरोप भी लगते रहे हैं। चीनी एप के खिलाफ लगातार की जा रही कार्रवाई भारत की संप्रभुता, अखंडता, रक्षा, सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरनाक गतिविधियों में संलग्न रहने के कारण की गई।

### डिजिटल प्राइवेसी की नई परत, लेकिन भीतर छिपे बड़े खतरे

# मेटा का जाल, सरकार का शिकंजा यूजरनेम की आग में जल रहा भरोसा

मोबाइल नंबर अब तक डिजिटल पहचान का सबसे भरोसेमंद आधार रहा है, लेकिन अब उसकी जगह यूजरनेम लेने की तैयारी है। बदलाव जितना आधुनिक दिखता है, जोखिम भी उतने ही बड़े हैं।



प्रो. आर.के. जैन (दैनिक अवन्तिका)

व्हाट्सएेप यूजरनेम सुविधा ला रहा है, जिससे उपयोगकर्ता अपना मोबाइल नंबर छिपाकर यूजरनेम के माध्यम से नए संपर्कों से बातचीत कर सकेंगे। दावा है कि इससे निजता मजबूत होगी, लेकिन भारत सरकार ने इसके संभावित खतरों को समय रहते भांप लिया। मेटा को नोटिस भेजकर इस फीचर के भारत में रोलआउट पर अस्थायी रोक लगाना महज तकनीकी कदम नहीं, बल्कि भारत के 50 करोड़ से अधिक व्हाट्सएप यूजर्स की डिजिटल सुरक्षा का सवाल है। जिस देश में रोज हजारों साइबर ठगी होती हों, वहां पहचान को नंबर से हटाकर केवल यूजरनेम के भरोसे छोड़ना क्या अपराधियों को नया हथियार नहीं देगा? आखिर डिजिटल दुनिया में प्राथमिकता सुविधा को मिले या सुरक्षा को?

पहली नजर में मेटा का यह प्रस्ताव बेहद आकर्षक लगता है। इसके तहत हर उपयोगकर्ता 3 से 35 कैरेक्टर्स (अक्षर, संख्या, पीरियड और अंडरस्कोर) वाला यूनिक यूजरनेम चुन सकेगा। इसके बाद बातचीत के लिए मोबाइल नंबर साझा करने की जरूरत नहीं होगी। नंबर केवल अकाउंट वेरिफिकेशन तक सीमित रहेगा, जबकि चैट में उसकी जगह यूजरनेम दिखाई देगा। कंपनी का दावा है कि ₹यूजरनेम की₹ जैसी अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था अनचाहे संदेशों और संदिग्ध संपर्कों पर प्रभावी नियंत्रण रखेगी। कागज पर यह व्यवस्था निजता को मजबूत करती दिखाई देती है, लेकिन तकनीक का इतिहास बताता है कि हर नई सुविधा अपने साथ नए जोखिम भी लाती है। इसलिए असली सवाल यह नहीं कि यह फीचर कितना आकर्षक है, बल्कि यह है कि इसकी सुरक्षा कितनी अभेद्य और भरोसेमंद है।

भारत की चिंता वाजिब है। यहां साइबर अपराध पहले ही महामारी बन चुके हैं। डिजिटल अरेस्ट, फर्जी बैंक अलर्ट, निवेश घोटाले, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया इमपर्सनेशन और भावनात्मक ठगी लाखों लोगों को शिकार बना चुके हैं। ऐसे में यदि कोई ठग किसी अधिकारी, पत्रकार, उद्योगपति, लोकप्रिय हस्ती या आम नागरिक के नाम जैसा यूजरनेम पहले ही ले ले (यूजरनेम स्क्वाटिंग), तो छद्मवेश (इमपर्सनेशन) और पहचान की चोरी आसान हो जाएगी। इसके जरिए फर्जी प्रोफाइल बनाकर पैसे ऐंठना, संवेदनशील जानकारी हासिल करना, अफवाह फैलाना और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ना आसान होगा। तब यह केवल व्यक्ति का नहीं, बल्कि जनविश्वास, कानून-व्यवस्था और राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा का संकट बन जाएगा। इसलिए सरकार की आशंका कल्पना नहीं, डिजिटल हकीकत है।

इन्हीं आशंकाओं के बीच केंद्र सरकार ने मेटा से तीन दिनों में विस्तृत जवाब मांगा है। कंपनी को फीचर का डिजाइन, प्राइवेसी प्रोटोकॉल, सुरक्षा तंत्र, पहचान सत्यापन और दुरुपयोग रोकने के उपाय स्पष्ट करने होंगे। साथ ही समीक्षा पूरी होने तक भारत में इसका रोलआउट रोकने को कहा गया है। यह फैसला तकनीकी प्रगति का विरोध नहीं, बल्कि जिम्मेदार डिजिटल शासन का संकेत है। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, साइबर सुरक्षा नीतियों और डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन कानून के तहत विदेशी डिजिटल प्लेटफॉर्मों का भारतीय कानूनों और सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य है। डिजिटल भारत में किसी वैश्विक कंपनी की सुविधा से अधिक महत्वपूर्ण नागरिकों की सुरक्षा है।

फिर भी इस प्रस्ताव के सकारात्मक पक्षों को नकारा नहीं जा सकता। आज सेवाओं, व्यापार, फ्रीलांसिंग, ऑनलाइन शिक्षा, कंटेंट क्रिएशन और व्यावसायिक संपर्क के लिए मोबाइल नंबर साझा करना लगभग अनिवार्य हो गया है। इसका नतीजा अनचाहे कॉल, स्पैम संदेश, डेटा लीक और निजी जानकारी के दुरुपयोग के रूप में सामने आता है। यदि नए संपर्कों से केवल यूजरनेम से संवाद हो, तो मोबाइल नंबर काफी हद तक छिपा रह सकता है। इसलिए अनेक उपयोगकर्ता इस सुविधा का स्वागत कर रहे हैं, क्योंकि इससे गोपनीयता मजबूत होगी और डिजिटल ट्रैकिंग घटेगी। लेकिन अच्छी मंशा सुरक्षा की गारंटी नहीं होती; मजबूत सुरक्षा के बिना सबसे उपयोगी तकनीक भी सबसे खतरनाक दरवाजा बन सकती है।

साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की सबसे बड़ी चिंता यही है। उनके अनुसार यह फीचर यूजरनेम स्क्वाटिंग, फर्जी खातों और सोशल इंजीनियरिंग हमलों को बढ़ावा दे सकता है। भारत जैसे देश में, जहां भाषाई विविधता, अलग-अलग लिपियां, समान नामों की भरमार और ग्रामीण-शहरी डिजिटल अंतर है, वहां पहचान का सत्यापन अधिक जटिल है। यदि मेटा ने भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप पर्याप्त स्थानीय परीक्षण नहीं किए, तो जोखिम कई गुना बढ़ सकते हैं। केवल एल्गोरिद्म पर्याप्त नहीं; स्थानीय भाषाओं की समझ, प्रभावी शिकायत निवारण, त्वरित सत्यापन और संदिग्ध खातों पर फौरन कार्रवाई भी अनिवार्य होगी।

दरअसल, यह विवाद केवल व्हाट्सएप के एक फीचर का नहीं, बल्कि वैश्विक टेक कंपनियों और राष्ट्र-राज्यों के बीच बढ़ते उस संघर्ष का है, जिसमें सवाल है कि डिजिटल दुनिया के नियम कौन तय करेगा। मेटा जैसे वैश्विक प्लेटफॉर्म हर देश की सामाजिक, कानूनी और सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावित करते हैं। भारत पहले ही डेटा लोकलाइजेशन, इंटरमीडियरी गाइडलाइंस और डिजिटल डेटा संरक्षण जैसे मुद्दों पर स्पष्ट कर चुका है कि विदेशी कंपनियों को यहां केवल कारोबार नहीं, बल्कि भारतीय कानूनों और राष्ट्रीय हितों का भी सम्मान करना होगा। व्हाट्सएप का यह मामला उसी सोच की अगली कड़ी है, जहां डिजिटल संप्रभुता नारा नहीं, राष्ट्रीय आवश्यकता बन चुकी है।

असल चुनौती यूजरनेम नहीं, उस पर कायम होने वाला विश्वास है। जिस डिजिटल पहचान की विश्वसनीयता संदिग्ध हो, उसकी प्राइवेसी भी अर्थहीन हो जाती है। मेटा को अपने सुरक्षा मानकों, पहचान सत्यापन प्रणाली और दुरुपयोग रोकने की रणनीति पूरी पारदर्शिता से सार्वजनिक करनी चाहिए। वहीं, उपयोगकताओं को भी ऐसे यूजरनेम चुनने से बचना होगा जो आसानी से अनुमानित हों या अन्य प्लेटफॉर्मों पर पहले से इस्तेमाल हो रहे हों, और किसी भी संदिग्ध प्रोफाइल या संदेश पर बिना पुष्टि भरोसा नहीं करना चाहिए। सरकार का यह समयोचित हस्तक्षेप स्पष्ट करता है कि डिजिटल भारत में नवाचार का स्वागत होगा, लेकिन नागरिकों की सुरक्षा की कीमत पर नहीं। क्योंकि यदि पहचान की सुरक्षा कमजोर पड़ी, तो आने वाले समय में मोबाइल नंबर नहीं, नाम ही सबसे बड़ी चोरी बन जाएगा।

## किरायेदार

शहर के सबसे पुराने मुहल्ले में एक मकान था जिसकी दीवारें इतनी बूढ़ी हो चुकी थीं कि हर बारिश के बाद वे अपने भीतर का नमक बाहर निकालकर रोती थीं। लोग उसे भूतों का घर कहते थे, लेकिन वहाँ रहने वाला बूढ़ा आदमी हँसकर कहता, भूत तो उन घरों में रहते हैं जहाँ इंसान होना मर जाता है। उसका नाम कोई नहीं जानता था। बच्चे उसे बाबा कहते थे, दूधवाला उसे उधार कहता था, बिजली वाला उसे बकायेदार और नगर निगम वाला उसे अतिक्रमण। उसका अपना नाम जैसे सरकारी फाइलों के किसी पीले पन्ने में दम तोड़ चुका था। हर सुबह वह टूटी कुर्सी बाहर निकालकर बैठ जाता और राह चलते लोगों से पूछता, बेटा, आज इंसानियत किस गली से गुजरी थी, कहीं दिखी क्या? लोग मुस्कराकर आगे बढ़ जाते। एक दिन एक लड़का रुक गया। उसने पूछा, बाबा, आप रोज यही सवाल क्यों पूछते हैं? बाबा ने अपनी धुँधली आँखों में उतरती शाम को समेटते हुए कहा, क्योंकि कल तक जो मेरे पड़ोसी थे, आज वे मेरे मोबाइल नंबर तक से अनजान हो गए हैं। रिश्ते अब घंटियों की तरह हैं, बजते तभी हैं जब किसी को अपना काम हो। लड़का चुप हो गया। हवा ने सूखे नीम से कुछ पत्ते गिराए। बाबा उन्हें उठाकर हथेली पर रखने लगा जैसे किसी बूढ़ी माँ के झड़ते बाल समेट रहा हो। उसने धीमे से कहा, पेड़ कम से कम गिरकर भी धरती का हाथ नहीं छोड़ते, इंसान तो खड़े खड़े भी साथ छोड़ देता है। सामने से गुजरते नेता का काफिला धूल उड़ाता निकल गया। बाबा मुस्कराया, देखो बेटा, धूल भी अब गाड़ियों के साथ चलती है, पैरों के साथ नहीं।

अगले दिन मोहल्ले में खबर फैली कि सरकार ने उस इलाके के विकास का नक्शा बना लिया है। लोग खुश थे। किसी को चौड़ी सड़क चाहिए थी, किसी को पार्क, किसी को शॉपिंग कॉम्प्लेक्स। बाबा चुपचाप अपनी दीवार सहला रहा था।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 06 जुलाई 2026 सोमवार
सूर्योदय - 05:41 सूर्यास्त 19:13
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - षष्ठी 13:47 उपरांत सप्तमी
नक्षत्र - पूर्वाभाद्रपद 16:08 उपरांत उत्तराभाद्रपदा
योग - सौभाग्य 15:51 शोभन
करण - वणिज
चन्द्रमा - कुंभ में है। 09:57 पर मीन में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - मोहर्रम मास 20 तारिख

**मेष-** आज कम प्रयास से काम बनेंगे। धनार्जन होगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृषभ-** व्यवसाय ठीक चलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। परिवार से संबंध घनिष्ठ होंगे।

**मिथुन-** नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें। भूल करने से विरोधी बढ़ेंगे। रुके धन की प्राप्ति में अड़चनें आएंगी।

**कर्क-** चोट व रोग से हानि संभव है। कुसंगति से हानि होगी। विवाद न करें। व्यापार अच्छा रहेगा।

**सिंह-** फालतू खर्च बढ़ेंगे। आवास संबंधी समस्या का समाधान संभव है। आवेश में कोई कार्य नहीं करें।

**कन्या-** दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। आय बढ़ेगी।

**तुला-** भोग-विलास में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी से संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी। आर्थिक मनोबल बढ़ेगा।

**वृश्चिक-** चोरी, चोट व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**धनु-** धनार्जन होगा। भागदौड़, बाधाओं व सतर्कता के बाद सफलता मिलेगी। खर्चों में कमी करें।

**मकर-** पारिवारिक सुख, संतोष बढ़ेगा। उपहार मिलने के योग हैं। अधिक व्यय न करें।

**कुंभ-** शत्रु परास्त होंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**मीन-** धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी नए कार्य में भाग लेने के योग हैं।

(व्यंग-बाण)

## कुँवारेपन का सर्टिफिकेट

आज का युवा जैसे ही शिक्षा के उस पड़ाव पर पहुँचता है, जहाँ उसे लगता है कि अब दुनिया उसकी जेब में आने ही वाली है, उसे गर्व महसूस कराते हुए बैचलर डिग्री थमा दी जाती है। यह डिग्री कम और मानो सरकारी मुहर लगा हुआ कुँवारेपन का सर्टिफिकेट ज्यादा प्रतीत होती है` डिग्री मिलते ही आत्मविश्वास ऐसे फूटता है जैसे बिना पानी के ही फव्वारा चल पड़ा हो—बस फर्क इतना कि यह फव्वारा कुछ ही दिनों में सूख जाता है। बेचारा युवा सोचता है कि अब कंपनियाँ उसे रेड कार्पेट बिछाकर बुलाएँगी, लाखों के पैकेज उसकी राह देख रहे होंगे` लेकिन हकीकत यह है कि वह रोजगार के बाजार में ऐसे भटकता है जैसे समुद्र में सुई ढूँढने निकला हो, न नौकरी मिलती है, न शादी होती है; और इस प्रकार उसकी बैचलर डिग्री पूरी ईमानदारी से अपना असली काम निभाती है– बेचलर माने कुँवारा, और यही कुँवारेपन का प्रमाण-पत्र साबित होती हैं।

युवा की महत्वाकांक्षा भी कम दिलचस्प नहीं है डिग्री मिलते ही उसे छोटे कामों से एलर्जी हो जाती है छोटे काम को करने से, उसे अपना ग्रेजुएट स्टेटस बीच में आकर रोक देता है—जैसे कह रहा हो, ह्यइतनी पढ़ाई किसलिए की थी? और उधर नौकरी देने वाली कंपनी कहती हैं—इतनी पढ़ाई की है, तो काम क्या आता है? तुम्हारे पास अनुभव क्या हैं ? काश! स्कूल-कॉलेज में अनुभव का विषय अतिरिक्त होता तो कितना अच्छा रहता या गर्भ में ही सब कुछ सीखकर आ जाते तो कितना अच्छा होता।

आज की शिक्षा पर न तो सरकार को विश्वास हैं, और ना ही कार्पोरेट जगत को, तभी तो नौकरी पर रखने से पहले, प्रत्येक की परीक्षा ली जाती हैं` यदि व्यक्ति परीक्षा में चयनित हो भी गया, तो भी ज्यादा खुश होने की जरूरत नहीं हैं, यह खुशी उसके लिए पल भर की हैं` आगे के चरण में आप बच नहीं पायेंगे, आपके लिए वहाँ बैठे हैं, साक्षात भगवान, जो आपके भाग्य का फैसला करेंगे। यह चरण हैं साक्षात्कार, जिससे हर किसी को गुजरना पड़ता हैं` साक्षात्कार पेनल में बैठे लोग, अपने समस्त ज्ञान का बघार लगाते हुए, अटपटे प्रश्नों की गोलीबारी करते हैं` उस समय ऐसा लगता हैं, जैसे आपके ऊपर कोई एक के बाद एक मिसाईल दाग रहा हो, और आप धराशायी हो जाओगे। पेनल में बैठे लोगों के पास चयन करने का कोई भी निश्चित पैमाना नहीं हैं, यदि हैं भी तो, वे जिस पैमाने से चयन कर रहे हैं , मेरी नजर में ये केवल और केवल, उनकी आत्मसंतुष्टि मात्र हैं कि- उन्होंने उत्तम उम्मीदवार का चयन किया हैं` या फिर कभी-कभी साक्षात्कार से सेटिंग का अंदेशा होने लगता हैं` साक्षात्कार जैसी प्रक्रिया में सेटिंग की गुंजाइश हैं, इस संदेह को नकारा नहीं जा सकता है। कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि इंटरव्यू नहीं, बल्कि सेटिंग टेस्ट चल रहा है—जिसमें मेरिट से ज्यादा कनेक्शन के अंक जुड़ते हैं` आपके कनेक्शन जीतने स्ट्रांग, उतने ही अंक भी स्ट्रांग होंगे पारदर्शिता इतनी है कि काँच भी शर्मा जाऐ और अंत में चयनित वही होता है, जिसे पहले से पता होता है।

यदि बेरोजगारों को हम काम करने का अवसर प्रदान नहीं करेंगे, तो उसकी काबिलियत कैसे पता लगेगी ? हवा में बाते करने के प्रक्रम रचने से कुछ साबित नहीं होगा` साक्षात्कार एक ऐसा ही प्रक्रम हैं, जो हवा-हवाई बात करने वाले अधिकारियों के दिमाग की उपज हैं` उन्है व्यवहारिक रूप से कार्य करने वाला कर्मचारी नहीं चाहिए , उन्है केवल रट्टू तोता चाहिए। अब बात करते हैं, आधुनिक युग के सबसे लोकप्रिय छलावे की—इंटर्नशिप यह ऐसा खेल है जिसमें कंपनियाँ अनुभव देती हैं और युवा अपना पैसा` सरकार ने इस खेल को मानो आधिकारिक मान्यता दे रखी है` युवाओं को इस खेल का सहारा लेकर खूब छला जा रहा हैं` युवा अपने बेरोजगार रूपी कुँवारेपन को मिटाने के लिए, अपनी जेब का रूपया लगाकर इंटर्नशिप का जूँआ खूब खेल रहे हैं।

– नीतिश नागर

# बारिश के मौसम में इन ड्रिंक्स का करें सेवन, सेहत के साथ स्किन में आएगा निखार

बरसात के मौसम में स्वास्थ्य के अलावा, स्किन और बाल भी प्रभावित होते हैं। इस मौसम में बाल झड़ने की समस्या बढ़ जाती है। उसके अलावा, स्किन से जुड़ी समस्याएं भी शुरू होने लगती हैं। समस्याओं की रोकथाम के लिए लोग कई उपाय अपनाते हैं। लेकिन, डिटॉक्स ड्रिंक्स की मदद से मॉनसून में आप स्किन और बाल को स्वस्थ रख सकते हैं। ये देसी डिटॉक्स ड्रिंक्स शरीर के मेटाबोलिज्म को बढ़ाने में मदद करते हैं।

उसके अलावा, ये घरेलू ड्रिंक्स शरीर को जहरीले पदार्थों से मुक्त करते हैं। उसे पीकर आप दिन भर ऊजार्वान और ताजा महसूस कर सकते हैं। डिटॉक्स पानी फलों और सब्जियों को मिलाकर बनाया जाता है। ये शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करते हैं। उनके पीने से शरीर के जहरीले अंश साफ होते हैं और स्किन मजबूत होती है। विटामिन्स और उसमें मौजूद पोषक तत्व बाल को भी स्वस्थ रखते हैं। जानिए



क्या हैं स्वस्थ ड्रिंक्स और घर पर उसको कैसे बनाया जा सकता है।

### सेब और दालचीनी का ड्रिंक-

इस डिटॉक्स ड्रिंक को बनाने के लिए 2-3 इंच दालचीनी और थोड़ा अजवाइन लें। पानी के बोतल में इन दोनों सामग्रियों को मिलाएं, सेब को गोल पतले टुकड़ों में काटें और पानी के बोतल में रखें और एक घंटे के लिए या रात भर फ्रिज में छोड़ दें। हर सुबह इस ड्रिंक को पीने से स्किन स्वस्थ रहती है।

### पुदीना और हरे सेब का ड्रिंक-

हरे सेब के टुकड़े को पानी से भरे जार में डालें। उसके अलावा, जार में पुदीने की कुछ पत्तियों को रखें, जो पानी के स्वाद को बढ़ाने का काम करेगा। इस मिश्रण को अच्छी तरह मिलाएं और एक घंटे के लिए छोड़ दें। इस ड्रिंक का इस्तेमाल दिन में दो बार किया जा सकता है। ये आपकी स्किन और बाल दोनों को स्वस्थ रखेगा।

### काला अंगूर और नींबू का ड्रिंक-

आप नींबू पानी के फायदों को जरूर जानते होंगे। उसमें काले अंगूर को शामिल करने से उसका फायदा और ज्यादा बढ़ जाता है। नींबू विटामिन सी का बड़ा स्रोत है। ये डिटॉक्स ड्रिंक बाल गिरने को रोकता है और चेहरे को चमकदार बनाता है। उसे बनाने के लिए एक लीटर पानी में 10-15 अंगूर और एक नींबू के जूस को मिलाएं और 20 मिनट के लिए उसे छोड़ दें। फिर उसके बाद आप इस ड्रिंक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

धर्म-आस्था

# भागदौड़ भरी जीवन यात्रा में यह विचार भी जरूरी

कभी-कभी मन में विचार आता है कि जीवन के अंतिम सत्य से जब हमारा सामना होगा, क्या हम मनोवांछित तरीके से जी लिए - या उसके अनुरूप जीना शेष था ? क्या यह सवाल भी मन का मन में ही रह जाएगा ? बस, दरअसल मानव जीवन की यही विडंबना है कि कोई भी शख्सियत अपने जीवन काल में ' भरपूर जीवन जी लिए ' ऐसा दावा नहीं कर सकती। हमारी हर एक आती-जाती सांस इस धरा पर हमारे अस्तित्व का ह्रास करती चली जाती है... और हम वर्ष-दर-वर्ष अपने जन्मदिन की खुशियां मनाते रह जाते हैं। इस तथाकथित मायावी दुनिया में मायाचार का बोलबाला है। ऐसे में जो प्राप्त है वह पर्याप्त है , ऐसी सोच ही हमें तमाम आकुल व्याकुल परिस्थितियों से निजात दिला सकती है। अन्यथा जिजीविषा और मृगतृष्णा का तो कोई ओर छोर ही नहीं दिखाई देता।



राजेंद्र बज (दैनिक अवन्तिका)

हमारे चेतन या अवचेतन मन में यह विचार भी नहीं आता कि पल-प्रतिपल हमारा जीवनकाल समाप्ति की ओर अग्रसर हो रहा है। वैसे देखा जाए तो इसकी बड़ी वजह यह है कि हर कोई ' जीते-जीते जिया ही चला जाएगा ', कुछ इसी प्रकार की भ्रमित अवस्था में रहा करता है। वैसे जीवन के अंतिम सत्य को सब जानते हैं और पहचानते हैं। लेकिन रहती सांस तक जीने की तमन्ना मन मयूर में हिलोरे लिया करती है। बस ऐसे ही दौर में देखते ही देखते सांसे जवाब दे जाती है और हम पंचतत्व में विलीन हो जाया करते हैं। परिजन भी समय के साथ-साथ शोक की बेला से उबर जाया करते हैं। दरअसल यही संसार की रीत है कि ' जाते के साथ कोई नहीं जाता ', महज कुछ दिनों का शोक और फिर देखते ही देखते सब कुछ वैसा का वैसा -जैसा कि कभी था।

ऐसी स्थिति में यह अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि हम अपने जीवन मूल्य को समझें और वही करें जो सच्चे अर्थों में हमारे अंतर्मन में सुकून का कारण बना करता है। वास्तव में हम जानते हैं कि हमें एक न एक दिन इस असार संसार से जाना ही है। आती-जाती सांसे चाहे जीवन के पल छीन रही हो, किंतु हम इस तथ्य को लेकर गंभीर नहीं होते। यह मानव मात्र की दुर्बलता है कि उसके अंतरंग में जिजीविषा के भाव निरंतर बने रहा करते हैं। वैसे एक प्रकार से यह जीवटता की निशानी है। इसके बावजूद कहीं न कहीं, किसी न किसी प्रकार मन की अतृप्त प्यास मन की मन में ही रह जाया करती है। ऐसे में बेहतर हो यदि हम अपने जीवन काल में ही अपनी प्राथमिकताओं को वरीयता देकर जो कुछ जहां अधुरा है- उसे पूर्ण करने का प्रयास करें।

इन्हीं संदर्भों में हमें जीवन के नैतिक मूल्यों के साथ ' जीवन मूल्य ' भी निर्धारित कर लेना चाहिए। इस संसार में हर कोई कहीं न कहीं किसी न किसी पर आश्रित है। यानी कि हर कोई किसी अन्य पर किसी न किसी रूप में निर्भर करता है। एक-दूसरे के जीवन मूल्य परस्पर आपस में गूंथें रहा करते हैं। यही एक-दूसरे पर निर्भरता की स्थिति परिवार और समाज की रचना में सहायक होती है। इसका वृहद स्वरूप सकल राष्ट्र की भौगोलिक स्थिति में परिलक्षित होता है। इसी आधार पर व्यक्ति में राष्ट्रीयता के भाव भी जागृत होते हैं। और आगे जाएं तो विश्व बंधुत्व की भावना भी इन्हीं अवधारणाओं से उपजी हुई मानी जा सकती है। हम अपनी धारणाओं और भावनाओं के माध्यम से अपने जीवन में अपना कार्यक्षेत्र सुनिश्चित करते हुए घर परिवार के अतिरिक्त समाज व राष्ट्र के लिए भी अपना जीवन सार्थक सिद्ध कर सकते हैं।

जहां तक व्यक्तिविशेष के व्यक्तिगत जीवन का प्रश्न है, तो किसी भी व्यक्ति का जीवन मात्र उसके लिए ही महत्वपूर्ण नहीं होता। अपितु अन्य के लिए भी महत्व का हुआ करता है। इसी आधार पर मानवीयता के गुणों का समावेश भी व्यक्ति विशेष में होता आया है। हर एक व्यक्ति के सामाजिक सरोकार भी होते हैं, इन सरोकारों से जुड़कर ही हम परस्पर सौहार्दतापूर्वक संबंधों को विकसित करते हुए अपने अस्तित्व की सार्थकता सिद्ध कर सकते हैं। हमें अपने लिए ही नहीं जीना चाहिए अपितु दूसरों के लिए भी अपने जीवन का कुछ अंश न्योछावर करते रहना चाहिए। चाहे इस अंश में समय हो या धन, लेकिन समर्पण की भावना के साथ यदि हम किसी के हित में कुछ करते हैं, तो हम निमित्त बन जाते हैं। ऐसे निमित बनने पर अंतर्मन में असीम आनंद की दिव्य अनुभूति से दो-चार हो सकते हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1950-2925, धनिया- 10300-12762, चना देशी- 5541-6301, डालर चना- 3850-7310, मटर- 2622-3430, मक्सा- 2415, मूंग- 6810, सोयाबीन- 2200-8000, तिल्ली- 10491-11001, सरसो- 6886, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,43,350 रवा- 1,43,300 चांदी- टंच- 2,30,000 पाट- 2,29,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## विश्वकर्मा मंदिर व टीन शेड निर्माण का भूमिपूजन, मंत्री ने की 10 लाख की घोषणा

**शुजालपुर।** विश्वकर्मा मेवाड़ा सुतार समाज महासभा न्यास मालवांचल शुजालपुर के तत्वावधान में मांगलिक भवन परिसर में भगवान विश्वकर्मा मंदिर एवं टीन शेड निर्माण के लिए भूमि पूजन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के उच्च शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार ने विधिवत पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया तथा मंदिर एवं टीन शेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम में महासभा के अध्यक्ष श्याम विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष प्रेम नारायण विश्वकर्मा, सचिव शिवनारायण विश्वकर्मा, सहसचिव हरिओम छालवंत, उपाध्यक्ष कैलाश नारायण विश्वकर्मा, संगठन मंत्री एवं मीडिया प्रभारी बद्री प्रसाद विश्वकर्मा सहित समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में भंवरलाल परमार, नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, कैलाश सोनी, सरपंच सतीश, मोहनलाल विश्वकर्मा, मनोहर विश्वकर्मा तथा उज्जैन विश्वकर्मा मंदिर के अध्यक्ष संतोष शर्मा भी मौजूद रहे। मंत्री परमार ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की एकजुटता और जनसहभागिता से धार्मिक एवं सामाजिक विकास के कार्यों को गति मिलती है। उन्होंने संगठित समाज को संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का आधार बताते हुए सामाजिक सहभागिता पर जोर दिया।

## कांग्रेस ने लिए सोशल मीडिया वारियर्स के इंटरव्यू वार्ड अध्यक्षों के नाम अनुमोदन को भेजे



**शुजालपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत शनिवार को कालापीपल एवं शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र के सोशल मीडिया वारियर्स के इंटरव्यू सिकरवार ट्रैक्टर शोरूम पर आयोजित किए गए। ऑनलाइन आवेदन करने वाले कार्यकर्ताओं का साक्षात्कार लेकर उनकी क्षमता के आधार पर ग्रेडिंग की गई। तैयार रिपोर्ट प्रदेश नेतृत्व को भेजी जाएगी। इस दौरान प्रदेश महामंत्री रामवीर सिंह सिकरवार, कार्यकारी जिला अध्यक्ष अशोक परमार, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष जयंत सिकरवार, सोशल मीडिया प्रदेश महासचिव विष्णु शर्मा, हसन रजा कुरैशी, मंगल सिंह राठौड़, भूपेंद्र सोनी, रईस पठान सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत शुजालपुर सिटी एवं मंडी मंडलम के वार्ड 1 से 25 तक की समितियों के गठन के लिए दो दिन चली बैठकों का शनिवार को समापन हुआ। विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से वार्ड अध्यक्षों के नाम तय कर अनुमोदन के लिए प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व को भेज दिए गए। अनुमोदन के बाद सूची जारी की जाएगी। बैठक में प्रदेश एवं जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बांसला में जैविक कीटनाशक निर्माण का दिया प्रशिक्षण



**शुजालपुर।** ग्राम बांसला में कृपा सोशल वेलफेयर सोसायटी उज्जैन की उदय परियोजना के तहत किसानों को जैविक कीटनाशक एवं जैविक टॉनिक तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में चिप कोऑर्डिनेटर संतोष मनोरिया एवं कम्युनिटी एजुकेटर अमरसिंह राजपूत ने जीवामृत एवं प्राकृतिक कीटनाशक बनाने की विधि का प्रदर्शन करते हुए रासायनिक खेती की लागत कम करने और जैविक खेती अपनाने के लाभ बताए। प्रशिक्षण में किसानों को देशी गाय के गोबर, गोमूत्र, गुड़, बेसन व अन्य प्राकृतिक सामग्री से जीवामृत तथा लहसुन, हरी मिर्च, तंबाकू और गोमूत्र से जैविक कीटनाशक बनाने की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने किसानों से छोटे स्तर पर जैविक खेती शुरू करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में 25 किसानों ने भाग लिया।

## डॉक्टरों की मुस्तैदी और परिजनों की तत्परता से बची 3 वर्षीय मासूम की जान

**सर्पदंश के बाद लाया गया था अस्पताल**

**शाजापुर।** बारिश के मौसम में सर्पदंश की घटनाएं अक्सर जानलेवा साबित होती हैं, लेकिन यदि समय रहते सही चिकित्सा मिल जाए, तो मौत के मुंह से भी इंसान को बाहर निकाला जा सकता है। ऐसा ही एक सुखद मामला शाजापुर जिला अस्पताल में सामने आया है, जहां सारंगपुर क्षेत्र के एक तीन वर्षीय मासूम को सांप के डसने के बाद परिजनों की तत्परता और डॉक्टरों के त्वरित इलाज ने नई जिंदगी दी है। जानकारी के अनुसार, सारंगपुर क्षेत्र के ग्राम उस्मखेड़ी में खेल रहे एक तीन वर्षीय बच्चे को अचानक सांप ने डस लिया। घटना का पता चलते ही परिजन घबरा गए, लेकिन उन्होंने झाड़-फूंक या घरेलू नुस्खों में समय बर्बाद करने के बजाय समझदारी दिखाई और बच्चे को तुरंत शाजापुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों की टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बिना कोई समय गंवाए बच्चे का उपचार शुरू कर दिया। अस्पताल के चार डॉक्टरों की टीम ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभाला और मासूम का सघन इलाज किया। दवाओं के सटीक असर और डॉक्टरों की निगरानी के चलते बच्चे की हालत में तेजी से सुधार होने लगा। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, फिलहाल मासूम की हालत पूरी तरह से खतरे से बाहर है, हालांकि एहतियात के तौर पर उसे अभी भी सघन चिकित्सकीय निगरानी (ऑब्जर्वेशन) में रखा गया है। समय पर अस्पताल पहुंचने से बच्चे की जान बच गई, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली और अस्पताल स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

### पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा समारोह आयोजित

# शासकीय सेवा में कर्मचारी हितों को सर्वोपरि रखने वाले हमेशा याद किए जाते हैं-विधायक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर



शासकीय सेवा के दौरान जो अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं को समझकर उनके हित में काम करते हैं, वे अपनी एक अलग पहचान बना लेते हैं। संयुक्त संचालक वित्त जी.एल. गुवाटिया ने भी शाजापुर जिले में अपनी इसी कार्यप्रणाली से कर्मचारियों के बीच एक गहरी छाप छोड़ी है। यही कारण है कि तकनीकी शिक्षा विभाग भोपाल के पद पर उनका प्रमोशन और स्थानांतरण होने पर प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा उनके सम्मान में शनिवार को एक समारोह आयोजित किया गया, जहां उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक अरुण भीमावद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री व जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह पंवार ने की। इस मौके पर विधायक भीमावद ने गुवाटिया के कार्यकाल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिलाध्यक्ष डॉ. पांडे ने उन्हें नई जगह पर भी प्रधानमंत्री के मिशन को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। वहीं, रघुवीर सिंह पंवार ने गुवाटिया के साथ अपने 35 वर्षों के पुराने संबंधों को मंच से साझा किया। उन्होंने जिला कोषालय व पेंशन अधिकारी के रूप में गुवाटिया द्वारा किए गए कर्मचारी हितैषी कार्यों और सहयोग के लिए विशेष रूप से आभार जताया।

**अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने ली सदस्यता**

समारोह के दौरान पेंशनर्स की एकजुटता भी देखने को मिली। शुजालपुर और मो. बड़ोदिया से गंगाधर वर्मा के नेतृत्व में आए दूसरे संगठनों के कई पदाधिकारियों ने प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण की। अतिथियों ने सभी नए सदस्यों का पुष्पहार से स्वागत कर सम्मान किया। इसके अलावा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष मधुकांता दवे के नेतृत्व में नवनियुक्त महिला पदाधिकारियों को अतिथियों के हाथों नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ लालशंकर मेहता के मार्गदर्शन में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पूजन के साथ हुआ। जिलाध्यक्ष पंवार ने स्वागत भाषण दिया तथा बी.एल. मेहता ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पेंशनर्स मौजूद रहे।

### आगर मालवा में सर्व हिंदू समाज का प्रदर्शन

# गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग पर सड़क जाम, ज्ञापन सौंपा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ आगर मालवा



आगर मालवा शहर में शनिवार दोपहर को सर्व हिंदू समाज ने शासकीय गोचर एवं चारागाह भूमि पर कथित अतिक्रमण के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी बसस्टैंड चौराहे पर जमा हुए।

उन्होंने शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और कुछ समय के लिए सड़क पर बैठकर यातायात बाधित किया। सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर स्थिति को शांत कराया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

प्रदर्शन के दौरान तहसीलदार विजय सेनानी समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन प्राप्त किया। इस ज्ञापन में बस स्टैंड के पास उज्जैन हाईवे से सटी शासकीय गोचर एवं चारागाह भूमि से कथित अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की गई है।

ज्ञापन में बताया गया है कि सर्वे क्रमांक 1641/1 (3.0310 हेक्टेयर), 1649/2 (0.2090 हेक्टेयर) और 1649/3 (1.7990 हेक्टेयर) की कुल लगभग 5.039 हेक्टेयर (करीब 25 बीघा) शासकीय भूमि पर वर्तमान में साप्ताहिक पशु हाट-बाजार लगता है। संगठन का आरोप है कि इस भूमि पर लंबे समय से अवैध निर्माण कर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है।

**भूमि का अनुमानित मूल्य लगभग 25 करोड़**

ज्ञापन में इस भूमि का अनुमानित मूल्य लगभग 25 करोड़ रुपये बताते हुए तत्काल अतिक्रमण हटाने की मांग की गई है। सर्व हिंदू समाज ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो गोचर भूमि को मुक्त कराने के लिए चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। पुलिस और प्रशासनिक अमला प्रदर्शन के दौरान मौके पर मौजूद रहा और अधिकारियों की समझाइश के बाद प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हो गया।

## हज यात्रा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू, 20 जुलाई तक भरे जा सकेंगे फॉर्म

**शाजापुर।** भारत सरकार की केंद्रीय हज कमेटी के तत्वावधान में अगले वर्ष हज यात्रा पर जाने वाले अकीदतमंदों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिले के जो भी इच्छुक नागरिक हज पर जाने की तैयारी कर रहे हैं, वे अपना फॉर्म ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जुलाई निर्धारित की गई है। जिला हज कमेटी के अध्यक्ष इमरान अली गुड्डू, पूर्व सदस्य याकूब खान और समाजसेवी अबसार अहमद खान ने बताया कि हज यात्रियों की सुविधा के लिए आवेदन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाया गया है। जिले के आवेदक किसी भी एमपी ऑनलाइन, कियोस्क या अधिकृत सेंटर के माध्यम से अपना फॉर्म आसानी से भर सकते हैं। हज यात्रा के आवेदन हेतु कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देना अनिवार्य किया गया है, जिसमें यात्रा के लिए वैध पासपोर्ट, दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो सफेद बैकग्राउंड के साथ, आधार कार्ड या पैन कार्ड, बैंक पासबुक की प्रति, ब्लड ग्रुप का प्रमाण पत्र। इसके अलावा, यदि आवेदक को कोई अन्य बीमारी है, तो उसकी जानकारी फॉर्म में स्पष्ट रूप से देना अनिवार्य है। हज कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि आवेदन और यात्रा से जुड़ी अन्य विस्तृत जानकारी केंद्रीय हज कमेटी की आधिकारिक वेबसाइट पर देखी जा सकती है। इसके अलावा, किसी भी प्रकार की सहायता या मार्गदर्शन के लिए आवेदक भोपाल हज हाउस के दूरभाष क्रमांक 0755-2530139 पर संपर्क कर सकते हैं।

## मोबाइल चलाने से रोका तो घर छोड़ निकलीं तीन नाबालिग

**देवास।** गुना से मोबाइल चलाने पर प्रतिबंध, डांट-फटकार और मारपीट से परेशान होकर 13, 14 और 15 वर्ष की तीन नाबालिग छात्राएं घर छोड़कर निकल गईं। वे स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकली थीं और ट्रेन से इंदौर जाने का इरादा था, लेकिन गलती से देवास स्टेशन पर उतर गईं। देवास पुलिस ने उन्हें सुरक्षित बरामद कर लिया है। छात्राओं ने गुना से देवास तक करीब 300 किलोमीटर का ट्रेन सफर लगभग 5 घंटे में तय किया। देवास स्टेशन पर संदिग्ध अवस्था में घूमते देख पुलिस ने तीनों से पूछताछ की। इसके बाद उन्हें वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया।

वन स्टॉप सेंटर में सेंटर एडमिनिस्ट्रेटर गोदावरी यादव और परामर्शदाता गरिमा पाठक ने बालिकाओं की काउंसलिंग की। गोदावरी यादव ने बताया कि चार घंटे से अधिक समय तक चली काउंसलिंग और पूछताछ में शुरूआत में छात्राओं ने कुछ भी बताने से इनकार किया। हालांकि, समझाइश के बाद उन्होंने अपनी पूरी बात रखी।

# भरड़ मावि को दूसरी बार राष्ट्रीय पहचान, स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग में जिले से एकमात्र चयन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर




शासकीय माध्यमिक विद्यालय भरड़ ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर शाजापुर जिले का नाम रोशन किया है। स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार द्वारा घोषित स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग 2025-26 में मध्य प्रदेश के चयनित 10 विद्यालयों में शाजापुर जिले का एकमात्र विद्यालय शासकीय माध्यमिक विद्यालय भरड़ शामिल हुआ है। यह उपलब्धि विद्यालय ने दूसरी बार हासिल की है। स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग भारत सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, जिसके तहत सुरक्षित पेयजल, बाल-अनुकूल शौचालय, हाथ धुलाई सुविधा, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, ऊर्जा संरक्षण, हरित परिसर, पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली तथा व्यवहार परिवर्तन आधारित गतिविधियों सहित विभिन्न मानकों पर विद्यालयों का मूल्यांकन किया जाता है। प्रदेश की 78,149 शालाओं ने इस प्रक्रिया में भाग लिया था, जिनमें से केवल 10 विद्यालय सभी मानकों पर खरे उतरे। इनमें भरड़ विद्यालय ने भी अपनी जगह बनाई। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व वर्ष 2016-17 में भी इस विद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इस बार की उपलब्धि राज्य शिक्षा केंद्र के स्वच्छ एवं हरित गतिविधि प्रभारी अतुल त्रिवेदी, जिलाधीश ऋतु बाफना, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी एवं जनपद स्रोत समन्वयक के मार्गदर्शन तथा प्रधानाध्यापक घनश्याम पाटीदार, समुदाय और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों से संभव हुई है। विद्यालय में नियमित शैक्षणिक गतिविधियों के साथ योग, व्यायाम, खेल, नैतिक शिक्षा, ईमानदारी की दुकान, पक्षियों के लिए दाना बैंक, पेयजल व्यवस्था, अनुशासन, इको क्लब के माध्यम से पौधों का संरक्षण, स्वच्छता अभियान तथा पॉलीथीन मुक्त विद्यालय जैसी गतिविधियों का भी प्रभावी संचालन किया जा रहा है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

**भारत सरकार से 1 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी**

उपलब्धि पर भारत सरकार द्वारा विद्यालय को मेरिट प्रमाण-पत्र के साथ स्वच्छता एवं हरित गतिविधियों के सुदृढ़ीकरण के लिए 1 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी।

# शराब की लत के कारण टूटा था रिश्ता, अब तस्वीरें वायरल कर तुड़वाई युवती की सगाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

जिले में बदले की भावना और मानसिक प्रताड़ना का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक सिरफिरे पूर्व मंगेतर ने अपनी ही पूर्व मंगेतर की जिंदगी में इस कदर जहर घोल दिया कि उसकी नई शुरूआत ही तबाह हो गई। शराब की लत के कारण दो साल पहले टूटा रिश्ता आरोपी को इस कदर नागवार गुजरा कि उसने युवती की दूसरी जगह तय हुई सगाई भी उसकी पुरानी निजी तस्वीरें ससुराल पक्ष को भेजकर तुड़वा दी। इतना ही नहीं, आरोपी द्वारा युवती को जान से मारने की धमकी देने और सरेआम पीछा कर प्रताड़ित करने का गंभीर मामला सामने आया है, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहनबड़ोदिया थाना क्षेत्र की रहने वाली 28 वर्षीय पीड़िता ने अपने पिता और चाचा के साथ थाने पहुंचकर नामजद शिकायत दर्ज कराई है। युवती ने पुलिस को बताया कि वर्ष



2020 में उसकी सगाई ग्राम खेड़ा बमोरी के रहने वाले विजय नामक युवक के साथ तय हुई थी। रिश्ते में बंधने के कारण उस वक्त दोनों के बीच सामान्य बातचीत होती थी और इसी दौरान कुछ निजी तस्वीरें भी ली गई थीं। हालांकि, कुछ समय बाद ही युवती और उसके परिवार को विजय की शराब की लत के बारे में पता चल गया। इसके चलते वर्ष 2022 में दोनों परिवारों ने आपसी सहमति से यह रिश्ता खत्म कर दिया था, लेकिन सगाई टूटने के बाद भी आरोपी विजय लगातार फोन कर पीड़िता को मानसिक रूप से परेशान करता रहा।

आरोपी की प्रताड़ना का सिलसिला यहीं नहीं रुका। युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि बीते 2 जुलाई को जब वह अपने चाचा के साथ शाजापुर स्थित बीकेएसएन कॉलेज जा रही थी, तब आरोपी विजय ने बाइक से उनका पीछा किया और दहशत फैलाने की कोशिश की। लगातार मिल रही धमकियों और पीछा किए जाने से परेशान होकर अंततः युवती ने पुलिस की शरण ली। मोहनबड़ोदिया थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शुक्रवार शाम को आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की बारीकी से जांच की जा रही है।

**दी थी जान से मारने सी धमकी**

पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़िता ने अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया कि 28 मई 2026 को आरोपी ने उसे व्हाट्सएप पर कॉल किया और सख्त लहजे में धमकी दी कि यदि उसने कहीं और शादी की, तो वह उसे जान से मार देगा। इन धमकियों के बीच जब 31 मई को युवती का रिश्ता दूसरी जगह तय हो गया, तो बौखलाए आरोपी ने उसकी पुरानी निजी तस्वीरें होने वाले ससुराल वालों को भेज दीं। इस घिनौनी हरकत का नतीजा यह हुआ कि 14 जून को युवती की नई सगाई टूट गई।



## पारिवारिक विवाद में चौराहे पर चक्का जाम करने वाले चार लोग गिरफ्तार

**देवास।** देवास शहर में एक पारिवारिक विवाद शनिवार रात महिला थाने तक पहुंच गया। सुनवाई के दौरान एक पक्ष के लोगों ने मधु मिलन चौराहे पर चक्का जाम कर दिया। सूचना मिलने पर औद्योगिक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए यातायात बहाल कराया और चार लोगों को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, विवाद बहू और ससुराल पक्ष के बीच था। बहू का आरोप था कि उसके ससुर के निधन की सूचना उसे नहीं दी गई। जब वह शोक व्यक्त करने ससुराल पहुंची, तो वहां विवाद हो गया। वहीं, ससुराल पक्ष का दावा है कि बहू ने घर आकर हंगामा किया। दोनों पक्ष अपनी शिकायत लेकर महिला थाने पहुंचे थे, जहां उनकी सुनवाई चल रही थी। इसी दौरान, एक पक्ष के कुछ लोग थाने से निकलकर मधु मिलन चौराहे पर पहुंच गए और सड़क पर बैठकर चक्का जाम कर दिया। इससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित हुआ। चक्का जाम की सूचना मिलते ही औद्योगिक थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन जब वे नहीं माने, तो उन्हें वहां से हटाकर यातायात सुचारु कराया गया। औद्योगिक थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि दोनों पक्षों की सुनवाई चल रही थी, तभी एक पक्ष ने चक्का जाम किया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर चक्का जाम समाप्त कराया और चार लोगों को गिरफ्तार किया है। चक्का जाम में शामिल अन्य लोगों के खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## जन अभियान परिषद स्थापना दिवस पर 62 छात्रों को साइकिलें मिलीं



**अकोदिया।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस पर शनिवार को सैनिक महेश मेवाड़ा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मदाना में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 62 विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित की गईं, पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, परिषद पदाधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया ने जन अभियान परिषद के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि परिषद समाज को शासन की योजनाओं से जोड़ने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और जनभागीदारी बढ़ाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। सिसोदिया ने प्रधानमंत्री के ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान से प्रेरणा लेते हुए प्रत्येक नागरिक से पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। ब्लॉक समन्वयक मुकेश सोलंकी ने परिषद की गतिविधियों और समाज में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

## जेन सोशल ग्रुप बडौद द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन



**बडौद।** जैन सोशल ग्रुप बडौद एवं मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल. मक्सी के नेतृत्व में नि.शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन श्री महावीर जैन विद्या मंदिर बडौद में आयोजित किया गया, जिसमें 150 मरीजों ने नेत्र परीक्षण कराया एवं 30 मरीजों को मोतियाबिन्द के आपरेशन चयनित किया जिनको ऑपरेशन हेतु मक्सी ले जाया गया। शिविर में डॉ विजय पटेल, सहयोगी प्रदीप भावसार, हरपाल सिंह, दीपक मालवीय आदि ने सेवाएं प्रदान की! ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश कोठारी के आव्हान पर वृक्षारोपण सप्ताह के पहले दिन बडौद ग्रुप द्वारा श्री महावीर जैन विद्या मंदिर में वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर ग्रुप अध्यक्ष पंकज पिछोलिया, राजेन्द्र लाडवा राठौर, कमलेश नवलखा, प्रकाश चोरडिया, हेमंत तरवैचा, मनोज चंद्र गोत्रीय आदि सदस्य उपस्थित रहे। जैन सोशल ग्रुप द्वारा लगातार कई वर्षों से इस शिविर का आयोजन किया जाता जो कि महीने के पहले रविवार को आयोजित किया जाता है।

## अकोदिया में बच्चे कीचड़ से स्कूल जाने को मजबूर, शासन ध्यान दें

**अकोदिया।** अकोदिया क्षेत्र की जनपद पंचायत मोहन बड़ोदिया अंतर्गत ग्राम पंचायत मुंडलाय में बारिश के बाद खराब सड़कें स्कूली बच्चों के लिए परेशानी का कारण बन गई हैं। कंकरखेड़ा हनुमान मंदिर क्षेत्र की कॉलोनी के बच्चे रोजाना कीचड़ और दलदल से होकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। हाल ही में स्कूल बस भी रास्ते में कीचड़ में फंस गई, जिसे ग्रामीणों ने धक्का लगाकर बाहर निकाला। बारिश के बाद पूरा रास्ता कीचड़ से भर गया है। बच्चे हाथ में चप्पल लेकर नंगे पैर स्कूल पहुंचते हैं। रास्ते में कई बार फिसलने से उनकी यूनिफॉर्म, जूते, कॉपियां और किताबें भी खराब हो जाती हैं। कंकरखेड़ा हनुमान मंदिर के पास रहने वाले 15 से 20 परिवार लंबे समय से पक्की सड़क की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हल्की बारिश में भी सड़क दलदल में बदल जाती है, जिससे पैदल चलना और वाहन निकालना मुश्किल हो जाता है।

# आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भारत मंडपम में सहकारिता मंत्रालय के 5 वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह 6 जुलाई 2026 को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में सहकारिता मंत्रालय के 5वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे। यह समारोह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि के विजन और श्री अमित शाह के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है, जिनके मार्गदर्शन में सहकारिता क्षेत्र पारदर्शिता, तकनीक के उपयोग, संस्थागत सुदृढ़ीकरण और जमीनी स्तर के सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ा है।

पिछले पांच वर्षों में मंत्रालय ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, सहकारी बैंकों, डेयरी सहकारी समितियों, शहरी सहकारी संस्थाओं, राष्ट्रीय स्तर की सहकारी संस्थाओं और बहु-राज्य सहकारी समितियों के लिए कई परिवर्तनकारी पहल की हैं। इस अवसर पर राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी एवं पंचायती राज मंत्री; भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री, राजस्थान; कृष्ण पाल गुर्जर, सहकारिता राज्य मंत्री; और मुरलीधर मोहोल, सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री भी उपस्थित रहेंगे।

इसके साथ-साथ, इस अवसर पर डॉ. आशीष कुमार भूटानी, सचिव, सहकारिता मंत्रालय; आतिश चंद्र, सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय; और नरेश पाल गंगवार, सचिव, पशुपालन और डेयरी विभाग तथा विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रीय सहकारी संस्थाओं, सहकारी महासंघों, सहकारी बैंकों, डेयरी सहकारी समितियों, भारत टैक्सी, पैक्स और सहकारिता क्षेत्र के अन्य हितधारकों के प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में भाग लेंगे।



इस अवसर पर अमित शाह कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं और पहलों का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। इनमें 135 अन्न भंडारण गोदामों का हस्तांतरण, 85 गोदामों का लोकार्पण और 47 गोदामों का शिलान्यास; अमूल और द्वारा सहकार वन का भूमि पूजन; उत्तर प्रदेश के बाराबंकी और महाराष्ट्र के जलगांव में की टिश्यू कल्चर सुविधाओं का भूमि पूजन; 3.0 और जियो-टैग मोबाइल एप्लिकेशन का शुभारंभ, दूध आपूर्ति समीक्षा डैशबोर्ड पोर्टल का शुभारंभ, कोऑपरेटिव इनपुट्स एंड सर्विसेज डिलीवरी मल्टी-स्टेट लिमिटेड के अंतर्गत डेयरी पशुओं की उत्पादकता से जुड़ी पहलें, कोऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर्स ऑर्गनाइजेशन मल्टी-स्टेट लिमिटेड का उद्घाटन; गोमय सहकारी समिति मल्टी-स्टेट लिमिटेड का उद्घाटन और की दो प्रमुख पहलों —सहकार केंद्रीकृत कोर बैंकिंग प्लेटफॉर्म, तथा सहकार सहयोगी, शहरी सहकारी बैंकों के लिए संवादात्मक संचालित प्लेटफॉर्म का अनावरण शामिल है। कार्यक्रम की एक प्रमुख उपलब्धि 50,000 पैक्स का ई-पैक्स में रूपांतरण होगी, जो जमीनी स्तर की सहकारी संस्थाओं के डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान बीज प्रणालियों को सुदृढ़ करने के लिए और बीच समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस अवसर पर अमित शाह डेयरी सहकारी समितियों के लिए आदर्श उप-विधियों और सहकारिता मंत्रालय की पिछले पांच वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक का विमोचन करेंगे। यह समारोह किसानों, महिलाओं, युवाओं, छोटे उत्पादकों, डेयरी किसानों, शहरी सहकारी संस्थाओं और ग्रामीण संस्थाओं को सहकार से समृद्ध तथा विकसित और आत्मनिर्भर भारत के विजन से जोड़ने वाले सहकारी इकोसिस्टम के निर्माण के प्रति मंत्रालय की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा।

## केंद्र ने जारी किए 25863 करोड़ रूपये की पहली किस्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने ग्रामीण भारत को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने विकसित भारत- गारंटी फार रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी-राम-जी योजना के तहत पहली किस्त के रूप में 25,863 करोड़ की भारी-भरकम राशि जारी कर दी है। सरकार का संकल्प है कि इस योजना के जरिये ग्रामीणों को सम्मानजनक रोजगार मिले और उनके पसीने की हर बूंद का सही मोल समय पर चुकाया जा सके। केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि इस राशि का उद्देश्य राज्यों के पास पर्याप्त फंड सुनिश्चित करना है ताकि श्रमिकों को 15 दिनों के भीतर उनकी मजदूरी मिल सके। उन्होंने राज्यों से अपना हिस्सा भी समय पर जारी करने की अपील की।

## मंदिर पब्लिक अथॉरिटी नहीं, यह कहकर पल्ला नहीं झाड़ सकता है सरकारी विभाग

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना आयोग ने सूचना के अधिकार को लेकर एक बेहद महत्वपूर्ण और संवेदनशील फैसला सुनाया है। सीआईसी ने पुडुचेरी के हिंदू धार्मिक संस्थान और वक्फ विभाग को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि कोई मंदिर पब्लिक अथॉरिटी नहीं है, सिर्फ इस दलील के आधार पर सरकारी विभाग मंदिर से जुड़े रिकॉर्ड सार्वजनिक करने की अपनी वैधानिक जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकता। दरअसल, यह पूरा मामला श्री वेदपुरीश्वर वरदराजपेरुमल देवस्थानम मंदिर से जुड़े रिकॉर्ड्स और बजट की जानकारी मांगने से जुड़ा है। एक आवेदक ने पुडुचेरी के हिंदू धार्मिक संस्थान और वक्फ विभाग से इस मंदिर के साल 2021 से 2025 तक के वार्षिक बजट, ऑडिट रिपोर्ट, संपत्तियों के हस्तांतरण और प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ आई शिकायतों तथा उन पर हुई कार्रवाई का ब्योरा मांगा था।

## कराची शॉपिंग सेंटर में आग, 72 लोगों की गई थी जान

**कराची।** कराची के गुल प्लाजा शॉपिंग सेंटर में लगी भीषण आग, जिसमें 72 लोगों की मौत हो गई थी, पाकिस्तान पुलिस की ओर से दायर चार्जशीट में एक 11 साल के लड़के को आरोपी बनाया गया है। यह नाबालिग लड़का, अपने पिता और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की मैनेजमेंट कमेटी के चार सदस्यों के साथ, पाकिस्तान की सबसे भयानक कमर्शियल बिल्डिंग आग की घटनाओं में से एक के मामले में मुकदमे का सामना करेगा। आग लगने के 72 लोगों की हुई मौत-यह आग 17 जनवरी को कराची के एमए जिन्ना रोड पर स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, गुल प्लाजा में लगी थी। इस आग में 72 लोगों की मौत हो गई, अन्य आठ लोग घायल हो गए और 1,153 दुकानें जलकर खाक हो गईं। दमकलकर्मियों को आग पूरी तरह बुझाने में लगभग एक हफ्ता लगा था। शनिवार को अदालत में दायर चार्जशीट के अनुसार, 11 साल का लड़का, जिसकी पहचान हुजैफा के तौर पर हुई है, अपने पिता की गैर-मौजूदगी में उनकी नकली फूलों की दुकान संभाल रहा था। आरोप है कि आग तब लगी जब वह माचिस की तीलियों से खेल रहा था।

## म्यांमार में नौकरी का खतरनाक जाल

**बैंकॉक।** म्यांमार में साइबर अपराध के बढ़ते मामले भारत समेत आसपास के कई देशों के युवाओं के लिए एक बड़ा दलदल बनता जा रहा है। ताजा रिपोर्ट की माने तो म्यांमार के साइबर अपराध के अड्डे एक बार फिर खुल गए हैं। पूरी बात को ऐसे समझा जा सकता है कि म्यांमार, थाईलैंड और लाओस की सीमाओं पर बने हाई-सिक्योरिटी अड्डों से इंसानी दर्द की ऐसी कहानियां सामने आ रही हैं, कंपा देने वाली हैं। मोटी सैलरी की नौकरी के झांसे में आकर म्यांमार पहुंचे करीब 800 से 1000 भारतीय इस वक्त वहां बंधक बने हुए हैं और जबरन साइबर ठगी के काले धंधे में धकेले जा चुके हैं। वीडियो जारी कर मांग रहे मदद-इस मामले का खुलासा तब हुआ जब हाल ही में महाराष्ट्र के नासिक के रहने वाले 30 वर्षीय कौस्तुभ शेजवाल ने एक वीडियो जारी कर भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है। अब किडनैपर्स उनकी रिहाई के बदले 8 लाख रुपये की फिरौती मांग रहे हैं। कौस्तुभ अप्रैल महीने से वहां बंधक हैं।

## विदेशी महिलाओं से गैंगरेप का क्रिप्टो कनेक्शन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान से इंसानियत को शर्मसार करने वाली एक ऐसी वारदात सामने आई है, जिसने न सिर्फ कानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ा दी हैं, बल्कि रिश्तों और रसूख के पीछे छिपे काले चेहरों को भी बेनकाब कर दिया है। लाहौर में नीदरलैंड और वेनेजुएला की दो विदेशी महिलाओं के अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म के मामले में अब एक नया और चौंकाने वाला मोड़ आया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि इस घिनौने अपराध के पीछे करोड़ों रुपये का क्रिप्टोकरेंसी विवाद था। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इस मामले का मुख्य आरोपित मुहम्मद रजा डार, पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार का करीबी रिश्तेदार (पोता) बताया जा रहा है।

## तीन नामों के पैनल में सबसे आगे शोभा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के दतिया विधानसभा सीट पर 30 जुलाई को मतदान होना है। कांग्रेस उम्मीदवार के नाम पर अंतिम मंथन में जुटी है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, संभावित उम्मीदवारों के पैनल में पूर्व विधायक राजेंद्र भारती की पत्नी शोभा भारती सबसे मजबूत दावेदार मानी जा रही हैं।

# अंधविश्वास ने ली 4 साल के मासूम की जान

## सांप काटने के बाद अस्पताल के बजाय झाड़-फूंक में उलझे परिजन

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

विज्ञान और चिकित्सा की तमाम आधुनिक सुविधाओं के बावजूद, आज भी अंधविश्वास लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ रहा है। यही कारण रहा कि शाजापुर जिले में जागरूकता की कमी और झाड़-फूंक के चक्कर में एक चार साल के मासूम बच्चे को अपनी जान गंवानी पड़ी। जहरीले सांप के काटने के बाद परिजन बच्चे को तुरंत अस्पताल ले जाने के बजाय तांत्रिक और देवस्थानों के चक्कर काटते रहे। जब तक वे अस्पताल पहुंचे, तब तक मासूम के शरीर में जहर पूरी तरह फैल चुका था और तमाम चिकित्सकीय प्रयासों के बावजूद उसकी मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह हृदयविदारक घटना जिले की मोहन बड़ोदिया तहसील के ग्राम उस्मानखेड़ी की है। शनिवार सुबह करीब सात बजे ईश्वर सिंह का चार वर्षीय पुत्र प्रीतम अपने घर के सामने खेल रहा था। इसी दौरान उसे एक जहरीले सांप ने काट लिया। बच्चे ने



तुरंत रोते हुए अपने परिजनों को इस घटना की जानकारी दी। सांप के काटने की बात सुनते ही परिजनों को बच्चे को लेकर फौरन अस्पताल भागना चाहिए था, लेकिन वे उसे एक देवस्थान पर झाड़-फूंक के लिए ले गए। इसी अंधविश्वास के चलते इलाज का वह महत्वपूर्ण समय (गोल्डन आवर) बर्बाद हो गया, जिसमें बच्चे की जान बचाई जा सकती थी। समय बीतने के साथ जहर का असर तेज होने लगा, बच्चे की तबीयत लगातार बिगड़ती गई और उसे सांस लेने में भी तकलीफ होने लगी।

हालत बेहद नाजुक होने पर परिजन घबराए और उसे शाजापुर के जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

**वेंटिलेटर पर भी नहीं बची जान**

जिला अस्पताल में बच्चे का इलाज करने वाले डॉ. ने बताया कि जब मासूम को अस्पताल लाया गया, तब उसकी स्थिति अत्यंत गंभीर थी। उसकी सांसें रुकने लगी थीं। चिकित्सकों की टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे तुरंत इंट्यूबेट किया और वेंटिलेटर सपोर्ट पर लेकर इलाज शुरू किया। हालांकि, जहर शरीर के अहम अंगों को नुकसान पहुंचा चुका था और शनिवार देर रात बच्चे ने दम तोड़ दिया। रविवार सुबह बच्चे के शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

**अंधविश्वास छोड़ें, तुरंत अस्पताल आएं-** इस दुखद घटना के बाद डॉक्टरों ने आमजन से विशेष अपील की है। उन्होंने कहा है कि सांप काटने की स्थिति में झाड़-फूंक, ताबीज या तंत्र-मंत्र पर बिल्कुल भरोसा न करें। ऐसे मामलों में हर एक मिनट कीमती होता है, इसलिए मरीज को बिना देरी किए तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल लेकर आएं। सरकारी अस्पतालों में एंटी-स्नेक वेनम इंजेक्शन सहित सभी आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयां और उपचार 24 घंटे उपलब्ध रहते हैं। समय पर इलाज मिलने से शत-प्रतिशत मरीजों की जान बचाई जा सकती है।

## वाटर पार्क के पास आकाशीय बिजली गिरने से विद्युत खंभे में लगी भीषण आग

**शाजापुर।** शहर में देररात अचानक मौसम के बदले मिजाज के बीच आकाशीय बिजली गिरने से एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। शहर के वाटर पार्क के समीप रात करीब 2 बजे तेज कड़कड़ाहट के साथ बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से विद्युत मंडल के खंभे में भीषण आग लग गई। गनीमत यह रही कि सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया, जिससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। अब इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जब पूरा शहर नींद के आगोश में था, तभी रात करीब 2 बजे के आसपास वाटर पार्क के पास आकाशीय बिजली गिरी। बिजली सीधे विद्युत मंडल के पोल पर जा गिरी, जिससे जोरदार फॉल्ट हुआ और देखते ही देखते खंभे ने विकराल आग पकड़ ली। अंधेरी रात में आग की ऊंची लपटें उठने से आस-पास के इलाके में दहशत का माहौल बन गया। घटना की जानकारी लगते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और विद्युत विभाग को इसकी सूचना दी।

## चुनावों से पहले करणी सेना ने खोला मोचा

**शाजापुर।** आगामी विधानसभा और पंचायत चुनावों से पहले करणी सेना ने मध्य प्रदेश सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अपना लिया है। शाजापुर पहुंचे करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल सिंह अम्मू ने राज्य सरकार और अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट पर सीधे तौर पर निशाना साधते हुए प्रदेश में एक नए सियासी तूफान को जन्म दे दिया है। उन्होंने जहां एक ओर किसानों की जमीनें जबरन हड़पने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की, वहीं अयोध्या ट्रस्ट में हुए कथित घोटाले की पारदर्शी और स्वतंत्र जांच पर जोर दिया। रविवार को शहर के एक निजी गार्डन में समाज के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के बाद सूरजपाल सिंह ने रेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में किसानों को डरा-धमकाकर उनकी जमीनों की खरीद-फरोख्त की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि उज्जैन सहित कई जिलों में ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां मुआवजे के नाम पर भी भारी अनियमितताएं बरती जा रही हैं।

## आरोपी चोर गिरफ्तार,बैटरी बरामद

**गुना।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के कुशल नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु लगातार त्वरित एवं सख्त कार्यवाहियों की जा रही हैं। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन एवं प्रभारी सीएसपी गुना आनंद राय के पर्यवेक्षण में कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भर्गव और उनकी टीम द्वारा थानांतर्गत नानाखेड़ी क्षेत्र में एक मैरिज गार्डन में रखे ऑटो से बैटरी चोरी का खुलासा करते हुए प्रकरण में आरोपी गिरफ्तार कर चोरी हुई बैटरी को बरामद कर लिया है। उल्लेखनीय है कि फरियादी कल्याण रजक निवासी ग्राम पिपरौदा खुर्द थाना कैंट गुना द्वारा कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 23 जून 2026 को दोपहर के समय उसने अपने ऑटो को नानाखेड़ी क्षेत्र स्थित एक मैरिज गार्डन में खड़ा किया था, रात में देखा तो ऑटो की बैटरी गायब थी।

## समीक्षा बैठक से नदारद 8 निजी स्कूलों के प्राचार्यो का थमाया नोटिस

**शाजापुर।** शासकीय योजनाओं और विभागीय कार्यों में लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिक्षा विभाग ने इसे लेकर अपने तेवर सख्त कर लिए हैं और काम में कोताही बरतने वालों पर कार्रवाई का सिलसिला शुरू कर दिया है। शहर में बुलाई गई एक महत्वपूर्ण विभागीय समीक्षा बैठक से बिना पूर्व सूचना के गायब रहना आठ निजी स्कूलों के संस्था प्रधानों को भारी पड़ गया।

विभाग ने इन सभी अनुपस्थित प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए विभागीय कार्यों की पूर्णता को लेकर तत्काल जवाब तलब किया है। शरद नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में जनशिक्षा केंद्र उमावि क्रमांक-2 एवं भरड़ के अंतर्गत आने वाले सभी शिक्षण संस्थाओं के प्रधानों की एक अहम बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विभागीय लक्ष्यों को तय समय-सीमा में पूरा करना और आगामी कार्ययोजना तैयार करना था। बैठक में 70 संस्था प्रधानों ने तो अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, लेकिन आठ निजी स्कूलों के संचालक बगैर किसी पूर्व सूचना के नदारद रहे। इस घोर लापरवाही पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से नोटिस जारी करने की कार्रवाई की। इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर विद्यार्थियों के शत-प्रतिशत नामांकन, यू-डाइस में स्टूडेंट्स प्रोग्रेशन व डाटा फाइनलाइजेशन की पूर्णता और शेष रहे विद्यार्थियों की अपार आईडी जल्द बनाने पर विशेष जोर दिया।

इसके अलावा, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने वाले एक पेड़ मां के नाम अभियान, स्कूल परिसर में आंगनवाड़ी केंद्रों की मैपिंग, इको क्लब गतिविधियों के संचालन और एजुकेशन पोर्टल पर निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों के वितरण की प्रविष्टि जैसे अहम मुद्दों पर भी संस्था प्रधानों से चर्चा की गई। साथ ही, एफएलएन शिक्षण की अद्यतन स्थिति, असाक्षर सर्वे की प्रगति और स्कूल चलें हम अभियान के द्वितीय चरण के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भी सख्त दिशा-निर्देश दिए गए।

# अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था को लेकर बैठक

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था सुदृढ़ीकरण एवं लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से कंट्रोल रूम राजगढ़ में पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने जिले के समस्त एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिले में अपराधों की वर्तमान स्थिति, लंबित प्रकरणों, गंभीर अपराधों में प्रभावी कार्रवाई, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, चोरी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों के शीघ्र खुलासे, महिला अपराधों की संवेदनशील एवं त्वरित विवेचना, स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी तथा न्यायालयीन प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग की विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे जनसहयोग से स्थापित कराने, चोरी एवं नकबजनी की घटनाओं का त्वरित डिटेक्शन सुनिश्चित करने तथा फरियादियों की शिकायतों का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण, नियमित पुलिस चौपाल आयोजित कर आमजन से संवाद स्थापित करने तथा कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में यातायात जागरूकता अभियान एवं सेफ क्लिक 2.0 अभियान को प्रभावी रूप से संचालित कर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। साथ ही साइबर अपराधों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा साइबर अपराधियों के विरुद्ध शीघ्र एवं कठोर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट रूप से कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता अथवा अनुशासनहीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे, एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा, एसडीओपी राजगढ़ अरविंद राठौर, एसडीओपी खिलचीपुर डी.वी.एस. नागर, एसडीओपी अजाक श्रीमती नेहा गौर, रक्षित निरीक्षक सुश्री उर्मिला चौहान सहित जिले के समस्त थाना प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

## अहिरवार समाज संघ गुना की महत्वपूर्ण बैठक में लिए कई निर्णय

**गुना।** अहिरवार समाज संघ के संस्थापक अमानसिंह नरवरिया के निर्देश अनुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार अहिरवार के मार्गदर्शन में अहिरवार समाज संघ गुना इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय अंबेडकर मांगलिक भवन में रविवार आयोजित की गई। उक्त बैठक में जिलेभर से अहिरवार समाज संघ के पूर्व पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से की गई। तत्पश्चात बैठक में सभी ने परिचय देकर अपने अपने विचार व्यक्त किए गए। उल्लेखनीय है कि यह बैठक प्रदेश की कार्यकारणी भंग होने के बाद गुना में पहली बैठक आयोजित की गई। जिसमें बैठक की अध्यक्षता कर रहे भगवान सिंह अहिरवार भूतम?) गुना ने सभी समाज के पूर्व पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का फूल माला पहना कर सम्मान किया। इस बैठक में नई कार्यकारिणी बनाने के लिए अहिरवार समाज संघ जिला गुना ने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। जिसमें संगठन को मजबूत करने का संकल्प।

# मूक प्राणियों के लिए देवदूत बनी गौरक्षा सेना, 5 अलग-अलग स्थानों पर घायल गोवंशों को दिया नया जीवन

**शाजापुर।** सच्ची सेवा और इंसानियत का इससे बड़ा उदाहरण क्या हो सकता है कि जब बेजुबान तड़प रहे हों, तो कोई उनके दर्द को अपना मानकर उनके इलाज के लिए दौड़ पड़े। शहर में गौरक्षा सेना ने कुछ ऐसा ही सेवाभाव दिखाते हुए समाज के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

सेना के युवाओं ने एक ही दिन में शहर के पांच अलग-अलग हिस्सों में पहुंचकर घायल और गंभीर रूप से बीमार गोवंशों का न सिर्फ रेस्क्यू किया, बल्कि मौके पर ही उनका सफल उपचार कर उन्हें नया जीवन दान दिया। गौरक्षा सेना के इस मैराथन सेवा अभियान की शुरुआत रविवार सुबह लगभग 9 बजे विजय नगर क्षेत्र से हुई। सांदीपनि ज्ञानपीठ स्कूल के सामने वाली गली में आवारा कुत्तों ने एक गोवंश को बुरी तरह घायल कर दिया था। इसकी सूचना गौरक्षा सेना के नगर महासचिव हर्षित परमार को



मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और गोवंश का त्वरित उपचार कर उसकी जान बचाई। इसके कुछ ही देर बाद दूसरी घटना टावर के सामने काशी विश्वनाथ मंदिर के पास सामने आई। वहां एक घर में नंदी महाराज टाइल्स पर फिसलने के कारण चोटिल हो गए थे और रात से उठ नहीं पा रहे थे। भूपेंद्र सहगल द्वारा सूचना दिए जाने पर धर्मेंद्र शर्मा, हर्षित परमार, अक्षय गुर्जर, प्रतीक सक्सेना, शिवम बिरथरे और प्रीतम चौहान की टीम तुरंत वहां पहुंची। युवाओं ने भारी मशक्कत के बाद रस्सियों की मदद से नंदी को सुरक्षित बाहर निकाला और उपचार कर उन्हें पुनः पैरों पर खड़ा करने में सफलता हासिल की। सेवा का यह सिलसिला पूरे दिन अनवरत चलता रहा। तीसरी घटना आदित्य नगर में काशी विश्वनाथ मंदिर के सामने वाली गली की थी, जहां एक गाय पिछले दो दिनों से गंभीर बीमार अवस्था में पड़ी थी। गौरक्षा सेना के प्रतीक सक्सेना को जैसे ही इसकी भनक लगी, उन्होंने पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर गाय का इलाज शुरू किया। वहीं, चौथी घटना लालघाटी स्थित हॉडा शोरूम के पास चित्तौड़ मार्बल एवं टाइल्स गोदाम पर देखने को मिली, जहां एक नंदी पिछले दिन सुबह से उठने में असमर्थ बैठा हुआ था। धर्मेंद्र शर्मा को जानकारी मिलने पर टीम ने मौके पर पहुंचकर अथक प्रयासों और उचित उपचार से नंदी को सफलतापूर्वक खड़ा किया। इसी तरह पांचवें मामले में नीमवाड़ी स्थित भैरू महाराज मंदिर के सामने एक गाय के शरीर से लगातार खून बहने की सूचना अंकित शर्मा को मिली। बिना समय गंवाए टीम वहां पहुंची और गाय का तत्काल उपचार कर उसे असहनीय दर्द से राहत दिलाई।

**24 घंटे सेवा के लिए तत्पर है गौरक्षा सेना-** एक ही दिन में अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर पांच गोवंशों की जान बचाकर गौरक्षा सेना शाजापुर ने यह साबित कर दिया है कि वे अपने सेवा संकल्प के प्रति कितने दृढ़ हैं। संस्था के सदस्यों ने बताया कि वे साल के 365 दिन और 24 घंटे गोवंश तथा अन्य मूक प्राणियों की रक्षा व सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। संस्था ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा है कि बेजुबान अपनी पीड़ा बयां नहीं कर सकते, इसलिए यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम उनकी मदद के लिए आगे आएं। शहर में कहीं भी कोई गोवंश या बेजुबान जानवर घायल, बीमार अथवा संकट में दिखाई दे, तो तुरंत गौरक्षा सेना को सूचित करें, ताकि समय रहते उनका उपचार कर उनके प्राण बचाए जा सकें।

न्यूज-कॉलम

## रवि माली हत्याकांड में आरोपी को भगाने में मददगार गिरफ्तार

**मंदसौर।** जग्गाखेड़ी रोड पर विगत 27 जून को हुए सनसनीखेज रवि माली हत्याकांड में कोतवाली पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। इस मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी का नाम लक्की (25) पिता मोहनलाल कुमावत निवासी नयागांव नरसिंहपुरा, मंदसौर है। इस आरोपी पर आरोप है कि उसने घटना के मुख्य आरोपियों में शामिल एक नाबालिग आरोपी को फरार होने में सहयोग किया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी लक्की को गिरफ्तार कर लिया है और उसके पास से वारदात में इस्तेमाल की गई बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल भी जब्त की है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि स्थानी कर्मचारी कॉलोनी स्थित रवि माली की हत्या के मामले में पुलिस पहले ही एक नाबालिग और तीन अन्य आरोपियों अजय वर्मा, आशीष वर्मा और संदीप उर्फ दिलीप उर्फ काला को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

## पुलिस ने दो लापता नाबालिग बच्चों को सुरक्षित खोजा

**मन्दसौर।** सिटी कोतवाली मंदसौर पुलिस ने अलग-अलग मामलों में लापता हुए दो नाबालिग बच्चों को दस्तयाब कर लिया है। पहले मामले में फरियादी सुभाष परमार निवासी बाफना जीनिंग स्टेशन रोड ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनका नाबालिग बेटा विगत 22 जून को बिना बताए कहीं चला गया था, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया था। पुलिस ने इस मामले में तत्परता से कार्रवाई करते हुए तकनीकी अनुसंधान की मदद से बालक को मुंबई के बांद्रा से सुरक्षित ढूंढ निकाला और वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इसी तरह दूसरे मामले में फरियादिया शहनाज निवासी कोठारी कॉलोनी ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग बेटी 30 जून को घर से बिना बताए कहीं चली गई है। पुलिस ने तत्काल अपहरण की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की और त्वरित कार्रवाई करते हुए बालिका को सकुशल ढूंढ निकाला व उसे माता-पिता को सौंप दिया गया है।

## नीमच में 40 होमगार्ड जवानों को बाढ़ आपदा का प्रशिक्षण दिया

**नीमच।** शुक्रवार से जिले मे बारिश का मौसम व दौर शुरू हो चुका है। जिले में कई जगह नदी नाले उफान पर आ जाते हैं और जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसके लिए शासन द्वारा एसडीआरएफ होमगार्ड जवानों की एक विशेष टीम बनाई गई है। जो की आपदा के समय पूरी तरह तैयार रहती है। मुख्यालय भोपाल के आदेश अनुसार नीमच में होमगार्ड जवानों को बाढ़ आपदा का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मोरवन डैम पर होमगार्ड कमांडेंट युवराज सिंह चौहान के कुशल मार्गदर्शन में लगभग ४० जवानों को बाढ आपदा प्रबंधन से निपटने हेतु विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस विशेष प्रशिक्षण में शामिल जवानों को तैराकी प्रशिक्षण, बोट संचालन प्रशिक्षण, आपदा के समय त्वरित क्या करना है इसकी जानकारी दी गई। सभी होमगार्ड के जवानों ने पूरे उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया ।

## नाबालीक बालिका को 24 घंटे मे पुलिस ने किया बरामद

**नीमच।** प्रदेश के मुख्यमंत्री, डीजीपी मध्यप्रदेश के द्वारा नाबालग बालक/बालिकाओ के दस्तयाबी के लिये चलाये व्यापी विशेष अभियान मे पुलिस अधीक्षक नीमच राजेश व्यास व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती हेमलता अग्रवाल एवं अनुविभागीय अधिकारी मनासा शावेरा अंसारी के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामपुरा उप निरीक्षक निलेश सोलंकी के नेतृत्व में थाना रामपुरा टीम के द्वारा नाबालीग बालीका को बरामद किया गया। पुलिस को 3 जुलाई 26 को फरियादी ने थाना हाजिर आकर मौखिक रिपोर्ट किया कि मेरी नाबालिक पुत्री जिसकी उम्र 13 वर्ष 6 माह है जो दिनांक २८.०६.२६ को रात्री मे नाराज होकर घर से कही चली गई है द्य जो वापस नही आई जिसे हमने आस पास देखा कही नही मिली द्य हमारे द्वारा आस पास रिश्तेदारी मे पता करते कोई पता नही चला ।

# वृक्षारोपरण से होती अच्छी वर्षा व बढ़ता है भू-जल स्तर -महापौर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



रतलाम नगर को ग्रीन रतलाम-क्लीन रतलाम बनाने हेतु अमृत हरित अभियान के तहत इस वर्षा ऋतु में वृहद पौधा रोपण किया जा रहा है जिसके तहत महापौर प्रहलाद पटेल ने वार्ड क्रमांक 9 स्थित त्रिमूर्ति नगर के उद्यान क्रमांक 3 वटेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, क्षेत्रिय पार्षद निशा सोमानी, सह. कोषाध्यक्ष राजेन्द्र पाटीदार, त्रिदेव सद्भावना सामाजिक कल्याण समिति, त्रिमूर्ति नगर कॉलोनी अध्यक्ष ब्रजेश झा व कॉलोनी के रहवासियों के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधो का रोपण कर उन्हे सहेजने का संकल्प कॉलोनीवासियों को दिलाया।

महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार है वे हमें सांस लेने के लिए ताजी ऑक्सीजन देते है साथ ही फल-फुल, छाया और औशधियां भी प्रदान करते है। पौधा रोपण से अच्छी वर्षा होने के साथ भू-जल स्तर भी बढ़ता है। हम सब मिलकर एक-एक पेड़ भी लगाये तो हमारी यह धरती ओर अधिक हरी-भरी बनेगी। इस अवसर पर त्रिमूर्ति नगर कॉलोनी अध्यक्ष ब्रजेश झा ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया एवं जन प्रतिनिधियों के समक्ष त्रिमूर्ति नगर के विकास एवं सौंदर्यीकरण से संबंधित विषयों पर चर्चा की गईं। कार्यक्रम मे समिति के पदाधिकारी विनोद शर्मा, राहुल शर्मा, आशुतोष राजपुरोहित, सुजीत मालवीय, राम धाकड़, अभिषेक शर्मा, महावीर बैरागी, सन्तोष पाटीदार, शम्भूलाल शर्मा, राधेश्याम महेश्वरी, धर्मेन्द्र सिंह सोलंकी, सुभाष पाटीदार, उमराव सिंह देवड़ा, कैलाश शर्मा, ललित मोहन कुशवाह, राकेश पुरोहित, श्यामलाल शर्मा, शक्ति सिंह सोलंकी, पवन कश्यप, कंवरलाल माली, लोकपाल सिंह, वैभव चतुर्वेदी ,लक्ष्मीनारायण सोलंकी, राजेंद्र मेहता सहित कॉलोनी के गणमान्य नागरिक, प्रभारी अधिकारी उद्यान अनिल पारा, उद्यान पर्यवेक्षक अनिल धाकड़ उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में समिति ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित नागरिकों का आभार सन्तोष पाटीदार द्वारा व्यक्त किया और कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण और जीवन का अमूल्य उपहार है।

## भरपूर वर्षा की कामना से जन्मदिन पर रजनी व्यास ने किया चौमुखा महादेव का अभिषेक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



सनातन धर्म महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती रजनी व्यास ने अपना जन्मदिन बागड़ो का वास स्थित श्री अगर जी के मंदिर में प्राचीन चमत्कारी श्री चौमुखा महादेव का अभिषेक कर मनाया। श्रीमती रजनी व्यास ने अपने जन्मदिन के अवसर पर भगवान श्री चौमुखा महादेव से इस वर्ष भरपूर वर्षा की प्रार्थना करते हुए विधि विधान एवं भक्ति भाव से अनेकों समाजजनों एवं परिजनों की उपस्थिति में अभिषेक किया गया।

इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण सभा अध्यक्ष नरेंद्र जोशी, श्रीमाली ब्राह्मण समाज अध्यक्ष नयन व्यास, सनातन धर्म महिला मंडल वरिष्ठ सदस्य हंसा व्यास, समाजसेवी प्रशांत व्यास एवं सुरेश दवे, महिला नेत्री श्रीमती सुनीता पाठक, रेखा ओझा, कविता व्यास, कृष्ण जैनम, प्रीति व्यास, सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश व्यास, कुलदीप त्रिवेदी, सुधांशु व्यास, अभिषेक संयोजक जुगल पंड्या, व्यवस्थापक अंकित मिश्रा आदि अनेक श्रद्धालुजन उपस्थित थे। सनातन धर्म सभा की ओर से रजनी व्यास का मंदिर परिसर में स्वागत कर जन्मदिन की बधाई दी गई। अभिषेक पंडित हार्दिक शर्मा द्वारा कराया गया ।

श्री सनातन धर्म सभा द्वारा संचालित दैनिक अभिषेक यजमान योजना के अंतर्गत पूर्व में भी अनेको श्रद्धालु जनों ने ईष्ट मित्रों के साथ अभिषेक किया। विगत दिवस इस कड़ी में बालक रोहिताश शर्मा के जन्म दिवस के अवसर पर उनकी माता श्रीमती स्नेह लता शर्मा, पिता आशुतोष शर्मा, बहन बेटियां शर्मा द्वारा सपरिवार चौमुखा महादेव का अभिषेक किया गया। वही प्रतिमाह अभिषेक का संकल्प को आगे बढ़ते हुए डॉक्टर ईश्वर बोराणा अभिभाषक ने भी श्री चौमुखा महादेव का अभिषेक संपन्न किया। इस अवसर पर अभिभाषक हेमा निरंजनी ने भी उपस्थित रहकर धर्म लाभ लिया।





## पर्यावरण संरक्षण का संकल्पः लायंस क्लब ने मानसून की शुरूआत में रोपे 101 पौधे

**मन्दसौर।** लायंस क्लब मंदसौर ने रविवार को मुल्तानपुरा रोड बायपास स्थित अरिहंत कोल्ड स्टोरेज परिसर में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। मानसून के आगमन के साथ ही पर्यावरण सुधार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए संस्था द्वारा विभिन्न प्रजातियों के कुल 101 फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। इस पौधारोपण अभियान में चम्पा, नीम, आम, जामुन और नींबू के पौधे प्रमुखता से रोपे गए। इन पौधों के उचित संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी भी तय की गई है ताकि वे भविष्य में बड़े वृक्ष बनकर पर्यावरण को शुद्ध कर सकें और आमजन के लिए हितकारी साबित हों। यह आयोजन लायन सौरभ बड़जात्या, गौरव बड़जात्या और लायन उत्तम झांझरी के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ. के.सी. श्रीमाल ने सभी से पर्यावरण संतुलन के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया ताकि मानव जीवन सुरक्षित रह सके। कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवेंद्र पुराणिक ने किया तथा आभार सचिव मयूर सुराणा ने माना। कार्यक्रम में क्लब के सुरेन्द्र नाहटा, डॉ. प्रदीप चेलावत, सुशील जैसवानी, सुभाष बग्गा, सुरेश धनोतिया, गौरव रत्नावत, सत्यनारायण छापरवाल, संदीप गुप्ता, सुनील विजयवर्गीय, शैलेंद्र चोरड़िया, निर्विकार रातड़िया, कपिल नाहटा, मनोज पोरवाल आदि भी उपस्थित थे। जिन्होंने प्रदेश में पौधारोपण के क्षेत्र में क्लब को सर्वोच्च स्थान पर ले जाने का संकल्प लिया।



## पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गश्त के दौरान 121 स्थायी व गिरफ्तारी वारंट तामील

**नीमच।** जिले में पुलिस द्वारा निरंतर कांबिंग गस्ट के दौरान एनडीपीएस एक?ट, आबकारी व अन्य अधिनियमों के तहत कुल 17 प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई हुई हैं। जिले के पुलिस थाना जावद एवं सिंगोली द्वारा कार्यवाही करते हुए 2 प्रकरणों में कुल 130 किलो 800 ग्राम अवैध डोडाचुरा जप्त, 2 आरोपी गिरफ्तार किये। जिला पुलिस अधीक्षक नीमच श्री राजेश व्यास के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती हेमलता अग्रवाल के मार्गदर्शन में दिनांक 4-5 जुलाई की दरमियानी रात जिला नीमच के समस्त थाना क्षेत्रों में एक विशेष कॉम्बिंग गश्त का आयोजन किया गया।इस वृहद अभियान के दौरान जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों एवं भारी पुलिस बल द्वारा पूरे जिले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की धरपकड़, आदतन अपराधियों/गुंडा-बदमाशों की चेकिंग, होटल लॉज व ढाबों की औचक चेकिंग तथा महिला संबंधी अपराधों के आदतन अपराधियों की सघन चेकिंग की गई। अभियान के दौरान जिले में 12 चिन्हित स्थानों पर संयुक्त चेकिंग पॉइंट लगाए गए। इस दौरान 180 से अधिक वाहनों की जांच की गई, जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 52 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर 23,600 का समन शुल्क वसूला गया।

# सेना से 17 वर्ष की सेवा कर लौटे तीन वीर सैनिकों का हुआ स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



भारतीय सेना के माध्यम से 17 वर्ष देश की सुरक्षा में समर्पित करने के बाद मंदसौर जिले के तीन सैनिक सकुशल अपने गृह ग्राम लौटे। इन वीर सैनिकों के आगमन पर जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। सेना से सेवानिवृत्त होकर लौटे मल्हारगढ़ तहसील के ग्राम जान्याखेडी के सैनिक कुँ. सुरेन्द्रसिंह चन्द्रावत, भावगढ़ के सैनिक अनिल कुमावत और झिरकन के सैनिक शिव नारायण गुर्जर का जिले के नागरिकों और पूर्व सैनिकों ने अभिनंदन किया।

सैनिक शिवनारायण गुर्जर के मंदसौर पहुंचने पर भारत माता चौराहे पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों ने साफा, श्रीफल और माला पहनाकर स्वागत किया। जब सैनिक अपने पैतृक गांव झिरकन पहुंचे, तो ग्रामवासियों ने उन पर पुष्पवर्षा की। इसी तरह तहसील दलौदा के ग्राम भावगढ़ के सैनिक अनिल कुमावत का दलौदा रेलवे स्टेशन पर पूर्व सैनिक परिषद द्वारा स्वागत किया गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने उन्हें गाजे-बाजे के साथ गांव की सीमा में प्रवेश कराया। मल्हारगढ़ तहसील के ग्राम जान्याखेडी के सैनिक कुँ. सुरेन्द्र सिंह चन्द्रावत के आगमन पर सर्वप्रथम पिपलिया मंडी रेलवे स्टेशन और फिर नगर परिषद द्वारा उनका जोरदार अभिनंदन किया गया।

गांधी चौराहे पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की मल्हारगढ़ तहसील इकाई ने साफा और श्रीफल भेंट कर सैनिक का गौरव बढ़ाया। इसके बाद जब वे अपने पैतृक गांव के लिए रवाना हुए, तो रास्ते में जगह-जगह ग्रामीणों ने फूलों की बारिश कर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर समाजसेवी विनय दुबेला, मार्गदर्शक श्रवण कुमार त्रिपाठी, सुरेश परमार, एस आर जांगिड़, एल एस चंद्रावत, जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर, कोषाध्यक्ष दशरथ चौहान, बाबूलाल सिसोदिया, हरिप्रसाद, नरेंद्र पाटीदार, ऋषिराज गुर्जर, ईश्वरलाल पाटीदार, नरेंद्र खटवड़, राजेंद्र सिंह राठौर, राजेंद्र सिंह शक्तावत आदि उपस्थित रहे।

## अवैध नल कनेक्शन को वैध करने हेतु वार्डवार शिविरों का आयोजन

**रतलाम ।** अवैध नल कनेक्शनों को वैध करने हेतु नगर निगम द्वारा 1 जुलाई से 11 सितम्बर तक वार्डवार शिविरों का आयोजन किया गया है जिसमें अवैध नल कनेक्शनधारी निर्धारित शुल्क 4500 रुपये जमा कराकर अपने नल कनेक्शन को अनिवार्य रूप से वैध करवायें समयवाधि पश्चात अवैध नल कनेक्शन को विच्छेद किया जाकर संबंधित से 13,500 की राशि वसूल की जाकर संबंधित के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जायेगा। अवैध नल कनेक्शनों को वैध करने हेतु वार्ड वार शिविरों के तहत वार्ड 5, 6, 7, 8 व 13 हेतु 6 से 11 जुलाई अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, वार्ड 9, 10, 11 व 12 हेतु 13 से 18 जुलाई कस्तुरबा नगर पानी की टंकी, वार्ड 14, 15 व 48 हेतु 20 से 22 जुलाई सुभाषनगर कम्युनिटी हॉल, वार्ड 17 हेतु 23 से 25 जुलाई खेतलपुर कम्युनिटी हॉल, वार्ड 18, 19 व 20 हेतु 29 जुलाई को दीनदयाल नगर टंकी, वार्ड 21, 22 व 44 हेतु 30 जुलाई से 1 अगस्त अमृत सागर झोन कार्यालय, वार्ड 23, 24 व 25 हेतु 3 से 5 अगस्त हरमाला पम्प हाउस, वार्ड 26 व 27 हेतु 6 से 8 अगस्त उंकाला कम्युनिटी हॉल, वार्ड 28 हेतु 10 से 11 अगस्त दिलीप नगर कम्युनिटी हॉल, वार्ड 29 हेतु 12 से 13अगस्त होमगार्ड कॉलोनी कम्युनिटी हॉल, वार्ड 30 व 31 हेतु 17 से 19 अगस्त महावीर नगर टंकी, वार्ड 32, 33, 34 व 35 हेतु शिविरों का आयोजन होगा।

# राष्ट्रीय ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का कलेक्टर ने किया शुभारंभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच





जिला शतरंज संघ, नीमच द्वारा आयोजित राष्ट्रीय ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को टाउन हॉल, नीमच में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में नीमच सहित मध्यप्रदेश एवं देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों द्वारा सहभागिता की जा रही है।

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शतरंज की पहली चाल चलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता की सबसे कम आयु की प्रतिभागी 4 वर्षीय सानवी गर्ग (नीमच) एवं सबसे वरिष्ठ प्रतिभागी 85 वर्षीय श्री आर.के. गुप्ता (झांसी) ने भी कलेक्टर श्री चंद्रा के साथ प्रतीकात्मक चाल चलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि एकाग्रता, धैर्य, अनुशासन, तार्किक सोच एवं निर्णय क्षमता विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि जिले में शतरंज के प्रति बढ़ते उत्साह को देखते हुए आगामी माहों में राष्ट्रीय स्तर की और शतरंज प्रतियोगिताएं आयोजित कराने के प्रयास किए जाएंगे। साथ ही जिले के खिलाड़ियों को नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शतरंज प्रशिक्षकों की व्यवस्था करने की दिशा में भी आवश्यक पहल की जाएगी।

कलेक्टर श्री चंद्रा ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रत्येक प्रतियोगिता सीखने, स्वयं को परखने और आगे बढ़ने का अवसर होती है। उन्होंने खिलाड़ियों से पूर्ण आत्मविश्वास, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा हैं, लेकिन निरंतर अभ्यास, सकारात्मक सोच और दृढ़ संकल्प ही खिलाड़ी को उत्कृष्टता के शिखर तक पहुंचाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

जिला शतरंज संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य शतरंज जैसे बौद्धिक खेल को प्रोत्साहित करना, जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर का मंच उपलब्ध कराना तथा उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना एवं आत्मविश्वास का विकास करना है। इस आयोजन से जिले की उभरती शतरंज प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

न्यूज कालम



## घटिय निर्माण के चलते सड़को का विकास बड़े बड़े गड्डो में तब्दील

**पिपलीया मंडी।**क्षेत्र में सड़कों के घटिया निर्माण की पोल पहली ही बारिश में खुल गई है।पिपलीया से खात्याखेड़ी बरखेड़ापन्थ फोरलेन तक व बावड़ी फंटे से लुनाहेड़ा तक कि सड़क में जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे होगये है इन गड्डो में सड़क ढूढना काफी मुश्किल काम होगया है।रविवार को जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा,वरिष्ठ कांग्रेसनेता छोटेलाल सैनी, महेश सेन लुनाहेड़ा ने क्षेत्र में सड़कों की हालत का जायजा लिया कांग्रेसनेताओ ने कहा कि थोड़े समय मे ही सड़के खराब होगई। सारी सडके भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है।सड़क में बड़े बड़े गड्डो से जहां एक ओर वाहनों चालको को पीड़ा होरही है तो दूसरी ओर वाहन भी क्षतिग्रस्त होरहे है।इन गड्डो के कारण सड़क दुर्घटनाए भी लगातार बढ़ रही है।

## 88 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**मंदसौर ।** जिले के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम देते हुए अंतर्राज्यीय डोडाचूरा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बरखेड़ा विरपुरिया फंटे पर पुलिस ने एक मिनी ट्रक को रोका, जिसकी तलाशी लेने पर उसमें से 88 किलोग्राम पिसा हुआ अवैध डोडाचूरा बरामद हुआ। इस मामले में हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन निवासी दिनेश पिता गुरपाल शर्मा और अमृतलाल पिता तीर्थराम शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने डोडाचूरा के साथ-साथ आरोपियों के कब्जे से मिनी ट्रक, दो मोबाइल फोन और ट्रक में लदा घरेलू सामान भी जब्त किया है। थाना नारायणगढ़ में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस पकड़े गए आरोपियों से डोडाचूरा के स्रोत के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है।

## जिला जेल में योग और आयुर्वेद प्रशिक्षकों का सम्मान



**मन्दसौर।** कैदियों के मानसिक और शारीरिक सुधार के उद्देश्य से जिला जेल मंदसौर में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जेल में निरुद्ध बंदियों को निरंतर योग, ध्यान और आयुर्वेद का प्रशिक्षण देने के लिए पतंजलि योग गुरु बंशीलाल टांक, योग-आयुर्वेद प्रशिक्षक ब्रजमोहन सोनी और उनके सहयोगी हितेश सोनी को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रभारी जेल अधीक्षक यशवंत मांझी ने इन प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जेल परिसर में समय-समय पर आयोजित होने वाले इन योग और ध्यान सत्रों से बंदियों को तनावमुक्त रखने और रिहाई के बाद समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में बड़ी मदद मिलती है। इस सराहनीय कार्य से कैदियों में सकारात्मक बदलाव आ रहा है ताकि वे भविष्य में पुनः किसी आपराधिक रास्ते पर न जाएं। जेल प्रशासन ने समाज हित में बिना किसी स्वार्थ के दी जा रही उनकी इस अनवरत सेवा की मुक्तकंठ से सराहना की।

## मन्दसौर में श्रमदानियों ने शिवना से निकाला एक ट्राली कचरा



**मंदसौर।** शिवना शुद्धिकरण अभियान अपने 132वें दिन भी पूरे उत्साह के साथ जारी रहा। इस रविवार को भी अभियान से जुड़े श्रमदानियों ने कड़ी मेहनत करते हुए नदी कचरा, जलकुंभी, प्लास्टिक की बोतलें और थैलियां बाहर निकालीं। दो घंटे तक चले इस सफाई अभियान के दौरान नदी के किनारों पर उगी झाड़ियों को साफ किया गया और करीब एक ट्राली गंदगी को नदी से दूर किया गया। इस विशेष अभियान में शामिल हुए क्षेत्र के विधायक विपिन जैन ने कहा कि हर रविवार को नियमित रूप से आ रहे इन सेवाभावी नागरिकों ने आज नदी से बड़ी मात्रा में वह प्लास्टिक कचरा निकाला है, जो जलीय जीवों और हमारे पर्यावरण के लिए एक गंभीर खतरा बना हुआ था। सफाई कार्य के साथ-साथ इस बार भी नदी के तटों को सुंदर बनाने के लिए फूलों के पौधे लगाए गए, इन पौधों के बड़े होने से नदी तट की प्राकृतिक सुंदरता तो बढ़ेगी ही, साथ ही हरियाली से आसपास का वातावरण भी शुद्ध होगा। इस दौरान रमेश सोनी, हेमराज खाबिया, बालकृष्ण दवे, राकेश जैन पिंटू, शांतिलाल मेमावत, अनुज भंडारी, कैलाश कुमावत, राजकुमार जोशी, रमेश धनगर, गणेशराम मालवीय, ईश्वरलाल मालवीय, रामप्रसाद मालवीय, राजू मालवीय, इष्टा भाचावत, राखी सत्रावाला, राजनारायण लाड़, विकास दशोरा, शैलेन्द्र गोस्वामी, दिलीप देवड़ा सहीत अन्य ने योगदान दिया।

## ऑटो की टक्कर के बाद विवाद,

**खंडवा।** शहर के एसएन कॉलेज रेलवे ब्रिज के पास सडक दुर्घटना के बाद विवाद मारपीट में बदल गया। कोतवाली पुलिस ने ऑटो चालक और उसके साथ मौजूद महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फरियादी अनुराग तिरोले ने बताया कि तेज रफ्तार ऑटो ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया।

## प्राचार्य किशोर परमार को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार

**महिदपुर।** शासकीय यशवंत उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महिदपुर के प्राचार्य किशोर परमार को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपे जाने पर विद्यालय परिवार एवं शिक्षा जगत में हर्ष का वातावरण है। इस अवसर पर शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने परमार को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में विकासखण्ड की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों को नई दिशा और गति मिलेगी। इसी क्रम में संजय त्रिवेदी एवं शांतिलाल सूर्यवंशी के शासकीय यशवंत उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महिदपुर में स्थानांतरण होने पर विद्यालय परिवार द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। पुष्पगुच्छ भेंट कर दोनों शिक्षकों का अभिनंदन किया गया तथा उनके अनुभव और सेवाओं से विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता में और अधिक वृद्धि होने की आशा व्यक्त की गई। विद्यालय परिवार ने प्राचार्य किशोर परमार को अतिरिक्त दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए नवागत शिक्षकों का स्वागत किया तथा उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की।

## साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता को लेकर बैठक संपन्न




**जगोटी** । साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता लाने के लिए सैफ क्लिक 2.0अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में जगोटी पंचायत भवन में शनिवार को राघवी थाना टी आई वीरेंद्र सिंह बंदेवार ने बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को साइबर अपराधों को लेकर विस्तृत जानकारी दी, आपने बताया कि इंटरनेट के माध्यम से सोशल मीडिया, फ्राड, फर्जी लिंक, फिशिंग, ओटीपी, बैंकिंग धोखाधड़ी, क्यू आर कोड़, फर्जी निवेश,, गोपनीय जानकारी को लेकर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि जागरूक रहकर ही हम इस आधुनिक धोखाधड़ी से बच सकते हैं। इस अवसर पर अनंत शर्मा, दिनेश वर्मा, जगन्नाथ शर्मा, गंगाराम चौधरी, सुरेश चौधरी, रमेश जाट, प्रभुलाल ठाकुर, बाबूलाल आंजना, रामेश्वर पटेल, शिवनारायण शर्मा ताजपुर, लालू सिंह यादव, मोहनलाल पांचाल सहित गणमान्य नागरिक गण मौजूद थे। संचालन अखिलेश सिंह व आभार अरविंद यादव ने व्यक्त किया। इस अवसर पर साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता संबंधी पर्चे बांटे गए।

## सड़क किनारे लगे सब्जी के हाथ ठेलों के कारण बिगड़ रही यातायात व्यवस्था



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले का ब्यावरा शहर इन दिनों अतिक्रमण और यातायात अव्यवस्था के कारण लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है पीपल चौराहे से अहिंसा द्वार तक तथा मुख्य बाजार और सुठालिया रोड पर लगातार बढ़ते अतिक्रमण और नियमों की अनदेखी के चलते राहगीरों वाहन चालकों और रहवासियों को प्रतिदिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा, यातायात को सुगम बनाने के लिए पीपल चौराहे पर लाखों रुपए की लागत से बने जिस पार्क को ध्वस्त किया गया था अब वह स्थान सब्जी विक्रेताओं की चपेट में आ चुका है, सड़क के दोनों और व्यापारियों ने अपनी दुकानों का सामान बोर्डिंग और बैनर सड़क तक फैला दिए इससे सड़क की चौड़ाई काफी कम हो गई स्थानीय नगर पालिका प्रशासन और पुलिस बल सड़क किनारे लगे सब्जी और फलफ्रूड के हाथ ठेलों को हटाकर यातायात व्यवस्था सुधारने का प्रयास किया गया लेकिन यह कार्यवाही अधिक समय तक प्रभावित नहीं रहती है कुछ ही दिनों के बाद फिर से हाथ ठेले सड़क किनारे लगने लगते है और पीपल चौराहा पहले की तरह अव्यवस्थित हो जाता है इससे राहगीरो और वाहन चालकों को हर समय जाम की स्थिति का सामना करना पड़ता है, उक्त समस्या का एक बड़ा कारण वाहनों का बीच सड़क पर खड़ा करना भी है, फिलहाल अब देखना है यह है कि नगर प्रशासन की यह व्यवस्था कितने दिन टिक पाती है।

## बैंक ऑफ इंडिया ने स्कूली छात्राओं को किया पुस्तकों एवं पेन का वितरण



**महिदपुर रोड।** शनिवार को नगर के कन्या है स्कूल में सामाजिक दायित्व निर्माण के तहत बैंक ऑफ इंडिया की स्थानीय शाखा द्वारा अपनी कॉपोरेट सोशल रिस्पॉन्सि बिलिटी योजना के अंतर्गत नगर के शासकीय कन्या हाई स्कूल, में स्कूली छात्राओं को अध्ययन सामग्री के रूप में पुस्तकें एवं पेन वितरित किये। कार्यक्रम में बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक विनय शाक्य, क्रेडिट अधिकारी सोनू राठौड़, लखन डांगी एवं प्रह्लाद पोरवाल उपस्थित रहे। प्राचार्य अनिल सेठिया गोपाल तंवर ,बापूलाल चंद्रवंशी आदि ने बैंक अधिकारियों का स्वागत किया। बैंक शाखा प्रबंधक शाक्य ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को मन लगाकर अध्ययन करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के लिये निरंतर प्रयास करने के लिये प्रेरित किया साथ ही बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानका री छात्राओं प्रदान की बैंक ऑफ इंडिया के सामाजिक एवं सराहनीय पहल पर स्कूली छात्राओं के चेहरे पर खुशी के भाव दिखाई दिये। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका पूनम रॉय ने किया आभार शिक्षक बापूलाल चंद्रवंशी ने माना।

### मानसून में जनहानि रोकने के लिए एक्शन मोड में नगर पालिका

# सारंगपुर थाना परिसर के तीन जर्जर भवनों को जेसीबी से किया गया जमींदोज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

आगामी वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही शहरवासियों की सुरक्षा को चाक-चौबंद करने के लिए नगर पालिका परिषद सारंगपुर पूरी तरह से एक्शन मोड में नजर आ रही है। मानसून के दौरान जर्जर और कमजोर ढांचों के गिरने से होने वाली संभावित अप्रिय घटनाओं और जनहानि को रोकने के लिए नगर पालिका द्वारा शहरभर में एक विशेष सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कडी में गुरुवार को नगर पालिका की टीम ने सीएमओ दीपक रानवे के नेतृत्व में बडी कार्रवाई करते हुए स्थानीय थाना परिसर में स्थित तीन अत्यंत पुराने और जीर्ण-शीर्ण हो चुके भवनों को जेसीबी मशीन की मदद से सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया।

सीएमओ दीपक कुमार रानवे ने बताया कि भवनों को ढाए जाने के तुरंत बाद मौके से मलबे को हटाने का कार्य भी नगर पालिका के अमले द्वारा शुरू कर दिया गया, ताकि आवागमन में कोई बाधा उत्पन्ना हो।

सीएमओ श्री रानवे ने स्पष्ट किया कि नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। वर्षा ऋतु के दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी तारतम्य में नगर पालिका परिषद सारंगपुर द्वारा मानसून पूर्व पूरे शहर में जीर्ण-शीर्ण और खतरनाक भवनों का एक विस्तृत सर्वे कराया गया है। सर्वे के आधार पर, नगर पालिका सीमा के अंतर्गत आने वाले ऐसे सभी निजी और व्यावसायिक कमजोर भवनों को चिन्हित किया गया है। जन सुरक्षा को प्रभावित करने वाले इन भवन स्वामियों को मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम की धारा 221 के अंतर्गत वैधानिक सूचना पत्र (नोटिस) जारी किए जा चुके हैं। नोटिस के माध्यम से मकान मालिकों को स्पष्ट हिदायत दी गई है कि वे या तो अपने खतरनाक हिस्सों को स्वयं हटा लें या आवश्यक होने पर तकनीकी सुधार (रिपेयरिंग) सुनिश्चित करें। थाना परिसर में आज हुई इस महत्वपूर्ण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान मुख्य रूप से निकाय उपयंत्री विक्की ब्राह्मणे, नगर पालिका कर्मचारी गौरव शर्मा, गोकुल पुष्पद सहित नगर पालिका का राजस्व और मस्टर अमला मुस्तैद रहा। नगर पालिका की इस त्वरित और सुरक्षात्मक कार्रवाई की जागरूक नागरिकों और पुलिस प्रशासन द्वारा भी सराहना की जा रही है।



### बारिश में बना हुआ था अचानक गिरने का गंभीर खतरा

कार्रवाई के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सीएमओ रानवे ने बताया कि थाना परिसर में बने ये तीनों सरकारी भवन काफी समय से खाली पडे थे और देखरेख के अभाव में अत्यंत जर्जर व खोखली स्थिति में पहुंच चुके थे। आगामी भारी बारिश के मौसम में इन भवनों के अचानक भरभरा कर गिरने का गंभीर खतरा बना हुआ था। चूंकि थाना परिसर में दिनभर आम नागरिकों, फरियादियों और पुलिसकर्मियों की भारी आवाजाही रहती है, इसलिए जन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन खतरनाक ढांचों को समय रहते हटाना बेहद अनिवार्य हो गया था।

### खतरनाक ढांचों पर आगे भी जारी रहेगी सख्त कार्रवाई

जिन जीर्ण-शीर्ण या खंडहर हो चुके भवनों के आसपास लगातार आम लोगों और वाहनों का आवागमन बना रहता है, उन पर नगर पालिका द्वारा जनहित और जन सुरक्षा की दृष्टि से नियमानुसार कडी कार्रवाई की जाएगी। लापरवाही बरतने वाले भवन स्वामियों के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी।

**दीपक रानवे, सीएमओ, सारंगपुर**

### सड़क चौड़ीकरण से पाईप लाईन क्षतिग्रस्त

# पेयजल सप्लाई बंद 15 दिन से पानी के लिए गांव में हाहाकार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंगोरिया



उन्हेल से इंगोरिया सड़क चौड़ीकरण कार्य चल रहा है। नाला निर्माण हेतु की गई खुदाई से गांव से चौपाटी तक 1 किलोमीटर के दायरे में जगह जगह से पाईप लाईन फुट गई है। ग्राम वासियों और चौपाटी के लोगों को 15 दिन से पेय जल आपूर्ति नहीं हो रही है।

ग्राम पंचायत भी आम लोगों को पेय जल आपूर्ति करवाने हेतु प्रयास नहीं कर रही है। लोगों को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। गांव में पानी के लिए हाहाकार और निजी बोरवेल वालों के यहां अफरा तफरी मची हुई हैं। 15 दिन पहले स्कूल के सामने नाला निर्माण हेतु गड्ढा खोदा गया था तब भी 10 दिन तक जल सप्लाई बंद हो गई थी। ठेकेदार मेसर्स रमेश कुमार बंसल के द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। जे सी बी से पुरानी सड़क और नाले की खुदाई की गई थी जिससे ग्राम पंचायत की नल जल योजना की पाईप लाईन फुट गई थी। गांव से चौपाटी तक 1 किलोमीटर के दायरे में 3-4 जगह से क्षतिग्रस्त हो गई है। जिससे 15 दिन से ग्राम की नल जल व्यवस्था ठप्प पड़ी है। नल जल योजना बंद होने से पूरे ग्राम को जल की आपूर्ति ग्राम पंचायत द्वारा भी नहीं करवाई जा रही है।

### गांव में टैंकर से जल की व्यवस्था की जाए

ग्रामवासियों ने ग्राम पंचायत से मांग की है कि जब तक पाईप लाईन दुरस्त नहीं हो गांव में टैंकर से जल की व्यवस्था की जाए। नल जल योजना के ऑपरेटर भगवान परमार ने बताया कि शुक्रवार को चौपाटी पर दोबारा से खुदाई कर टूटी हुई पाइप लाइन को ढूंढने का प्रयास किया गया था पर सफलता नहीं मिली।



## संस्था के 15 वर्ष पूर्ण होने पर स्कूली बच्चों को बांटे बैग और कॉपियां

**सारंगपुर।** सफलता और समाज सेवा जब एक साथ मिलते हैं, तो वह पूरे समाज के लिए प्रेरणा बन जाते हैं। ऐसा ही एक सराहनीय उदाहरण पेश किया है पूजा पैथोलॉजी लैब सारंगपुर ने। अपनी स्थापना के सफलतापूर्वक 15 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में, लैब द्वारा ग्राम बाबल्दा के शासकीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, कॉपियां और पेन वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी ठाकुर बद्रीलाल राजपूत ने की। इस अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बनवारीलाल मालवीय, सेवादल जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, यशवंत सिंह, अन्तर सिंह, मोहन सिंह, विजय सिंह, महेंद्र सिंह, संतोष सिंह सहित बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन केपी बना ने किया एवं आभार प्रदर्शन ठाकुर हिन्दू सिंह राजपूत ने व्यक्त किया। अपने उद्बोधन में ठाकुर हिन्दू सिंह राजपूत ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा समाज को दिशा दिखाने के साथ-साथ एक सशक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में फरार आरोपियों, स्थाई वारंटियों एवं गंभीर अपराधों में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बोडा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार किया। नाबालिक बालिका की रिपोर्ट पर आरोपी अंकित पिता विजेन्द्र सासी निवासी हुलखेडी के विरुद्द महिला थाना राजगढ एवं थाना बोडा मे अपराध कायम कर विवेचना मे लिया मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी बोडा ने विशेष टीम गठित कर आरोपी को जो ग्राम हुलखेडी मे छिपा हुआ था को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया।

### गेहूं उपार्जन में अनियमितता पर जिला प्रशासन सख्त –

# समिति प्रबंधकों, कंप्यूटर ऑपरेटरों एवं राजस्व अधिकारियों पर की गई कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़

रबी विपणन वर्ष 2026-27 के गेहूं उपार्जन के दौरान किसान पंजीयन एवं सत्यापन प्रक्रिया में अनियमितताएं पाए जाने पर जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। जांच प्रतिवेदनों के परीक्षण में यह तथ्य सामने आया कि कुछ प्रकरणों में किसान पंजीयन नीति के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया तथा भूमि अभिलेखों एवं आधार कार्ड में दर्ज नामों की विसंगति के बावजूद सत्यापन कर पंजीयन स्वीकृत कर दिया गया। इसके परिणामस्वरूप अपात्र अथवा अन्य व्यक्तियों के रकबे के आधार पर गेहूं उपार्जन किए जाने से शासन को आर्थिक क्षति पहुंचने की स्थिति निर्मित हुई। जांच में पाया गया कि किसान पंजीयन नीति के निर्धारित प्रावधानों के अनुसार केवल उन्हीं किसानों का पंजीयन किया जाना था, जिनके भूमि अभिलेख एवं आधार कार्ड में दर्ज नाम समान हों वहीं नामों में विसंगति होने की स्थिति में तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार द्वारा पटवारी प्रतिवेदन के आधार पर विधिवत सत्यापन के उपरांत ही पंजीयन मान्य किया जाना था। संबंधित प्रकरणों में इन प्रावधानों का उल्लंघन पाया गया।

# साइबर अपराधों से बचाव के लिए महिदपुर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान, 3500 से अधिक लोगों को किया जागरूक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर





पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान के अंतर्गत महिदपुर थाना पुलिस ने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक साइबर जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों एवं आमजन को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। अभियान के दौरान करीब 3500 लोगों को साइबर ठगी से बचने के संबंध में जानकारी दी गई।

यह अभियान पुलिस अधीक्षक उज्जैन प्रदीप शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) करणदीप सिंह (भापुसे) तथा एसडीओपी महिदपुर जेंडेन लिंगजेरपा (भापुसे) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

थाना पुलिस ने तहसील कार्यालय, बस स्टैंड, विजय स्तंभ, फकीर मोहल्ला, ग्राम पंचायत नारायणा, नारायणा चौराहा, अयोध्या बस्ती चौराहा, कटन चौराहा, लाखाखेड़ी, बागला, चोरवासा, धाराखेड़ा, धुलेट, कढ़ाई, जमातखाने के सामने, गोरी दूध डेयरी (नारायणा रोड), सेंट जोसेफ स्कूल, हाई सेकेंडरी स्कूल, इंदिरा कॉलोनी, अंबेडकर चौराहा तथा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी एवं पासवर्ड किसी के साथ साझा नहीं करने, पुलिस द्वारा वीडियो कॉल के माध्यम से गिरफ्तारी नहीं किए जाने, क्यूआर कोड स्कैन करते समय सावधानी बरतने तथा साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी।

इस अभियान में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाटीदार के नेतृत्व में उप निरीक्षक एन.एस. कनेश, उप निरीक्षक अन्नपूर्णा कठेरिया, उप निरीक्षक सुखसेन अरियाम, सहायक उप निरीक्षक वीरेन्द्र प्रतापसिंह परिहार, सहायक उप निरीक्षक पन्नालाल अलावे सहित थाना महिदपुर पुलिस के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भूमिका रही।

## मोतीलाल व्यास को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित

**नागदा।** श्री सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण समाज नागदा द्वारा समाज के अग्रज एवं वरिष्ठ समाजसेवी स्व. मोतीलाल व्यास पटेल (ग्राम नागुखेड़ी, जिला देवास) के देवलोकगमन पर प्रकाश नगर नागदा स्थित समाज की धर्मशाला में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में समाज के वरिष्ठजनों ने व्यास के समाज सेवा, सादगी एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्व का स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सुंदरलाल जोशी, रामचंद्र त्रिवेदी, चंदनसिंह व्यास, डॉ. आर.सी. रावल, प्रहलादसिंह पंड्या, निरंजन उपाध्याय, डॉ. कैलाश जोशी, मांगीलाल शर्मा, देवेश मेहता, श्रीमती निर्मला रावल, महिला मंडल अध्यक्षा श्रीमती सुमित्रा पंड्या, श्रीमती शारदा व्यास तथा गोविंद माधव ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप रावल ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए स्व. व्यास के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि व्यक्त की। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित समाजजनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का समापन शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना के साथ हुआ। जानकारी मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।



## सुठालिया वृहद सिंचाई परियोजना का मंत्री पंवार ने किया स्थल निरीक्षण



**ब्यावरा-राजगढ़** । प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी सुठालिया वृहद सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्यों का शनिवार को प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार ने स्थल पर पहुंचकर विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने निमार्णाधीन मुख्य बांध सहित परियोजना के विभिन्न कार्यों का अवलोकन कर प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों से निर्माण की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री श्री पंवार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना के प्रत्येक कार्य को निर्धारित तकनीकी मानकों, उच्च गुणवत्ता एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्वती नदी पर राजगढ़ जिले की सुठालिया तहसील की बैराड ग्राम के नजदीक निर्मित हो रही यह परियोजना प्रदेश की प्रमुख वृहद सिंचाई योजनाओं में शामिल है। वर्ष 2018 में इस परियोजना को 1,375.24 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। साथ ही परियोजना अंतर्गत लगभग 25.50 मीटर ऊंचा, लगभग 4 किलोमीटर लंबा तथा 20 रेडियल गेटयुक्त कंपोजिट बांध निर्मित किया जा रहा है।बांध की सकल जल भंडारण क्षमता 201.35 मिलियन घनमीटर तथा लाइव स्टोरेज क्षमता 183.70 मिलियन घनमीटर होगी। इसके साथ दो अत्याधुनिक पंप हाउसों का निर्माण कर प्रेशराइज्ड पाइपलाइन आधारित आधुनिक सिंचाई प्रणाली विकसित की जा रही है, जिससे लगभग 49,800 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना से 174 ग्रामों को प्रत्यक्ष सिंचाई लाभ मिलेगा, जिनमें सुठालिया तहसील के 73, ब्यावरा तहसील के 71 तथा नरसिंहगढ़ तहसील के 30 ग्राम शामिल हैं।

**पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मिसाल:**

## जाटव ने मोहल्ले वासियों के साथ मिलकर रोपे 11 पौधे



**सारंगपुर।** स्थानीय कस्बे में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढावा देने के लिए एक बेहद सराहनीय और अनुकरणीय प्रयास सामने आया है। कस्बे के प्रसिद्ध गायत्री मंदिर के ठीक सामने रहने वाले सजग और जागरूक नागरिकों ने न केवल सामूहिक रूप से पौधारोपण किया, बल्कि उनकी नियमित देखरेख सुनिश्चित कर उन्हें एक नया जीवन भी दिया है। इस पुनीत और लोक-कल्याणकारी कार्य में स्थानीय निवासी रामप्रसाद जाटव और उनके मोहल्ले वासियों की मुख्य भूमिका अत्यंत प्रेरणादायी सिद्ध हो रही है। आमतौर पर अधिकांश लोग वर्षा ऋतु के आगमन पर ही पौधारोपण करना पसंद करते हैं, क्योंकि उस समय पौधों को प्राकृतिक रूप से पानी मिल जाता है और उनके जीवित रहने की संभावना अधिक होती है। इसके विपरीत, उदनखेडी के इन कर्मठ निवासियों ने सबसे कठिन समय यानी भीषण और चिलचिलाती गर्मी के मौसम में इस पुनीत अभियान की शुरूआत की थी। उन्होंने गायत्री मंदिर क्षेत्र के सामने खाली पड़ी बंजर और सूखी भूमि का चयन किया और वहाँ 11 विभिन्ना छायादार व फलदार प्रजातियों के पौधे रोपे। उस झुलसा देने वाली गर्मी में छोटे-छोटे नाजुक पौधों को बचाए रखना एक बेहद बड़ी और कठिन चुनौती थी, लेकिन मोहल्ले वासियों के दृढ़ संकल्प के आगे मौसम की मार भी पूरी तरह फीकी पड़ गई।



## चलते ई-रिक्शा को बंद करने वाले चाइनीज एप बैन



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली समेत कई शहरों में ई-रिक्शा चालकों के लिए परेशानी बने 7 एप को सरकार ने एप स्टोर से हटाने के आदेश दिए हैं। इनमें इअळ-इटर, स्मार्ट इटर, लॉसिजी और इपोच ली-आयन शामिल हैं। आईटी मंत्रालय ने इसकी जानकारी शुक्रवार को दी। हालांकि, ये एप प्ले स्टोर पर अब भी मौजूद हैं।

हाल ही में शिकायतें मिली थीं कि कुछ लोग इन एप से ब्लूटूथ के जरिए ई-रिक्शा की बैटरी को बंद कर चलते ई-रिक्शा को रोक देते थे। इससे चालकों को काफी परेशानी हो रही थी। इन घटनाओं के वीडियो भी वायरल हुए। दरअसल, कुछ ई-रिक्शा की लीथियम बैटरियों का ब्लूटूथ मैनेजमेंट सिस्टम बिना पासवर्ड या कमजोर सुरक्षा के था, इसलिए एप उससे कनेक्ट हो गया। हालांकि, कारों के बैटरी सिस्टम में मजबूत सुरक्षा और एन्क्रिप्शन होता है, इसलिए कोई सामान्य एप उनसे कनेक्ट नहीं हो सकता।

### चीनी कंपनी ने ये एप क्या ई-रिक्शा के लिए थे?

नहीं, कंपनी ने इन एप को ई-रिक्शा को कंट्रोल करने के लिए नहीं बनाया था। इसका मुख्य उद्देश्य सौर ऊर्जा उपकरणों और नावों या जहाजों की बैटरी में लगी लीथियम बैटरियों की सेहत पर नजर रखना था। इन एप का डिस्चार्ज ऑन/ऑफ फीचर सुरक्षा और रखरखाव के लिहाज से दिया गया था, ताकि जरूरत पड़ने पर बैटरी ओनर पावर कट कर सके। लेकिन भारत में इसका इस्तेमाल ई-रिक्शा की बैटरियों को रिमोटली बंद करने के लिए किया जाने लगा।

# भूटान का भारत से ई-20 पेट्रोल लेने से इनकार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत सरकार के ई20 यानी 20% एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल के फैसले पर जहां देश में विवाद और विरोध चल रहा है, वहीं पड़ोसी देश भूटान ने भारतीय ऑयल कंपनियों के ई20 पेट्रोल लेने से मना कर दिया है। भूटानी मीडिया 'द भूटानीज' की रिपोर्ट के मुताबिक, भूटान ने भारत से अनुरोध किया है कि जब तक भारतीय बाजार में नॉर्मल पेट्रोल उपलब्ध है, तब तक उन्हें बिना मिलावट वाला पुराना पेट्रोल ही सप्लाई किया जाए। भूटान के अधिकारियों के मुताबिक, देश का फ्यूल स्टोरेज इंफ्रास्ट्रक्चर काफी पुराना है। वहां के पेट्रोल पंपों के फ्यूल टैंक जमीन के नीचे (अंडरग्राउंड) बने हैं, जिनमें पानी रिसने यानी सीपेज का खतरा रहता है।

नॉर्मल पेट्रोल के मुकाबले एथेनॉल ब्लेंडेड ई20पेट्रोल में हाइड्रोक्सिल ग्रुप होता है, जो हवा या आसपास की नमी को बहुत तेजी से सोखता है (हाइग्रोस्कोपिक नेचर)। अगर ए20 पेट्रोल को ऐसे टैंकों में रखा जाए जहां पानी का रिसाव हो, तो पेट्रोल में पानी मिल जाएगा।

### पहाड़ी रास्तों पर गाड़ियों के परफॉर्मेंस की चिंता

भूटान का इलाका पूरी तरह से पहाड़ी और ऊंचा-नीचा है। ऐसी चढ़ाई वाले रास्तों पर गाड़ियों को चलने के लिए मैक्सिमम पावर यानी ज्यादा ताकत की जरूरत होती है। भूटानी अधिकारियों को डर है कि एथेनॉल मिला हुआ पेट्रोल पहाड़ी रास्तों पर गाड़ियों को वो परफॉर्मेंस और पावर नहीं दे पाएगा, जो नॉर्मल पेट्रोल देता है।




### भारत में क्यों हो रहा है ई20 पेट्रोल का विरोध?

भारत में 20 प्रतिशत एथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल के इस मिश्रण का विरोध हो रहा है। खासकर 2023 से पहले बनी पेट्रोल गाड़ियों के मालिक परेशान हैं। उनका दावा है कि इस फ्यूल से गाड़ियों का माइलेज कम हो रहा है, मेंटेनेंस का खर्च बढ़ गया है और इंजन के पार्ट्स जल्दी खराब हो रहे हैं। हालांकि, भारत सरकार का कहना है कि एथेनॉल से माइलेज में मामूली कमी जरूर आती है, लेकिन इससे गाड़ी का पिकअप और इंजन परफॉर्मेंस बेहतर होता है। भूटान अपनी जरूरत का पूरा ईंधन भारत से ही खरीदता है। फिलहाल भूटान भारत से महंगे और हाई-एक्सपोर्ट क्वालिटी वाले पेट्रोल-डीजल की खरीद करता है, जो भारतीय पेट्रोल पंपों पर मिलने वाले फ्यूल से ज्यादा शुद्ध और महंगा होता है। अधिकारियों का कहना है कि अगर भारत गलती से ई20 पेट्रोल भूटान भेज भी देता है, तो उसे आसानी से पकड़ा जा सकता है। एथेनॉल वाले पेट्रोल में जरा सा भी पानी मिलते ही उसका रंग दूधिया हो जाता है, जिससे टेस्ट के दौरान तुरंत पकड़ में आ जाएगा।



### एडवांस नोटिस और लीक-प्रूफ टैंक की मांग

चुनौतियों को देखते हुए भूटान सरकार ने भारतीय ऑयल मार्केटिंग कंपनियों से कहा है कि अगर वे भविष्य में एथेनॉल का ब्लेंडिंग प्रतिशत बढ़ाते हैं या पूरी तरह एथेनॉल पेट्रोल ही सप्लाई करने का फैसला करते हैं, तो इसकी जानकारी पहले से दी जाए। साथ ही भूटान ने भारत से लीक-प्रूफ टैंक उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया है।



## अब ज्वेलर्स के पास भी जमा कर सकेंगे सोना, बैंक लॉकर की तरह 2.5% तक ब्याज मिलेगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अब आप अपने सोने को बैंक लॉकर की तरह ज्वेलर्स (सराफा व्यापारी) के पास भी जमा कर सकेंगे। खास बात ये है कि इससे आपको 2.5% तक का ब्याज भी मिल सकता है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकार अगले दो हफ्तों के में एक नई और अपडेटेड ह्यगोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीमह्न का एलान कर सकती है। नई स्कीम में देशभर के सराफा व्यापारियों को 'कलेक्शन पार्टनर्स' के रूप में शामिल किया जा सकता है, जिससे वे आम लोगों से सोना जमा कर सकेंगे। इससे पहले सिर्फ बैंकों को ही सोना जमा करने की अनुमति थी।

सरकार का यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस अपील के बाद आया है, जिसमें उन्होंने देश के लोगों से एक साल तक सोना न खरीदने की बात कही थी। 'ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन' ने कहा है कि नए फ्रेमवर्क के तहत ज्वेलर्स को कलेक्शन पार्टनर बनाने से घरों में रखे सोने को इकट्ठा करने में तेजी आएगी। इससे उम्मीद है कि सरकार बाजार से 1000 टन से ज्यादा सोना जुटा सकेगी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगर भारतीय परिवारों के पास मौजूद कुल सोने का सिर्फ 5% हिस्सा भी इस नई स्कीम में जमा होता है, तो इससे देश के बाजार में करीब 90 अरब डॉलर (लगभग 8.57 लाख करोड़ रुपए) की नकदी आ सकती है। इससे भारत को 2 साल तक बाहर से सोना नहीं मंगाया पड़ेगा, डॉलर की मांग घटेगी और भारतीय रुपया मजबूत होगा।

### इंस्टाग्राम पर बाल यौन शोषण विज्ञापन मामले में नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** इंस्टाग्राम पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़े कंटेट को बढ़ावा देने वाले विज्ञापनों को लेकर सरकार ने पैरेंट कंपनी मेटा को नोटिस भेजा। कंपनी को 7 दिन में इस नोटिस का जबाव देना होगा। ये नोटिस 4 जुलाई को जारी किया गया है। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार इंस्टाग्राम को अपने प्लेटफॉर्म पर बाल यौन शोषण को बढ़ावा देने वाले या ऐसे कंटेंट तक पहुंच बनाने वाले सभी विज्ञापनों को तुरंत ब्लॉक करने और हटाने के निर्देश दिए हैं।




### 21 साल की ईला ने विंबलडन चैंपियन स्वियातेक को हराया

## स्वियातेक बोली थीं- जो भी करना, 100 प्रतिशत देना, 3 साल बाद ईला ने मात दी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विंबलडन में शनिवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला। ऑल इंग्लैंड क्लब के सेंटर कोर्ट पर 21 साल की एलेक्जेंड्रा ईला ने डिफेंडिंग चैंपियन इगा स्वियातेक को 7-6 (9), 6-2 से हराकर टूनामेंट से बाहर कर दिया। वे किसी भी ग्रैंड स्लैम सिंगल्स के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली फिलीपींस की पहली खिलाड़ी बन गई हैं।

मैच जीतने के बाद ईला कोर्ट पर घुटनों के बल बैठ गईं और भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा, ह्यअपने देश के लोगों का समर्थन मेरे लिए बेहद खास है। यह जीत मैं अपने परिवार और फिलीपींस की सभी छोटी लड़कियों को समर्पित करती हूं।



3 साल पहले स्वियातेक ने फ्रेंच ओपन जीता था। इसके बाद राफेल नडाल एकेडमी गई थीं। यहीं से ईला ग्रेजुएशन कर रही थी। स्वियातेक ने ईला को सर्टिफिकेट दिया था। स्वियातेक ने अपनी स्पीच में कहा था- जो भी करना, उसमें अपना 100% देना। ईला ने स्वियातेक को दूसरी बार मात दी है। वे पिछले साल मियामी ओपन में भी स्वियातेक को हरा चुकी हैं। आज की जीत के बाद ईला ने कहा- ह्यस्कूल के बाद रफल्ड मोजे और लाइट वाले जूते पहनकर मैं रोज ट्रेनिंग के लिए जाती थी। आज की यह जीत बचपन की उस छोटी ईला, मेरे परिवार, मेरे देश और उन सभी लड़कियों के नाम है, जो बड़े सपने देखती हैं।

### ईला ने स्वियातेक को सीधे सेटों में हराया

युवा स्टार ईला ने लेडीज सिंगल्स में दुनिया की नंबर-3 की इगा स्वियातेक को 2 घंटे 15 मिनट तक चले मुकाबले में सीधे सेटों से हराया। पहले सेट में ईला ने टाईब्रेक के दौरान 2 सेट प्वाइंट बचाए और 7-6 (9) से बढ़त बना ली। ईला ने दूसरे सेट में उन्होंने आक्रामक खेल दिखाते हुए स्वियातेक को वापसी का कोई मौका नहीं दिया और 6-2 से सेट को अपने नाम किया। वे अब राउंड ऑफ 16 में 13वीं सीड जैस्मिन पाओलिनी का सामना करेंगी। पोलैंड की तीसरी वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने पिछले साल विंबलडन का खिताब जीता था। हार के बाद उन्होंने स्वीकार किया कि अहम मौकों पर ईला ने उनसे बेहतर खेल दिखाया।

### डेब्यू कैप मिलते ही रो पड़े वैभव सूर्यवंशी

वैभव सूर्यवंशी भारत के लिए डेब्यू करने वाले सबसे कम उम्र के क्रिकेटर बन गए। उन्होंने 15 साल 99 दिन में पहला मैच खेलकर सचिन तेंदुलकर और शेफाली वर्मा का रिकॉर्ड तोड़ दिया। मैनचेस्टर में तिलक वर्मा ने वैभव को डेब्यू कैप दी। इसके बाद वे भावुक होकर रो पड़े। हालांकि, उनका पहला इंटरनेशनल मैच जीत के साथ यादगार नहीं बन सका। इंग्लैंड ने 191 रन का टारगेट 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। यह टी-20 में भारत के खिलाफ इंग्लैंड का सबसे बड़ा रनचेज भी रहा। मुकाबले में कई यादगार मोमेंट्स और रिकॉर्ड्स देखने को मिले। वैभव इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले भारत के यंगेस्ट क्रिकेटर बने।

## बुमराह ने रेड बॉल से प्रैक्टिस शुरू की:इंस्टा पर शेयर की तस्वीरें; इंग्लैंड वनडे और श्रीलंका टेस्ट सीरीज पर नजर

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने रेड बॉल क्रिकेट की तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को उन्होंने अहमदाबाद में लाल एसजी बॉल से गेंदबाजी करते हुए तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं।

बुमराह आईपीएल से ब्रेक के बाद गुजरात डोमेस्टिक टीम के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं। उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से आराम दिया गया है। वे इंग्लैंड के खिलाफ 14 जुलाई से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज से इंटरनेशनल में वापसी कर रहे हैं। बुमराह ने आखिरी वनडे 19 नवंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड कप फाइनल में खेला था। इंग्लैंड सीरीज के साथ वह 968 दिन बाद वनडे क्रिकेट में वापसी करेंगे। इसके अलावा उन्हें एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम में जगह मिली है। वे अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में भी नहीं खेले थे। बुमराह ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 8 पारियों में 14 विकेट लेकर टूनामेंट के टॉप विकेट टेकर बने। उन्होंने फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 15 रन देकर 4 विकेट लिए थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



## बाबर 3 साल बाद पाकिस्तान टेस्ट टीम के कप्तान बने

एजेंसी ▸▸ कराची

बाबर आजम एक बार फिर पाकिस्तान टेस्ट टीम के कप्तान बनाए गए हैं। उन्हें दूसरी बार टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई है। जबकि, शान मसूद को टीम के खराब प्रदर्शन के कारण कप्तानी से हटा दिया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को टेस्ट टीम का ऐलान किया। पीसीबी के हाई-परफॉर्मेंस डायरेक्टर आकिब जावेद ने कहा- 'टीम बार-बार जीते हुए मैच गंवा रही है। शान मसूद की कप्तानी में लीडरशिप नजर नहीं आती है। पाकिस्तानी टीम इस महीने के अंत में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। पहला मैच 25 से तारौबा में और दूसरा मैच 2 अगस्त से पोर्ट ऑफ स्पेन में खेला जाएगा। इसके बाद पाकिस्तानी टीम इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। कप्तानी से हटाने के बाद शान मसूद टेस्ट टीम का हिस्सा हैं। आकिब जावेद ने कहा, 'शान का व्यक्तिगत प्रदर्शन अच्छा रहा, लेकिन कप्तान के रूप में वे टीम को नतीजे नहीं दिला सके। कप्तान की जिम्मेदारी सिर्फ टॉस तक सीमित नहीं होती, बल्कि मैच को खत्म करना, अ्रफ्र लेना और टीम को सही दिशा देना भी उसकी जिम्मेदारी है।'

**आवश्यकता है**

टाइपिस्ट की आवश्यकता है समय रात्रि 7:30 से 10:30 तक वेतन योग्यतानुसार।

संपर्क करें
एडवोकेट विजय पटेल
मीणा समाज धर्मशाला काजीपुरा अंकपत मार्ग उज्जैन
मोबाइल- 9301322699

**कार ड्रायवर चाहिये**

इंदौर का भरोसेमंद और प्रसिद्ध ब्रांड अब उज्जैन में

आज ही हमारे साथ ड्रायवर पार्टनर के रूप में रजिस्टर करें और अपनी सुविधा अनुसार काम करके अच्छी कमाई करें।

अभी संपर्क करें
Jomoride
9179179929, 8602299929

**इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।**

सीता श्री रेसीडेंसी
ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास
ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है
पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह ।
सीधे आनर से संपर्क करें ।
9669578652

**आवश्यकता**

छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.

संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**अवश्यकता है**

दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)

संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**बेचना है**

अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन

संपर्क
9111328540

**प्रवेश प्रारंभ**

आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026

सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**मकान बेचना है**

गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।

संपर्क
8717818385

**आवश्यकता है**

मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा

संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**

दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।

संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**किराए से देना है**

शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त

6267735937

**विज्ञप्ति**

क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।

चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**प्रॉपर्टी बेचना है**

प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस

संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**खरीदना / किराए से चाहीए**

उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए

संपर्क
9893374872

**रद्दी बेचना है**

अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है

संपर्क
7773077762

**आवश्यकता**

अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह

राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### सीएचएमओ कार्यालय के पीछे युवक का शव मिला, सिर पर पत्थर से वार के निशान मिले

**इंदौर।** सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में रविवार सुबह सीएचएमओ कार्यालय के पीछे एक अज्ञात युवक का शव मिला। युवक के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। शुरुआती जांच में पुलिस हत्या की आशंका जता रही है। पुलिस के मुताबिक घटना पालिका प्लाजा के पीछे स्थित मंदिर के ओटले की है। रविवार सुबह स्थानीय लोगों ने करीब 45 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मौके पर जांच के दौरान युवक के सिर पर पत्थर से वार किए जाने जैसे गंभीर चोट के निशान मिले। पुलिस का मानना है कि युवक की हत्या कर शव यहां फेंका गया हो सकता है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों में गुमशुदगी की जानकारी जुटाने के साथ उसकी शिनाख्त के प्रयास कर रही है। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है, ताकि आरोपी और घटनाक्रम का पता लगाया जा सके।

### बाइक के टूल बॉक्स में छिपा रखी थी एमडी ड्रग्स क्राइम ब्रांच ने 2 अंतरराज्यीय बदमाशों को पकड़ा

**इंदौर।** बाइक के टूल बॉक्स में एमडी ड्रग्स छिपाकर तस्करी के लिए ले जाने वाले दो अंतरराज्यीय बदमाशों को क्राइम ब्रांच ने धरदबोचा। उनके पास से 1 लाख 70 हजार रुपए कीमत की ड्रग्स सहित 2 लाख 10 हजार रुपए का माल जब्त किया। बदमाश राजस्थान से एमडी ड्रग्स लाकर इंदौर में बेचने की फिराक में घूम रहे थे। इंदौर क्राइम ब्रांच डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शहर में क्राइम ब्रांच की टीम लगातार ड्रग्स तस्करी करने वालों की तलाश कर उन पर कार्रवाई कर रही है। टीम को जानकारी मिली, जिस पर टीम ने टीसीएस चौराहा, नंदबाग मेन रोड पर घेराबंदी की। चेकिंग के दौरान टीम ने बाइक सवार दो संदिग्ध लोगों को रोका और उनसे पूछताछ की। इस पर वे घबराने लगे। टीम ने जब उनकी बाइक चेक की तो बाइक के टूल बॉक्स में एक ट्रांसपरेंट प्लास्टिक में 17 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली। पूछताछ में बदमाशों ने अपने नाम दीवान सिंह पिता रतन सिंह निवासी रतनपुरा खेड़ा, जिला झालावाड़, राजस्थान और लक्ष्मण सिंह पिता बुद्ध सिंह निवासी मोगरा भवानीमंडी, जिला झालावाड़ा, राजस्थान बताया।

### 35 दिन पहले ट्रेन हादसे में मृतक की हुई पहचान मुस्लिम रीति-रिवाज से दोबारा होगा अंतिम संस्कार

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर के घोंघसा में 29 मई की सुबह रेलवे ट्रैक पर मिले अज्ञात युवक के शव की 35 दिन बाद पहचान हो गई है। हादसे के समय शव का चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को अज्ञात मानकर दफना दिया था। घटना के 35 दिन बाद एक युवक सामने आया, जो हादसे के समय फरहान के साथ रेलवे ट्रैक पर मौजूद था। इस दुर्घटना में उसकी भी तीन उंगलियां कट गई थीं। युवक ने पुलिस को बताया कि उसके साथ मौजूद व्यक्ति फरहान था। इसके बाद पुलिस ने फरहान की तलाश शुरू की तो पता चला कि ट्रैक पर मिला अज्ञात शव उसी का था। सूचना मिलने पर पुलिस ने फरहान के बड़े भाई को बुलाया। चप्पल, हाथ पर बने टैटू और कपड़ों के आधार पर उन्होंने शव की पहचान फरहान के रूप में की। शिनाख्त के बाद परिजनों ने थाने में आवेदन देकर शव को कब्र से निकालकर मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार दोबारा दफनाने की अनुमति मांगी है।

### झाबुआ बस स्टैंड की धर्मशाला और दुकानें गिराने का ई-टेंडर जारी

**झाबुआ।** झाबुआ बस स्टैंड पर स्थित पुरानी धर्मशाला और उसमें संचालित 13 दुकानों को हटाने का विवाद अब निर्णायक मोड़ पर आ गया है। नगर पालिका प्रशासन ने जर्जर हो चुके इस पूरे भवन को जमींदोज करने के लिए ई-टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। दूसरी तरफ, प्रभावित दुकानदारों के पुनर्वास और हितों की रक्षा को लेकर आगामी 6 जुलाई को नगर पालिका परिषद का विशेष सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। भवन की खस्ताहाल स्थिति को देखते हुए नगर पालिका के सीएमओ मिलन पटेल द्वारा 2 जुलाई को ई-निविदा जारी की गई है, जिसमें टेंडर जमा करने की अंतिम तारीख 20 जुलाई तय की गई है। ठेका मिलने के 15 दिनों के भीतर सफल एजेंसी को यह जर्जर भवन गिराना होगा। इससे पहले, नगर पालिका ने 13 जून को इन सभी दुकानों को सील करते हुए इन्हें खाली करने का अल्टीमेटम दिया था, जिसकी समय सीमा अब समाप्त हो चुकी है। वर्तमान में एक दुकानदार ने स्वेच्छा से अपनी दुकान खाली कर दी है, जबकि तीन अन्य ने सामान हटाने के लिए प्रशासन से कुछ और समय मांगा है।

### बिजली पोल लगाते समय आउटसोर्स कर्मचारी की मौत, दो घायल

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर जिले के दरखड़ गांव में गुरुवार सुबह बिजली का पोल लगाते समय बड़ा हादसा हो गया। नए बिजली पोल खड़े करने के काम के दौरान एक भारी-भरकम खंभा अचानक गिर गया। हादसे में आउटसोर्स कर्मचारी मुखदार (25) निवासी दरखड़ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बिजली पोल लगाने का काम चल रहा था। इसी दौरान खंभा गिरने से तीन लोग करंट की चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल अमर सिंह और जागर सिंह को तत्काल आलीराजपुर जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां दोनों का इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि बिजली पोल लगाने का कार्य बिना सुरक्षा मानकों और बिजली विभाग के किसी जिम्मेदार अधिकारी की मौजूदगी के किया जा रहा था। घटना के बाद कार्यप्रणाली और सुरक्षा इंतजामों को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय स्तर पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि जिलेभर में बिजली कंपनी द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों से बिना पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों के काम कराया जा रहा है।

### छह माह में जिले के 327 लोगों ने सड़क हादसों में गंवाई जान, फिर भी नहीं सुधर रहे हालात

**धार।** देश में हर तीन मिनट में एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो रही है और इस भयावह स्थिति को बदलने के लिए सड़क सुरक्षा को जनआंदोलन बनाना होगा। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने बुधवार को धार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में ये बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि हेलमेट और सीट बेल्ट केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि जीवन बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम हैं। न्यायमूर्ति सप्रे ने कलेक्टर कार्यालय में आयोजित बैठक में जिले में पिछले पांच वर्षों के सड़क हादसों, ब्लैक स्पाट्स और सड़क सुरक्षा उपायों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर राजीव रंजन मीणा, एसपी सचिन शर्मा, अपर कलेक्टर संजीव केशव पांडेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### धार के गंगा महादेव क्षेत्र में प्राचीन पांडवकालीन मंदिर को तोड़फोड़ कर ढहाया, ग्रामीणों में आक्रोश

**धार।** जिले के प्रसिद्ध पांडवकालीन माने जाने वाले धार्मिक स्थल गंगा महादेव क्षेत्र स्थित सदियों पुराने पुरातात्विक महत्व के प्राचीन मंदिर में बीती रात अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा तोड़फोड़ कर उसे ढहा दिए जाने की घटना सामने आई है। इससे क्षेत्र में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक धरोहर को आघात पहुंचा है। काले पत्थरों से निर्मित यह प्राचीन स्तंभनुमा मंदिर अपनी अनूठी शिल्पकला और ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है। बीती रात अज्ञात लोगों ने मंदिर परिसर में तोड़फोड़ कर संरचना को क्षति पहुंचाई, जिससे मंदिर का अधिकांश हिस्सा ढह गया। घटना की जानकारी सुबह ग्रामीणों को लगी, जिसके बाद बड़ी संख्या में सुल्तानपुर सहित आसपास के गांवों के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर अमझेरा थाना प्रभारी राजू मकवाना एवं नायब तहसीलदार काशीराम वास्केल सहित प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। स्थानीय लोगों का प्रारंभिक अनुमान है कि अज्ञात लोगों ने गड़े धन के लालच में इस प्राचीन मंदिर को निशाना बनाया होगा। इसी उद्देश्य से मंदिर परिसर में तोड़फोड़ कर संरचना को क्षति पहुंचाई गई। बताया जा रहा है कि मंदिर के आसपास कुछ स्थानों पर पेड़ों के कटे होने के निशान भी पाए गए हैं।

---

इंदौर-दाहोद रेल परियोजना में तेजी: टनल का काम सितंबर तक पूरा होने की संभावना

# पातालपानी से कालाकुंड का रोमांचक ट्रेन सफर फिर शुरू होगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पश्चिम रेलवे अगस्त महीने से इंदौर के पास प्रसिद्ध पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन का संचालन दोबारा शुरू करने जा रहा है, इसके कोच फिलहाल मेंटेनेंस के लिए बीकानेर भेजे गए हैं।



**पर्यटकों को अगस्त में मिलेगी सौगात**

इंदौर और आसपास के पर्यटन प्रेमियों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। पश्चिम रेलवे द्वारा आगामी अगस्त महीने से पातालपानी और कालाकुंड के बीच प्रसिद्ध हेरिटेज ट्रेन का संचालन दोबारा शुरू करने की तैयारी की जा रही है। वर्तमान में इस विशेष ट्रेन के कोचों को मेंटेनेंस कार्य के लिए बीकानेर भेजा गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि जुलाई के अंत तक ये सभी कोच वापस लौट आएंगे, जिसके तुरंत बाद अगस्त में पर्यटकों के लिए इस सेवा को बहाल कर दिया जाएगा।

इसके साथ ही इंदौर-दाहोद नई रेल परियोजना को लेकर भी एक महत्वपूर्ण अपडेट आया है। टीही के आगे बनाई जा रही टनल का निर्माण कार्य आगामी सितंबर महीने तक हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा। टनल का काम खत्म होने के ठीक बाद कमिश्नर रेलवे सेफ्टी यानी सीआरएस द्वारा इस पूरे रूट का बारीकी से इंस्पेक्शन किया जाएगा। सीआरएस से आवश्यक सुरक्षा क्लीयरेंस सर्टिफिकेट मिलने के बाद, बहुत जल्द धार तक ट्रेनों का नियमित संचालन शुरू करने का रास्ता साफ हो जाएगा।

#### महाकाल और सिंहस्थ को लेकर पश्चिम रेलवे की विशेष प्राथमिकताएं

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक रामाश्रय पांडेय ने स्पष्ट किया है कि पर्यटन और धार्मिक महत्व से जुड़े तमाम रेल प्रोजेक्ट्स को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। उज्जैन में होने वाले आगामी सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखते हुए रेलवे अभी से कई स्तरों पर बड़ी योजनाएं तैयार कर रहा है। हाल ही में उन्होंने इंदौर और उसके आस-पास के क्षेत्रों में चल रहे विभिन्न रेल प्रोजेक्टों की विस्तृत समीक्षा बैठक भी की। इस उच्च स्तरीय समीक्षा में इंदौर-दाहोद परियोजना, टीही टनल और महू-खंडवा गेज कन्वर्जन प्रोजेक्ट की प्रगति का जायजा लिया गया। उन्होंने मौके पर मौजूद सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सारे प्रोजेक्ट्स पर तेजी से काम किया जाए और इन्हें तय समय सीमा के भीतर ही पूरा किया जाए।

---

इंदौर बना साइबर सुरक्षा का अग्रदूत, ट्रैफिक नियमों के पालन का दिया संदेश

# सेफ क्लिक 2.0 मैराथन में जुटे हजारों प्रतिभागी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आमजन को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सैफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा लगातार नवाचारपूर्ण जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इंदौर नगरीय पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने 5 जुलाई 2026 को प्रातः 6 बजे नेहरू स्टेडियम, इंदौर से एक भव्य साइबर जागरूकता मैराथन का आयोजन किया गया।

मैराथन का शुभारंभ पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह और उद्योगपति विनोद अग्रवाल ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं अतिथियों की साथ हरी झंडी दिखाकर कियाा।

इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा आयोजित इस इस मैराथन में 6,080 से अधिक इंदौरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 6 किलोमीटर की इस मैराथन में नेहरू स्टेडियम से जीपीओ, नवलखा, भंवरकुआं चौराहा होते हुए पुनः नेहरू स्टेडियम तक निर्धारित मार्ग में बच्चों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं पुलिसकर्मियों ने साइबर अपराधों के विरुद्ध जागरूकता का संदेश देते हुए पूरे जोश के साथ दौड़ लगाई और समाज को यह संदेश




दिया कि सेफ क्लिक, सुरक्षित जीवन।

**प्रतिभागियों के लिए विशेष जुंबा सत्र का आयोजन-** मैराथन प्रारंभ होने से पूर्व प्रतिभागियों में उत्साह एवं ऊर्जा का संचार करने के लिए विशेष जुंबा सत्र का आयोजन भी किया गया। प्रशिक्षकों के निर्देशन में हजारों प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक जुंबा कर स्वयं को फिटनेस और साइबर जागरूकता के इस अभियान से जोड़ा। इस अनूठी पहल ने कार्यक्रम में और अधिक जोश एवं ऊर्जा का संचार किया। सभी अतिथियों एवं अधिकारियों ने स्वयं भी मैराथन में भाग लेकर नागरिकों को साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। इंदौर पुलिस का यह आयोजन केवल एक मैराथन नहीं, बल्कि साइबर सुरक्षित समाज के निर्माण की दिशा में एक जन-आंदोलन बनकर उभरा, जिसमें हजारों नागरिकों ने एकजुट होकर डिजिटल सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाने का संकल्प लिया।

#### पुलिस कमिश्नर ने दिलाई साइबर सुरक्षा की शपथ

- मैराथन प्रारंभ होने से पूर्व पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने सभी अतिथियों, अधिकारियों एवं प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई। सभी ने संकल्प लिया कि वे स्वयं साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहेंगे तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करेंगे। उद्योगपति विनोद अग्रवाल ने भी अपने उद्बोधन द्वारा प्रतिभागियों को सायबर अपराध के प्रति सजग रहने की बात कही।
- इस अवसर पर एडिशनल कमिश्नर मयंक अवस्थी, एडिशनल कमिश्नर आरके सिंह, डीसीपी अभिषेक रंजन, डीसीपी क्राइम राजेश कुमार त्रिपाठी, एडिशनल डीसीपी ओमप्रकाश, एडिशनल डीसीपी मीना चौहान, एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया, मेदांता हॉस्पिटल के डॉ. भरत रावत, सीए संकेत भंडारी, नितिन चतुर्वेदी सहित एसीपी, थाना प्रभारी और अन्य अधिकारीगण और इंदौर के जागरूक नागरिक उपस्थित रहे।

---

# रेंजर पर दुष्कर्म की एफआईआर

10 महीने पहले इंस्टाग्राम पर हुई थी पहचान इसके बाद होटल में बनाए शारीरिक संबंध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

आजाद नगर थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि आरोपी रेंजर है और महाराष्ट्र में ट्रेनिंग कर रहा है। दोनों की पहचान इंस्टाग्राम पर हुई थी। इसके बाद आरोपी इंदौर आया और युवती से शारीरिक संबंध बनाए। बाद में उसने शादी करने से इनकार कर दिया।

आजाद नगर पुलिस ने बताया कि 26 वर्षीय युवती की शिकायत पर पुलिस ने अजय पुत्र अशोक सोलंकी, निवासी ग्राम वजहर, जुलवानिया, जिला बड़वानी के खिलाफ शनिवार को दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी अजय रेंजर है और महाराष्ट्र में ट्रेनिंग कर रहा है।

करीब 10 महीने पहले दोनों की पहचान इंस्टाग्राम पर हुई थी, जिसके बाद उनकी बातचीत शुरू हुई। कुछ समय पहले अजय युवती से मिलने इंदौर के आजाद नगर क्षेत्र आया और उसे एक होटल में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाए। बाद में उसने शादी करने से इनकार कर दिया।

दोनों परिवारों के बीच भी बातचीत हुई, लेकिन मामला नहीं सुलझा। इसके बाद युवती ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

#### दो बच्चों की मां से दुष्कर्म

तेजाजी नगर पुलिस ने 32 वर्षीय महिला की शिकायत पर एक आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। महिला के पति की मौत हो चुकी है। आरोपी से उसकी पहचान काम के दौरान हुई थी। तेजाजी नगर पुलिस ने बताया कि खंडवा रोड क्षेत्र में रहने वाली महिला की शिकायत पर उमेश सोनवाने, निवासी देवास नाका, के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, महिला के पति का निधन हो चुका है। वह एक कपड़ों की दुकान पर काम करती है। अगस्त 2024 में उसकी पहचान उमेश से हुई थी, जिसके बाद दोनों के बीच दोस्ती हो गई।

---

सलमान हत्याकांड का अंतिम फरार आरोपी नौशाद भी गिरफ्तार

# उज्जैन में पकड़ाया, पुलिस ने निकाला जुलूस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पीथमपुर

सागौर थाना क्षेत्र के चर्चित सलमान हत्याकांड में फरार चल रहे मामले के सातवें और अंतिम मुख्य आरोपी नौशाद पिता करमशाह को पुलिस ने उज्जैन से गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में छह अन्य आरोपियों को पहले ही पकड़ा जा चुका है।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी नौशाद को रविवार को साक्ष्य जुटाने और मौका-मुआयना कराने के लिए मृतक सलमान के घर के सामने लेकर पहुंची। इस दौरान जब पुलिस आरोपी को गली से लेकर गुजरी, तो उसे देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और मृतक



के परिजन एकत्रित हो गए। इलाके में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। मृतक सलमान के पिता शमशुद्दीन पटेल और अन्य परिजनों ने पुलिस प्रशासन की इस तुरंत कार्रवाई की सराहना की है। शमशुद्दीन पटेल ने कहा कि पुलिस ने जिस तत्परता से अंतिम फरार आरोपी को गिरफ्तार किया और उसका जुलूस निकाला, उससे कानून पर उनका भरोसा और मजबूत हुआ है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन और न्यायालय से गुहार लगाई है कि उनके बेटे के सभी हत्यारों को जल्द से जल्द फांसी की सजा दी जाए, ताकि उन्हें पूर्ण न्याय मिल सके। मामले की पुष्टि करते हुए सागौर के थाना प्रभारी प्रकाश सरोदे ने बताया कि आरोपी नौशाद घटना के दिन से ही फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारुल बेलापुरकर और सीएसपी रवि सोनेर के मार्गदर्शन में विशेष टीमें गठित की गई थीं।

---


दंपती के बीच चल रहा था विवाद, परिजनों ने जताया संदेह, पुलिस जांच में जुटी

# लव मैरिज के दो महीने बाद युवक ने किया सुसाइड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मल्हारगंज थाना क्षेत्र में 20 साल के एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने दो महीने पहले ही प्रेम विवाह किया था। शुरूआती जांच में पति-पत्नी के बीच विवाद की बात सामने आई है, जबकि परिजनों ने पूरे घटनाक्रम पर संदेह जताया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान राजू (20) पुत्र भागीरथ वर्मा, निवासी हुजुरगंज के रूप में हुई है। शनिवार शाम परिजनों को



सूचना मिली कि राजू ने अपने घर में फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही परिवार मौके पर पहुंचा। परिजनों ने बताया कि राजू ने करीब दो महीने पहले प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद पति-पत्नी परिवार से अलग रह रहे थे। राजू एक प्रिंटिंग प्रेस में काम करता था।

मृतक के भाई कुणाल ने आत्महत्या के मामले में संदेह जताते हुए पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था और कई बार परिवार के लोगों ने दोनों को समझाने का प्रयास भी किया था। मल्हारगंज पुलिस का कहना है कि मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों और अन्य संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

---

# दंपती पर 9 लाख की धोखाधड़ी और धमकाने को लेकर एफआईआर दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

**प्लॉट बेचकर कब्जा नहीं दिया**

द्वारकापुरी थाना पुलिस ने प्लॉट बेचने के बाद कब्जा नहीं देने और खरीदार को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पति-पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, वेंकटेश विहार निवासी राजेंद्र चौहान ने शिकायत में बताया कि उन्होंने दलाल प्रेम नारायण प्रजापति की मध्यस्थता से ग्राम सिरपुर स्थित गुरुशंकर नगर सेक्टर-एफ में 600 वर्गफीट का प्लॉट मनोज तिवारी और उनकी पत्नी ऋतु तिवारी से 9.10 लाख रुपए में खरीदा था। 10 जनवरी 2024 को नोटरी के माध्यम से सौदा हुआ था। फरियादी का दावा है कि भुगतान गवाहों की मौजूदगी में किया गया था, जिसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी है। शिकायत के मुताबिक 23 मार्च 2025 को जब वह अपने भाई के साथ प्लॉट पर निर्माण कार्य शुरू कराने पहुंचा, तब मनोज तिवारी और ऋतु तिवारी मौके पर पहुंचे और निर्माण रुकवा दिया। आरोप है कि दोनों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद मनोज तिवारी और ऋतु तिवारी के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

# एटीएम में पैसा डालने के दौरान निकाल लेते थे कैश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूड़िया थाना क्षेत्र में 40 लाख रुपए की अमानत में खयानत का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बैंकों के एटीएम में पैसा जमा करने वाले दो कर्मचारियों ने ही कड़ी सुरक्षा के बीच एटीएम में नकदी जमा कराने के दौरान नोट निकालना शुरू कर दिया। पिछले छह महीने से वे इस तरह पैसे निकाल रहे थे। उन्हें लगा था कि वे पकड़े नहीं जाएंगे, लेकिन ऑडिट में उनका राज खुल गया और वे पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

पूछताछ में पता चला कि उन्होंने ऑनलाइन गेमिंग और ऑनलाइन आईपीएल सट्टे में पैसा गंवा दिया। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया तो उनके पास से केवल 2 लाख रुपए बरामद हुए। अब पुलिस बाकी रकम की तलाश में जुटी है।

**कड़ी सुरक्षा के बीच निकाल लेते थे रुपए-** एसीपी पराग सैनी ने बताया कि मामला सीएमएस कंपनी का है। इसमें दो कर्मचारी अभिषेक और दीपक काम करते हैं, जिन्हें कस्टोडियन कहा जाता है। दोनों पिछले एक साल से कंपनी में कार्यरत थे। वे रोजाना सुरक्षा के बीच नोटों से भरी पेटी कार में लेकर एटीएम तक जाते और उसमें नकदी जमा करते थे। पैसों को देखकर उनकी नीयत बिगड़ गई। एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरों, गार्ड और गाड़ी में मौजूद गनमैन के बावजूद दोनों एटीएम में पैसा जमा करते समय नोट निकालने लगे।

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियाँ व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com